लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस

लखनऊ | वर्षः 16 | अंकः 108 | मूल्यः ₹3.00/- | पेज : 12 | गुरुवार | 30 जनवरी, 2025



### भगदड़ की 2 प्रमुख वजहें

अमृत स्नान की वजह से ज्यादातर पांटून पुल बंद थे। इसके कारण संगम पर पहुंचने वाली करोड़ों की भीड़ इकट्ठा होती चली गई। जिससे बैरिकेड्स में फंसकर कुछ लोग गिर गए। यह देखकर भगदड़ की अफवाह फैल गई।

संगम नोज पर एंट्री और एग्जिट के रास्ते अलग-अलग नहीं थे। लोग जिस रास्ते से आ रहे थे, उसी रास्ते से वापस जा रहे थे। ऐसे में जब भगदड़ मची तो लोगों को भागने का मौका नहीं मिला। वे एक-दूसरे के ऊपर गिरते गए।

# भीड़ का भयावह मंजर

## मौनी अमावस्या पर 30 जिंदगियां हमेशा के लिए 'मौन'

**महाकुंभ की ग्राउंड रिपोर्ट**

संतोष कुमार दीक्षित

महाकुंभ में मौनी अमावस्या स्नान के लिए उमड़ी भीड़ के कारण संगम नोज पर मंगलवार की देर रात करीब डेढ़ बजे बैरिकेडिंग टूट गई। इस दौरान हादसे में 30 श्रद्धालुओं की मौत हो गई, जबकि 60 लोग जख्मी हो गए। फिलहाल 36 घायलों का एसआरएन अस्पताल में उपचार चल रहा है, जबकि अन्य को उपचार के बाद परिजन साथ ले गए। मृतकों में 25 की पहचान हो चुकी है, जबकि पांच के लिए पुलिस प्रशासन की ओर से प्रयास किए जा रहे हैं। मृतकों में प्रयागराज के अलावा कर्नाटक, गुजरात, बिहार, असम झारखंड, कोलकाता के श्रद्धालु शामिल हैं। मोर्चरी पहुंचे मृतकों के परिजनों ने बताया कि बड़ी संख्या में लोग मौनी अमावस्या स्नान के लिए संगम नोज की ओर बढ़ रहे थे। वह पोल नंबर 11 से 17 के बीच थे, तभी अचानक बहुत तेज गति में पीछे से भीड़ का रेला आया। कुछ लोग संभल नहीं सके और नीचे गिर पड़े।





### एंबुलेंस की आवाज, चीख-पुकार और बिखरा सामान

बुधवार रात मौनी अमावस्या पर करीब दो बजे ब्रह्म मुहूर्त में संगम स्नान के लिए पिलर नंबर 155 पर भारी भीड़ पहुंची थी। इस दौरान संगम स्नान करते समय कुछ महिलाएं बेहोश हो गईं। इसके बाद फैली अफवाह से भगदड़ मच गई। भीड़ दोनों ओर से आ-जा रही थी, इस कारण धक्का-मुक्की के बीच कुछ लोग नीचे गिर गए और फिर उठ नहीं सके। प्रत्यक्षदर्शियों की मानें तो धक्का-मुक्की के बीच नीचे गिरे लोगों को भीड़ रौंदते हुए आगे बढ़ती गई। हादसे की जानकारी मिलते ही करीब दो दर्जन एंबुलेंस मौके पर पहुंचीं और घायलों को अस्पताल पहुंचाया।

### कमिश्नर करते रहे अनाउंसमेंट, भीड़ नहीं मानी

संगम घाट पर मौजूद कमिश्नर विश्वास पंत का वीडियो सामने आया है, जिसमें वह भीड़ को बार-बार आगाह करते हुए कह रहे हैं कि घाटों पर न सोएं। यहां सोते रहने से कोई फायदा नहीं है क्योंकि जो सोवत है, वह खोवत हैज। इसीलिए उठो और स्नान करो, सुरक्षित रहो। वह कह रहे हैं कि और भी लोग आएंगे, तो भगदड़ मचने का अंदेशा है। जो लोग पहले आ गए हैं, उन्हें पहले स्नान करके चले जाना चाहिए। वह लगातार अपील कर रहे हैं कि जो पहले आ गए हैं, वे सोए नहीं बल्कि उठें और जल्दी स्नान करें।

### किसी ने खोया पति, किसी ने पिता

महाकुंभ में मची भगदड़ के बाद अभी भी कई लोग लापता हैं। जगह-जगह अनाउंसमेंट हो रहे हैं। परिजन भीड़ के बीच अपनों को तलाश रहे हैं। उन्हें डर है कि कहीं उनके अपने भगदड़ में जान तो नहीं गंवा बैठे। महाकुंभ में पहुंची एक महिला ने बताया कि सुबह से पति को खोजते-खोजते उनकी आंखें पथरा गई हैं, लेकिन उनके पति का अभी अता-पता नहीं चला है। खोज-पाया केंद्रों पर भी वे नहीं मिले हैं। भगदड़ के दौरान अचानक उनका हाथ छूट गया था।

प्रयागराज महाकुंभ में हुआ हादसा अत्यंत दुखद है। इसमें जिन श्रद्धालुओं ने अपने परिजनों को खोया है, उनके प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं। इसके साथ ही मैं सभी घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं।
–नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

महाकुंभ में हुए दुखद हादसे से अत्यंत दुखी हूं। इस दुर्घटना में जिन लोगों ने अपनों को खोया है, उनके प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त करता हूं। ईश्वर उन्हें यह दुख सहने की शक्ति दे।
–अमित शाह, केंद्रीय गृह मंत्री

प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ में हुई दुर्घटना अत्यंत पीड़ादायक है। इस हादसे में जिन्होंने अपनों को खोया है, उन शोकाकुल परिजनों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं हैं। इसके साथ ही सभी घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं।
–राजनाथ सिंह, रक्षा मंत्री

महाकुंभ में हुए दु:खद हादसे से मन अत्यंत व्यथित है। घटना में पीड़ित परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करता हूँ और घायल श्रद्धालुओं के शीघ्र स्वास्थ्य होने की कामना। मुख्यमंत्री योगी और स्थानीय प्रशासन से संपर्क में हूँ।
–जेपी नड्डा, राष्ट्रीय अध्यक्ष, बीजेपी

### सड़क किनारे बैरिकेडिंग तोड़कर आगे भागे लोग

भगदड़ से पहले का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें स्नान के लिए पहुंचे लोग बैरिकेडिंग को फलांग कर भागते नजर आ रहे हैं। दरअसल, व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन की ओर से सड़क किनारे बैरिकेड लगाए गए थे, ताकि लोग कतारबद्ध सीधे चल सकें। मगर आगे बढ़ने की चाह में भीड़ ने बैरिकेड तोड़ दिए। ऐसा ही हादसा बुधवार तड़के हुआ जब भीड़ आगे बढ़ने के चक्कर में श्रद्धालु दौड़ने लगे, जिसके बाद भगदड़ मच गई और घाट किनारे आराम कर रहे लोग सोते ही रह गए।

### हादसे के बाद सख्ती, बाहरी वाहनों की नो एंट्री

प्रयागराज के महाकुंभ में भगदड़ के बाद बाहरी जिलों के वाहनों पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। पड़ोसी जिलों की सड़कें ब्लॉक कर दी गई हैं। महाकुंभ में भगदड़ के बाद वहां जाना अब मुश्किल हो गया है। प्रयागराज की सीमाएं बाहरी गाड़ियों के लिए सील कर दी गई हैं।

### जहां घाट मिले वहीं करें स्थान: योगी

महाकुंभ में हुई भगदड़ के बाद सीएम योगी ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि वह संगम जोन में जाने के बजाय निकट के घाट पर स्नान कर लें। सीएम योगी ने कहा है कि स्नान के लिए कई घाट बनाए गए हैं। लोग वहां स्नान कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि इस मामले में प्रशासन के नियमों का ध्यान रखें और किसी प्रकार की अफवाह में न आएं। राज्य सरकार स्थिति से सक्रिय रूप से निपट रही है। तीर्थयात्रियों धैर्य बनाए रखें। स्थिति नियंत्रण में है।
–योगी आदित्यनाथ, सीएम

▶ संबंधित खबर पेज 03 पर
























## एक्सप्रेस खबरें...

### मजदूर ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**जन एक्सप्रेस/उरई।** डकोर कोतवाली क्षेत्र के बंधौली में गरीब मजदूर ने पशुबाड़े में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। डकोर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बंधौली निवासी रामकृपाल 42 वर्ष मजदूरी करने के साथ ही पशुपालन का काम करता था। इसी से वह परिवार का घर खर्च चलाता था, जबकि उसके दो पुत्र गुजरात में रहकर मजदूरी करते हैं। बताया गया कि बुधवार की सुबह वह घर से निकला और गांव के बाहर पशुबाड़े में रस्सी से फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। जब वहां से कुछ ग्रामीण निकले तो उन्होंने उसके शव को फांसी के फंदे पर लटका हुआ देखा तो उनमें हड़कंप मच गया। ग्रामीणों ने सूचना उसके परिजनों को दी। पति की मौत होने की खबर मिलते ही पत्नी मानकुंवर बेसुध हो गई। वहीं सूचना के बाद मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी शशिकांत चौहान ने खुदकुशी को लेकर ग्रामीणों से पूछताछ की, लेकिन कोई भी इसका कारण नहीं बता सका है। इसके बाद उन्होंने शव को कब्जे में लिया और पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फिलहाल पुलिस द्वारा मामले की हर पहलू पर जमीनी स्तर से जांच पड़ताल की जा रही है।

### पीड़ित महिला ने डीएम को दिया शिकायती पत्र, पिता पुत्रों पर मंढ़े आरोप

**जन एक्सप्रेस/उरई।** पीड़ित महिला ने बुधवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर डीएम को शिकायती पत्र दिया। जिसमें पिता पुत्रो सहित आधा दर्जन से अधिक लोगों पर मारपीट करने के अलावा दुकान का ताला तोड़कर लूटपाट करने का भी आरोप लगाया। जालौन कोतवाली के मोहल्ला जोशियाना निवासी अनुभा पत्नी कुलदीप ने बुधवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर डीएम राजेश कुमार को शिकायती पत्र दिया। जिसमें आरोप लगाते हुए बताया कि बीते दिन 22 जनवरी को वह अपने घर के गृह कार्य कर रही थी। तभी रंजिश मानने वाले लल्लू सोनी उर्फ चंद्र प्रकाश, अरविंद सोनी, शैलेंद्र सोनी अनुराग के अलावा पांच अज्ञात लोग पीड़िता के घर आकर गाली गलौज करने लगे। इतना ही नहीं विरोध करने पर एक राय हुए सभी लोगों ने लात घुसो से उसकी मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान शोरगुल सुनकर मोहल्ले के लोग मौके पर आ गए और उन्होंने किसी तरह दमगो के कब्जे से पीड़िता को बचाया। आरोप है कि हमलावरों ने दुकान का ताला तोड़कर उसमें रखे करीब 30 हजार रुपए का सामान को भी लूट ले गए। फिलहाल डीएम ने शिकायती पत्र के आधार पर जांच पड़ताल करवरकर उसे न्याय दिलाने का भरोसा दिलाया।

### दहेज हत्या के आरोपी को तीन साल की कैद

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** दहेज हत्या के मामले में दोष सिद्ध होने पर त्वरित न्यायालय ने आरोपी को तीन वर्ष कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 7,000 रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी गोपालदास ने बताया कि बीती 21 अगस्त 2020 को बांदा जिले के कमासिन थाने के लोहरा गांव के निवासी बद्री प्रसाद त्रिपाठी ने पहाड़ी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। शिकायतकर्ता के अनुसार उसकी बेटी वैष्णवी देवी को ससुरालीजनों ने दहेज के लिए प्रताड़ित किया और दहेज की मांग पूरी न होने पर फांसी लगाकर जान से मार डाला। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज करने के बाद आरोपियों को एक सप्ताह बाद गिरफ्तार कर लिया था। साथ ही न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था। बचाव और अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद बुधवार को त्वरित न्यायालय के अपर जिला जज नीरज कुमार श्रीवास्तव ने इस मामले में निर्णय सुनाया। जिसमें दोष सिद्ध होने पर आरोपी सुनील दत्त गर्ग को तीन वर्ष कारावास के साथ 7,000 रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

### मनाई गई गणतंत्र दिवस की वर्षगांठ

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** गणतंत्र दिवस की वर्षगांठ जिला मुख्यालय के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी धूमधाम से मनाई गई। जिसमें खण्डेहा गांव में सरकारी व गैरसरकारी विद्यालयों में ध्वजारोहण किया गया। खण्डेहा चैकी में चैकी प्रभारी उपनिरीक्षक शिवपूजन सिंह ने ध्वजारोहण किया। इस मौके पर वरिष्ठ पत्रकार राजेन्द्र शुक्ला, रामबहोरी केशरवानी, राजेन्द्र बलुआ, रोहित बलुआ, मनीष यादव एवं नंदलाल आदि मौजूद रहे। इसके अलावा आर्यावर्त बैंक खण्डेहा में शाखा प्रबंधक शैलेन्द्र सिंह ने ध्वजारोहण किया।

# चित्रकूट के होल्डिंग एरिया में रोके गए प्रयागराज जा रहे लाखों श्रद्धालु

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



प्रयागराज में दिव्य महाकुम्भ में अपार भीड़ हो जाने के कारण उत्तर प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार प्रयागराज जाने वाले मार्गों को सील कर देने के कारण नगर पंचायत राजापुर के यमुना तुलसी सेतु के पास बने आश्रय स्थल व होल्डिंग एरिया में कई प्रान्तों के श्रद्धालुओं के ठहरने व भोजन आदि की व्यवस्था उपजिलाधिकारी राजापुर आलोक सिंह तथा नगर पंचायत अध्यक्ष संजीव मिश्रा के द्वारा की गई है। वहीं रोके गये श्रद्धालुओं की जान -माल की सुरक्षा की कमान क्षेत्राधिकारी राजापुर जयकरण सिंह व प्रभारी निरीक्षक राजापुर मनोज सिंह ने संभाल रखी है बताते चले कि प्रयागराज में दिव्य और भव्य महाकुम्भ के दूसरे शाही स्नान मौनी अमावस्या के दिन संगम नगरी में कई करोड़ की अपार भीड़ पहुंच जाने के कारण अचानक भगदड़ मच जाने के कारण जिलाधिकारी प्रशासन द्वारा बेरिकेटिंग लगाकर प्रयागराज जाने वाले बार्डर को सील कर दिया गया हैं और लोग अपने निजी वाहन और पैदल इधर-उधर भटकते रहे स्थानीय प्रशासन द्वारा इधर-उधर भटकते हुए श्रद्धालुओं को होल्डिंग एरिया में पहुंचाया। रुके हुए कई प्रांतो के श्रद्धालुओं ने होल्डिंग एरिया से पैदल चलकर पवित्र यमुना नदी के तुलसी घाट में आस्था की डुबकी लगाई और कई घंटे लोग जाम में फंसे रहे दोपहर बाद पुलिस प्रशासन की कड़ी मसक्त से जाम खुला, जाम खुलने के बाद वाहनों का आवागमन शुरु हुआ।

नगर पंचायत अध्यक्ष संजीव मिश्रा व अधिशाषी अधिकारी बालकृष्ण गौतम ने बताया कि तीन हजार श्रद्धालुओं को राजापुर में पूर्व से बने दोनों होल्डिंग एरिया के आश्रय स्थल बनाकर प्रशासन व नगर पंचायत के द्वारा सम्पूर्ण सुविधाएं दी जा रही हैं और आस्थावान श्रद्धालुओं के द्वारा पूरा सहयोग किया जा रहा हैं। उपजिलाधिकारी आलोक सिंह ने बताया कि राजापुर में दो होल्डिंग एरिया में विश्राम स्थल बनाया गया हैं जिसमें यमुना सेतु के पास नायब तहसील पारुल सिंह परिहार, राजस्व निरीक्षक राजेंद्र सिंह, सदर लेखपाल प्रदीप तिवारी, प्रियंका शुक्ला, जगरूप, चन्द्रिका प्रसाद, चंद्रप्रकाश, शीलू राठौर को तथा द्वितीय स्थल में तहसीलदार विजय यादव,राजस्व निरीक्षक कैलाश शुक्ला ,मुनेन्द्र सिंह , कपिलमुनि पाण्डेय, शिवांश आदि लेखपालों को लगाया गया हैं जो यात्रियों के ठहरने तथा भोजन की व्यवस्था करेंगे वहीं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की टीम दोनों होल्डिंग स्थलों में लगाई गई हैं प्रथम स्थल में डॉक्टर अजीत शर्मा, फार्मासिस्ट जितेंद्र सिंह तथा दूसरे स्थल में मेडिकल मोबाइल यूनिट टीम लगाई गई हैं वही पहाड़ी विकास खण्ड अधिकारी संजय पाण्डेय, सचिव महेंद्र पाण्डेय, सचिव मनीष पाण्डेय सरधुवा प्रधान कमलेश प्रजापति व मनोज सिंह के द्वारा यात्रियों को भोजन कराया जा रहा हैं । गुजरात प्रान्त के अहमदाबाद निवासी रणछोड़ भारती गोस्वामी ने बताया कि दिव्य महाकुम्भ जो कई वर्षों में प्रयागराज में पड़ा हैं जिसमें श्रद्धा की डुबकी लगाने के लिए आए थे लेकिन अपार भीड़ हो जाने के कारण राजापुर में तहसील प्रशासन व पुलिस प्रशासन के द्वारा रोक दिया गया हैं जहां प्रशासन द्वारा सम्पूर्ण सुविधाएं की गई हैं जिसकी हम लोग सराहना करते हैं और राजस्थान के भीलवाड़ा निवासी लेरूहु ने बताया कि हम अपने निजी वाहन से आठ लोग संगम स्नान करने के लिए बड़े श्रद्धा भाव के साथ निकले थे लेकिन प्रयागराज के संगम क्षेत्र में कई करोड़ श्रद्धालुओं के पहुंच जाने के कारण प्रशासन द्वार जो व्यवस्था की जा रही हैं वह जान माल की सुरक्षा के लिए हैं जिसका हम समर्थन करते हैं। वहीं मध्य प्रदेश के दमोह निवासी गुड्डा विश्वकर्मा ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा अपार भीड़ को देखते हुए जो श्रद्धालुओं को जो सुविधा तहसील प्रशासन के द्वारा की गई हैं जिसमें मेडिकल टीम, भोजन व्यवस्था, नाश्ता आदि की व्यवस्था की गई है और किसी भी श्रद्धालु को कोई असुविधा नहीं महसूस हो रही है।

## वीरेन्द्र को बनाया गया मानिकपुर बसपा विधानसभा अध्यक्ष




**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

बहुजन समाज पार्टी ने माकिनपुर विधानसभा अध्यक्ष मवईकलां निवासी वीरेंद्र कुमार वीरन पासी को बनाया है। बुधवार को पार्टी कार्यालय में जिलाध्यक्ष उन्हें नियुक्ति पत्र प्रदान किया। बसपा जिलाध्यक्ष अधिवक्ता शिवबाबू वर्मा ने बताया कि बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्देश पर संगठन को मजबूत करने के लिए निष्ठावान कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी जा रही है। इसी क्रम में मुख्य सेक्टर प्रभारी प्रभारी मंडल बांदा मुकेश अहिरवार, बलदेव प्रसाद वर्मा, कपिल देव वर्मा, मंडल प्रभारी बांदा मानसिंह कुशवाहा व जिला प्रभारी रावेंद्र कुमार वर्मा की सहमति मवई कलां निवासी वीरेंद्र कुमार वीरन पासी को विधानसभा 237 मानिकपुर का विधानसभा अध्यक्ष घोषित किया गया है। उन्होंने कहा कि नवनियुक्त विधानसभा अध्यक्ष शीर्ष नेतृत्व की मंशा के अनुरूप संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करेंगे। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष शिवबाबू गर्ग, जिला महासचिव अरुण कुमार पाल, विधानसभा अध्यक्ष चित्रकूट सोनपाल वर्मा, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष मऊ मानिकपुर शंकर बाबा, बसपा नेता सर्वेश कुमार वर्मा, चैतू राम, समय लाल आदि मौजूद रहे।

## अपर जिला जज ने किया वन स्टाप सेंटर का निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ से प्राप्त कार्ययोजना के अनुक्रम एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष जनपद न्यायाधीश राकेश कुमार त्रिपाठी के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव अपर जिला जज नीलू मैनवाल ने बुधवार को सखी वन स्टाप सेण्टर, गढ़ीवा का आकस्मिक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान सचिव ने उपस्थिति पंजिका का अवलोकन किया। जिसमें संस्था प्रभारी रंजीता द्विवेदी, काउंसलर अर्चना साहू, अर्चना देवी, अंजू देवी, गार्ड विज्ञान चन्द्र, अधिकार मित्र (पीएलवी) उपासना उपस्थित पाये गये। साथ ही सुरक्षा कर्मियों में दीपा कुमारी व करूणा मिश्रा उपस्थित मिली। इस दौरान पैरामेडिकल नर्स पुष्पा देवी, केस वर्कर गीता देवी साप्ताहित अवकाश पर रहीं। इस दौरान संस्था में एक बालिका (पीड़िता) आवासित पायी गयी। साथ ही रसोईघर व शौचालय में पूर्णतया साफ-सफाई पायी गयी।

## दंगल में शानदार कुश्ती कला का प्रदर्शन कर पहलवानों ने किया दर्शकों का मनोरंजन

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



सदर तहसील अंतर्गत पुरवा तरौहां गांव में मां कालिका देवी क्रीड़ा स्थल में बुधवार को इनामी दंगल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें दूर-दराज से आए पहलवानों ने कुश्ती के दावपेंच दिखाकर दर्शकों का मनोरंजन किया। कुश्ती की शुरुआत पूर्व सांसद भैरो प्रसाद मिश्रा ने फीता काटकर करवाई।

पुरवा तरौहां में आयोजित किए गए इस दंगल में चित्रकूट सहित अन्य जिलों से आए पहलवानो की दांवपेंच भरी कुश्तियां दर्शको के आकर्षण का केंद्र रही। इस दौरान हुई कुश्तियों में पुरवा तरौहां के पहलवान शैलेन्द्र यादव ने फतेहपुर के पहलवान पुष्पेंद्र को, मऊ के राजू ने गोरखपुर के कृष्णा को, बांदा के राकेश ने मऊ के उदय को, पुरवा तरौहां के अनिल वर्मा ने मुंगुस के सहादेव, गोबरिया के राजू ने फतेहपुर के दिनेश पहलवान को हराया। मरका के राजा और धौराही के अतुल पहलवान की कुश्ती बराबर में छुटी। इस दौरान कुल 20 कुश्तिया हुयी। दंगल का आयोजन मां कालिका देवी क्रिकेट चैलेंज कप कमेटी द्वारा किया गया। दंगल में गोरेलाल गौतम, चंद्रपाल यादव, मिथलेश पांडेय, राधेश्याम तिवारी ने निर्णायक की भूमिका निभाई।

इस मौके पर लवकुश आयोजन के दौरान ललित त्रिपाठी, अजय यादव, गौरव मिश्र, शरीफ खान, पवन मिश्रा, हिमांशु त्रिवेदी, अंकुर त्रिवेदी, प्रेमसागर वर्मा, फूलचंद्र,शक्ति वर्मा, अजय वर्मा, शिवम निषाद सहित भारी संख्या में दर्शक उपस्थित रहे।

## बिजली विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार को लेकर होगा धरना-प्रदर्शन

**जन एक्सप्रेस । उरई**



बिजली विभाग मे फैले भ्रष्टाचार एवं के खिलाफ मे तीन दिवसीय धरना प्रदर्शन किया जाएगा। जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय को पूर्व विधानसभा प्रत्याशी सुशील चौधरी ने बुधवार को प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में बिजली विभाग के कर्मचारी, एसडीओ कार्यालय में तैनात एसडीओ, जेई, बाबूओं द्वारा बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार कर रहे हैं। उन्होंने बिजली विभाग के अधिशासी अभियंता से शिकायत करते हुए कार्रवाई की मांग की थी। लेकिन अभी तक इनके खिलाफ कोई भी कार्रवाई नहीं की गई है बिजली विभाग के अधिकारी मजदूर एवं गरीबों से बिजली बिल संशोधन के नाम पर हजारों रुपए गरीबों से लूट रहे हैं। इसके विरोध में तीन दिवसीय धरना प्रदर्शन गांधी चबूतरे पर किया जाएगा। अगर समय रहते कार्रवाई नहीं होती है, तो यह धरना प्रदर्शन अनवरत जारी रहेगा।

## चोरों ने किराने की दुकान में दिया चोरी की वारदात को अंजाम

**जन एक्सप्रेस । उरई**



कोतवाली क्षेत्र में झांसी रोड स्थित जेके हाउस के पास किराना की दुकान में शातिर चोरों ने हाथ साफ कर दिया। जहां से चोर गोलक में रखी नगदी व दुकान में रखे डालडा के टीन उठाकर रफूचक्कर हो गए।

शहर के मोहल्ला रामनगर निवासी रामशरण गुप्ता घर से कुछ दूर झांसी रोड स्थित जेके हाउस के पास किराना की दुकान किए हुए हैं। जिसे रोज की तरह मंगलवार रात को करीब 10 बजे बंद किया और अपने घर चला गया। तभी देर रात को चोरों ने दुकान में धावा बोला और बगल के जीने में चढ़कर अंदर घुसे। इस दौरान चोरों ने दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे की कनेक्शन भी काट दिए और फिर गोलक में रखी नगदी सहित डालडा के बड़े-बड़े टीन उठा ले गए। पीड़ित दुकानदार को घटना की जानकारी बुधवार सुबह उस वक्त हुई कि जब वह अपनी दुकान पहुंचा। घटना की जानकारी चौकी पुलिस को दी है। फिलहाल दुकानदार के अनुसार लगभग 30 हजार की नगदी व 10 से ज्यादा डालडा घी के टीन चोरी हुए हैं। इससे पहले भी इस दुकान में चोरी की घटना हो चुकी है। हैरानी वाली बात यह है कि चोरी डिप्टीगंज पुलिस चौकी से महज 500 मीटर की दूरी पर हुई। फिलहाल पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की मदद से चोरों के बारे में पता लगाने का प्रयास कर रही है।

## पिकअप पलटने से 11 घायल

**जन एक्सप्रेस । मानिकपुर, चित्रकूट**



प्रयागराज महाकुंभ स्नान के लिए जा रही श्रद्धालुओं से भरी एक पिकअप संतुलन बिगड़ने से पलट गई। जिससें पिकअप में सवार 28 श्रद्धालुओं में से 11 श्रद्धालु घायल हो गए। जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जिनमें से चार श्रद्धालुओं को गम्भीर हालत के चलते जिला अस्पताल रिफर किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मध्य प्रदेश के सागर जिले के ग्राम बिजरी व ग्राम जगथा निवासी 28 श्रद्धालु पिकअप से प्रयागराज महाकुंभ स्नान के लिए आ रहे थे। इस दौरान थाना मानिकपुर अन्तर्गत काली घाटी पार्क के पास पिकअप अनियंत्रित होकर पलट गई। जिससे पिकअप में सवार रामचरन (45) पुत्र गुलाब सिंह, गेंगारानी (42) पत्नी रामचंद्रन, पानवाई (65) पत्नी देव सिंह, वैजन्ती (45) पत्नी छुट्टी, छुट्टी सिंह (50) पुत्र परम सिंह, गब्बर सिंह (32) पुत्र लक्ष्मण सिंह, अमान (50) पुत्र हरि सिंह, मूरत सिंह (56) पुत्र खड़ोरी, अंगूरी (48) पत्नी अमान, रामबाई (60) पत्नी अम्बिका प्रसाद व विरन (40) पुत्र भगवान सिंह घायल हो गए। घटना स्थल पर मौजूद ग्रामीणों ने हादसे की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी दुर्गविजय सिंह ने पुलिस फोर्स के साथ सभी घायलों को एम्बुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मानिकपुर पहुंचाया। प्राथमिक इलाज के बाद गम्भीर हालत के चलते चिकित्सकों ने चार श्रद्धालुओं रामचरन, अंगुरी, गब्बर व बिरन को जिला चिकित्सालय सोनेपुर रिफर कर दिया।

## हीरो मोटोकार्प ने लांच किया 125 नया डेस्टिनी

**जन एक्सप्रेस । उरई**




शहर के राठ रोड स्थित सूर्यांशु हीरो एजेंसी में स्कूटर सेगमेंट माइलेज और स्टडी फर्स्ट शानदार फीचर के साथ लांच किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन बुधवार को सेंट्रल बैंक के मैनेजर विपिन सिंह द्वारा केक काटकर किया गया। इस दौरान शरद महेश्वरी ने बताया कि हीरो मोटोकॉर्प दुनिया की सबसे बड़ी मोटरसाइकिल और स्कूटर निर्माता कंपनी है। यह नया डेस्टिनी 125 लांच किया गया है, यह 125 सीसी स्कूटर सेगमेंट में अपनी खास पहचान बनाने के लिए तैयार है। नया डेस्टिनी आधुनिक तकनीक बेहतरीन माइलेज और भरोसे बंद फार्मेसी का एक अनूठा संयोजन है, जो शहर में रोजमर्रा की सवारी के लिए एक बेहतरीन विकल्प बनता है। यह स्कूटर परफॉर्मेंस और व्यावहारिकता का शानदार मिश्रण है, जो शहरी यात्राओं को आसान और सुविधाजनक बनाने के साथ राइडर की सभी उम्मीद पर खरा उतरता है। बताया कि डेस्टिनी 125 खासतौर पर परिवारों की जरूरत को ध्यान में रखते हुए डिजाइन किया गया है। यह स्कूटर अपने सेगमेंट में बेहतरीन माइलेज देता है, जो 1 लीटर में 59 किलोमीटर तक जा सकता है। इसमें पर्याप्त लेगरूम और बड़ा फ्लोर बोर्ड है। इसमें इल्यूमिनेटेड, स्टार्ट स्विच और ऑटो कैंसिल विंकर्स जैसे फीचर्स शामिल है, यह फीचर राइडर को न केवल सहूलियत देते हैं बल्कि उनकी सुरक्षा भी बढ़ाते हैं। इस दौरान तमाम ग्राहक व सूर्यांशु हीरो के कर्मचारीगढ़ मौजूद रहे।

### गांजा कारोबारी को पांच माह का कारावास

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** पांच माह पूर्व गांजा के साथ पकड़े गए आरोपी को न्यायालय ने पांच माह कारावास और 2,500 रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। सहायक अभियोजन अधिकारी पीयूष कुमार ने बताया कि बीती 28 अगस्त 2024 को पुलिस उपनिरीक्षक सत्यमपति त्रिपाठी ने अपनी टीम के साथ मानिकपुर निवासी कोचिल को 850 ग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार किया था।

कर्वी कोतवाली में इस मामले में एनडीपीएस एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत करने के बाद न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया गया था। बचाव और अभियोजन पक्ष की दलीलें सुनने के बाद सिविल जज सीनियर डिविजन सचिन कुमार दीक्षित ने इस मामले में निर्णय सुनाया। जिसमें दोष सिद्ध होने पर आरोपी कोचिल को पांच माह कारावास और 2,500 रुपये अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

## मित्रता गरीबी और अमीरी नहीं देखती: नीरज कृष्ण शास्त्री

**जन एक्सप्रेस । उरई**



भेंपता में रामस्वरूप त्रिपाठी की मां परीक्षित श्रीमती रामप्यारी द्वारा कराई जा रही श्रीमद भगवत कथा के सातवें दिन कथा वाचक पंडित नीरज कृष्ण शास्त्री ने सुदामा चरित्र व सुखदेव विदाई का वर्णन किया।

कथा व्यास ने कहा कि मित्रता में गरीबी और अमीरी नहीं देखनी चाहिए। मित्र एक दूसरे का पूरक होता है। भगवान कृष्ण ने अपने बचपन के मित्र सुदामा की गरीबी को देखकर रोते हुए अपने राज सिंहासन पर बैठाया और उन्हें उलाहना दिया कि जब गरीबी में रह रहे थे, तो अपने मित्र के पास तो आ सकते थे, लेकिन सुदामा ने मित्रता को सर्वोपरि मानते हुए श्रीकृष्ण से कुछ नहीं मांगा। उन्होंने बताया कि सुदामा चरित्र हमें जीवन में आई कठिनाइयों का सामना करने की सीख देता है। सुदामा ने भगवान के पास होते हुए अपने लिए कुछ नहीं मांगा। अर्थात निस्वार्थ समर्पण ही असली मित्रता है। कथा के दौरान परीक्षित मोक्ष व भगवान सुखदेव की विदाई का वर्णन किया गया। कथा के बीच-बीच में भजनों पर श्रद्धालुओं ने नृत्य भी किया। इस दौरान बड़ी संख्या में महिला पुरुष श्रोता मौजूद थे। कथा वाचक ने बताया कि भागवत कथा का श्रवण से मन आत्मा को परम सुख की प्राप्ति होती है।

भागवत में बताए उपदेशों उच्च आदर्शों को जीवन में ढालने से मानव जीवन जीने का उद्देश्य सफल हो जाता है। सुदामा चरित्र के प्रसंग में कहा कि अपने मित्र का विपरीत परिस्थितियों में साथ निभाना ही मित्रता का सच्चा धर्म है। मित्र वह है जो अपने मित्र को सही दिशा प्रदान करे,जो कि मित्र की गलती पर उसे रोके और सही राह पर उसका सहयोग दे। कथा को सुनने के लिए झांसी प्रयागराज क्षेत्र के शिक्षक विधायक बाबूलाल तिवारी के साथ त्रिपाठी परिवार के शालिग्राम, भगवत प्रसाद, रामस्वरूप, आशाराम, रामकुमार, शीलकुमार, विनोद, सतीश, हरीबाबू, अरुण, संदीप, सचिन, हिमांशु, अनुज, हर्षित, सिब्बू मौजूद रहे।

लखनऊ एक्सप्रेस

हिंदी दैनिक, जन एक्सप्रेस | @janexpressnews | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper | janexpresslive | लखनऊ, गुरुवार, 30 जनवरी, 2025 | 03



### मौनी अमावस्या पावन पर्व बिठूर घाटों...

मौनी अमावस्या के दिन गंगा में स्नान करने से जाने-अनजाने में किए गए पाप कर्म धुल जाते हैं। मां गंगा की कृपा भी भक्तों पर बरसती है। कुंडली में शामिल अशुभ ग्रहों से मुक्ति मिलती है। इस बार माघी अमावस्या पर कई शुभ संयोग का निर्माण हुआ। मौनी अमावस्या के दिन... पढ़ें पेज 05 पर...

# महाकुंभ हादसे पर भावुक हुए सीएम योगी, न्यायिक जांच के दिए आदेश

- पत्रकारों को महाकुम्भ हादसे की जानकारी देते हुए सीएम योगी की आंखें हुईं नम
- बात करते करते रुंध आया गला, बोले- भारी भीड़ और बैरिकेड्स टूटने से हुआ हादसा
- मुख्यमंत्री ने दिए न्यायिक जांच के आदेश, 3 सदस्यीय आयोग का किया गठन



जन एक्सप्रेस | लखनऊ

महाकुम्भ हादसे को लेकर बुधवार देर शाम मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पत्रकारों से वार्ता करते हुए भावुक हो गए। घटना का जिक्र करते हुए उनका गला रुंध गया और आंखें नम हो गईं। उन्होंने कहा, भारी भीड़ और बैरिकेड्स टूटने के कारण यह दुखद हादसा हुआ। मुख्यमंत्री ने हादसे की न्यायिक जांच के आदेश देते हुए तीन सदस्यीय न्यायिक जांच आयोग का गठन किया। इस आयोग के अध्यक्ष पूर्व न्यायाधीश हर्ष कुमार होंगे, जबकि पूर्व डीजी वी.के. गुप्ता और रिटायर्ड आईएएस डी.के. सिंह को आयोग में शामिल किया गया है। यह आयोग एक समय सीमा के अंदर अपनी रिपोर्ट देगा। पुलिस भी मामले की जांच करेगी और हादसे के कारणों की गहराई से पड़ताल की जाएगी। यही नहीं, गुरुवार को मुख्य सचिव और डीजीपी भी प्रयागराज जाकर घटना की समीक्षा करेंगे।

### मृतकों के परिजनों को 25-25 लाख का मुआवजा

मुख्यमंत्री ने घटना पर गहरी चिंता जताते हुए कहा, प्रशासन ने कई दौर की समीक्षा बैठकें की थीं, फिर भी यह हादसा कैसे हुआ? इसकी गहन जांच होगी। सरकार ने मृतकों के परिवारों को रू.25-25 लाख की सहायता राशि देने की भी घोषणा की है। इसके अतिरिक्त मुख्य सचिव और डीजीपी को गुरुवार को घटनास्थल का दौरा कर जांच करने के निर्देश दिए गए हैं। वे हालात का जायजा लेंगे और रिपोर्ट सौंपेंगे। घटना का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री भावुक हो गए और बोले, इतनी तैयारियों के बावजूद यह हादसा बेहद दुखद है। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि भविष्य में ऐसी त्रासदी दोबारा न हो। उन्होंने कहा कि मंगलवार शाम 7 बजे से ही काफी बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन प्रयागराज पहुंचकर स्नान भी कर रहे थे और काफी बड़ी संख्या में ब्रह्म मुहूर्त का भी इंतजार कर रहे थे। इसी दौरान अखाड़ा मार्ग पर संगम तट पर यह हादसा हुआ।

यह हादसा भारी भीड़ के द्वारा अखाड़ा मार्ग के बैरिकेड्स को तोड़ने और उसके बाद उससे कूदकर जाने के कारण हुआ है, जिसमें 30 के आसपास लोगों की मृत्यु हुई है। 36 घायलों का प्रयागराज में उपचार चल रहा है। शेष घायलों को उनके परिवार से सदस्य लेकर चले गए हैं। सीएम योगी ने कहा कि प्रयागराज में बुधवार को 8 करोड़ से अधिक लोगों का दबाव था।

यद्यपि अगल-बगल के जनपदों मिर्जापुर, भदोही, प्रतापगढ़, फतेहपुर, कौशांबी, में भी होल्डिंग एरिया बनाकर श्रद्धालुजनों को रोका गया था, जिन्हें अखाड़ों का अमृत स्नान संपन्न होने के बाद रिलीज किया गया है। रेलवे स्टेशनों पर भी लगातार दबाव बना रहा। रेलवे ने भी इस दौरान रूटीन और मेला स्पेशल को मिलाकर लगभग 300 से अधिक ट्रेनें चलाई हैं। उत्तर प्रदेश परिवहन निगम ने भी 8000 से अधिक बसें संचालित की हैं। ये सभी घटनाएं मर्माहत करने वाली भी हैं और एक सबक भी हैं, लेकिन हादसे की तह में भी जाने की आवश्यकता है।

# साधु संत और श्रद्धालु बोले, योगी सरकार की सक्रियता ने टाला बड़ा हादसा

- महाकुम्भ में योगी सरकार की व्यवस्थाओं और सुविधाओं को लेकर दी प्रतिक्रिया
- पल-पल की रिपोर्ट लेते रहे सीएम योगी, तड़के ही सरकारी आवास पर बुलाई उच्च स्तरीय बैठक

जन एक्सप्रेस | लखनऊ/प्रयागराज

मौनी अमावस्या पर्व पर बुधवार को महाकुम्भ में और भी बड़ा हादसा हो सकता था, लेकिन योगी सरकार की प्री प्लान्ड तैयारियों और अधिकारियों की सक्रियता ने इसे सीमित कर दिया। महाकुम्भ में विभिन्न साधु संतों और श्रद्धालुओं ने योगी सरकार की व्यवस्थाओं और सुविधाओं को लेकर यह प्रतिक्रिया दी। उनका कहना है कि महाकुम्भ में योगी सरकार ने बहुत बेहतर व्यवस्थाएं की हैं, लेकिन बुधवार को जिस तरह मेले में भीड़ बढ़ी, यह बहुत बड़ा हादसा हो सकता था। हालांकि, योगी सरकार और मेला प्रशासन, मेला पुलिस की सजगता और सक्रियता से इस बड़े हादसे को सीमित कर दिया गया। खुद सीएम योगी इस घटना की पल-पल की रिपोर्ट लेते रहे। सुबह घटना की सूचना मिलते ही सीएम योगी ने अधिकारियों से अपडेट लिया और तड़के ही अपने सरकारी आवास पर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव गृह, डीजीपी, एडीजी लॉ एंड ऑर्डर के साथ उच्च स्तरीय बैठक बुलाकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

**योगी सरकार की सक्रियता ने सीमित की घटना**

श्री पंच दशनाम आवाहन अखाड़े के महामंडलेश्वर स्वामी प्रकाशानंद ने कहा कि महाकुम्भ में अफवाह की वजह से यह घटना घटी है, लेकिन योगी जी की सरकार ने, उनकी पुलिस ने इस घटना पर तुरंत एक्शन लिया जिससे बहुत से लोगों की जान बच गई। जिस तरह की भीड़ थी, ये हादसा बहुत बड़ा हो सकता था। ये योगी सरकार की व्यवस्था ही थी, यूपी पुलिस का क्विक रिस्पांस ही था, जो बड़ी घटना को सीमित कर दिया गया। इसके लिए योगी सरकार को साधुवाद।

**शासन और प्रशासन ने दिखाई मुस्तैदी**

नारायण सेवा संस्थान के अध्यक्ष प्रशांत अग्रवाल ने कहा कि मौनी अमावस्या पर्व पर देश और दुनिया से करोड़ो श्रद्धालुओ की भीड़ उमड़ी है। शासन और प्रशासन ने मुस्तैदी दिखाते हुए घटना को नियंत्रित कर लिया। सरकार और व्यवस्था में लगे अधिकारियों की मेहनत से महाकुम्भ का अमृत स्नान शांतिपूर्ण व्यवस्थाओं से संपन्न किया जा रहा। अमृत स्नान पर आए श्रद्धालुओं और संतों से सावधानी रखते हुए अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील करता हूं। सभी से सहयोग करने की अपेक्षा के साथ प्रशासन के प्रयासों की सराहना करता हूं।

**प्रत्यक्षदर्शी बोले, योगी सरकार के इंतजाम बेहतर**

एक प्रत्यक्षदर्शी के मुताबिक योगी सरकार ने मौनी अमावस्या की फूलप्रूफ प्लानिंग की थी, लेकिन जो घटना घटी उसके लिए काफी हद तक पब्लिक भी जिम्मेदार है। यदि धक्का-मुक्की नहीं होती तो यह घटना नहीं घटती। विपक्ष तो गिद्ध की भूमिका निभा रहा है।

गोपालगंज बिहार से आई कुमकुम श्रीवास्तव ने बताया कि महाकुम्भ आकर बहुत अच्छा लगा। योगी सरकार ने अच्छी व्यवस्था की है, लेकिन जो घटना घटी है उसके लिए भारी भीड़ और कुछ लोगों लापरवाही की बड़ी भूमिका है। सरकार तो बार-बार कह रही थी कि जिस स्थान पर आएं वहीं स्नान करें तो फिर संगम नोज पर जाने की क्या आवश्यकता थी।

# पूर्व केन्द्रीय मंत्री व बीकेटी विधायक ने मृतक के परिजनों से की मुलाकात, हर संभव मदद का दिया आश्वासन





जन एक्सप्रेस | लखनऊ

लखनऊ जिले की बीकेटी विधानसभा क्षेत्र के महोना नगर पंचायत में मंगलवार रात करीब 10-30 बजे कोल्ड ड्रिंक से भरें कंटेनर ने महोना सड़क किनारे बनीं दुकानों में जा घुसा, जिसमें तीन व्यक्ति की मौके पर मौत हो गई और दो घायल व्यक्ति नाजुक हालत में लखनऊ केजीएमयू ट्रामा सेंटर में पुलिस ने भर्ती करवाया हैं, जहां उनका इलाज जारी है।



यह सड़क हादसा क्षेत्र में चर्चा का विषय बना रहा। वहीं बुधवार दोपहर पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री पूर्व सांसद कौशल किशोर ने इटौंजा नगर पंचायत चेयरमैन अवधेश कुमार अवस्थी कमल एवं कार्यकर्ताओं के साथ महोना में मृतकों के परिजनों से मुलाकात की और हर संभव मदद का आश्वासन दिया है। वहीं इस दौरान कौशल किशोर ने परिजनों को आश्वासन दिया, कि कल रात में एक कंटेनर ट्रक के ड्राइवर ने नशे में तीन दुकानों को तोड़ते हुए तीन नवयुवक धनेश रावत, संजीव रावत,शिवा रावत की जान ले लीं,इस दुर्घटना में दो नीरज चौरसिया व मुन्ना चौरसिया घायल हो गये। वहीं पूर्व केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर ने मृतकों के परिजनों को पाँच पाँच लाख रुपयें उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री के राहत कोष से एवं घायलों की मदद करने के आश्वासन और पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को बुलाकर सड़क पर स्पीड ब्रेकर बनवाने के निर्देश दिये है। वहीं बीकेटी विधायक योगेश शुक्ला ने बुधवार को महोना में मृतकों के परिजनों से मुलाकात कर उत्तर प्रदेश की योगी सरकार से हर संभव मदद व आर्थिक मदद दिलवाने का आश्वासन दिया,इस दौरान साथ में लखनऊ भाजपा किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष अतुल मिश्रा, भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहें। वहीं पूर्व सांसद पूर्व केन्द्रीय मंत्री कौशल किशोर के साथ इटौंजा चेयरमैन अवधेश अवस्थी कमल, भाजपा नेता पूर्व सभासद सुधाकर अवस्थी, एसडीएम बीकेटी सतीश चन्द्र त्रिपाठी,एडीसीपी नॉर्थ जितेन्द्र दुबे, मायाराम रावत, सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## 05 फरवरी से 23 फरवरी तक होगा भारत नेपाल मैत्री महोत्सव

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

भारत-नेपाल की साझी सांस्कृतिक विरासत को बरकरार रखने की परम्परा को आगे बढ़ाते हुए संस्कृतिक विभाग उत्तर प्रदेश इस वर्ष भी भारत-नेपाल मैत्री महोत्सव का आयोजन कर रहा है। महोत्सव में मित्र राष्ट्र नेपाल और उत्तर प्रदेश के कलाकार संगीत, लोक गीत व नृत्य पेश करेंगे। भारत-नेपाल मैत्री महोत्सव सांस्कृतिक यात्रा 5 फरवरी को सिद्धार्थनगर से प्रारंभ होकर महाराजगंज, कुशीनगर, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर खीरी होते हुए 23 फरवरी को पीलीभीत में समाप्त होगी।संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि प्रदेश के तराई सीमा क्षेत्र के जनपदों में भारत-नेपाल मैत्री महोत्सव का आयोजन जिला प्रशासन के सहयोग से किया जा रहा है। इस आयोजन का उद्देश्य सीमावर्ती जनपदों में युवा पीढ़ी एवं विद्यार्थियों के बीच प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करना एवं देश प्रेम की भावना को बढ़ावा देना है। भारत-नेपाल मैत्री महोत्सव, भारत और नेपाल के बीच द्विपक्षीय रिश्तों को मजबूत करने और दोनों देशों के सांस्कृतिक, सामाजिक, और कूटनीतिक संबंधों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित की जाती है।

# समाजवादी पीडीए जन चर्चा चौपाल आयोजित



जन एक्सप्रेस | लखनऊ

**मलिहाबाद।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार भाजपा की संविधान विरोधी सोच के खिलाफ एवं पीडीए के हक और अधिकारों की रक्षा हेतु प्रदेश भर में समाजवादी पार्टी के नेताओं एवं कार्यकर्ताओं के द्वारा पीडीए चर्चा का आयोजन किया जा रहा है।इसी कड़ी में बुधवार को विधानसभा क्षेत्र मलिहाबाद के सेक्टर महमूदनगर ढाल के प्रभारी रिजवान खान व कार्यक्रम की प्रभारी विजयश्री गौतम के द्वारा महमूदनगर ढाल गांव में पीडीए चर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया।जिसमें पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ क्षेत्रीय नेताओं एवं कार्यकर्ताओं और महिलाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष जय सिंह जयंत व संचालन विधानसभा अध्यक्ष सोनीष मौर्य व महासचिव पन्नालाल रावत ने संयुक्त रूप से किया। जिसमें मुख्य रूप से प्रदेश सचिव रूप नारायण यादव, पूर्व मंत्री इंसराम अली, जिला महासचिव शब्बीर अहमद, जिला निर्वाचन प्रभारी टीबी सिंह, पूर्व प्रत्याशी राजबाला रावत, राम नारायण रावत, दशरथ यादव, सांसद प्रतिनिधि बचान यादव, शायन अख्तर सहित सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

## तमंचे के बल पर 20 हज़ार की लूट



जन एक्सप्रेस | लखनऊ

**मलिहाबाद।** दुकानदार से तीन अज्ञात बदमाशों ने तमंचा लगाकर 20000 लूट लिए दुकानदार के शोर मचाने पर ग्रामीणों ने एक बदमाश और मोटरसाइकिल को पकड़ा दो बदमाश भाग गए पुलिस ने लूट का मुकदमा दर्ज कर लिया है।

बताते चलें कि रहीमाबाद दरोगा की चक्की से कैथूलिया मार्ग पर तेरवा मोड के पास अम्मार गाजी की दुकान है

मंगलवार की रात सात बजे के करीब वह अपनी दुकान बंद करके घर जा रहे थे तभी एक बिना नंबर की मोटरसाइकिल से तीन अज्ञात लोग आए और उनकी जेब में हाथ डाल कर उनकी जेब में रखे 20000 रुपए छीन लिए अमर ने जब इसका विरोध किया तो एक बदमाश ने तमंचा निकालकर उनके सर पर हमला कर दिया तो अम्मार ने बचाओ बचाओ की गुहार लगाई चिल्लाने की आवाज सुनकर ग्रामीण दौड़े ग्रामीणों को आता देख बदमाशों ने भागने का प्रयास किया ग्रामीणों ने एक बदमाश और मोटरसाइकिल को पकड़ लिया दो बदमाश भागने में सफल रहे।ग्रामीणों ने तत्काल रहीमाबाद पुलिस को फोन किया सूचना मिलते ही रहीमाबाद पुलिस मौके पर पहुंची जहां ग्रामीणों ने एक बदमाश और मोटरसाइकिल को पुलिस के सुपुर्द किया पीड़ित ने रहीमाबाद थाने में लूट की तहरीर दी पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर अन्य फरार बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है।

## बहुजन क्रांति संघ ने आगामी 1 फरवरी को होने वाले धरने को किया स्थगित




जन एक्सप्रेस | लखनऊ

बहुजन क्रांति संघ द्वारा एक बैठक 29 जनवरी को आदर्श हॉस्पिटल नरौना मोड़ में राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ मोहनलाल पासी की अध्यक्षता में संपन्न हुई, जिसमें पुलिस आयुक्त काकोरी लखनऊ के कार्यालय पर प्रदर्शन करने की संगठन की घोषणा पर विचार विमर्श किया गया, इस दौरान अध्यक्ष ने बताया कि उक्त प्रकरण में पीड़ित पत्रकार राजेश रावत को फर्जी मुकदमे से बाइजत बरी किया गया है, जो कि संगठन की शक्ति का परिचय है। सर्व सम्मति से यह निर्णय लिया गया की उक्त प्रकरण में आगामी 1 फरवरी को प्रस्तावित धरना प्रदर्शन को स्थागित किया जाता है और उक्त प्रकरण में सत्यता से निष्पक्ष जांच कराने वाले सम्मानित अधिकारियों को संगठन की ओर से धन्यवाद किया जाता है।

# महोना में कंटेनर ने 6 लोगों को रौंदा, 3 की मौके पर हुई दर्दनाक मौत

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

लखनऊ कमिश्नरेट के इटौंजा थाना क्षेत्र के महोना चौकी इलाके में मंगलवार रात कोल्ड ड्रिंक लदा कंटेनर अनियंत्रित होकर महोना सड़क किनारे बनी कई दुकानों में घुस गया। बता दें कि वहां से भागने के चक्कर में चालक ने सड़क किनारे आग ताप रहे दो लोगों और पैदल जा रहे एक व्यक्ति को कुचल दिया। इससे तीनों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में दो अन्य लोग घायल भी हुए हैं। वहीं इटौंजा पुलिस ने ऐंबुलेंस से घायलों को इलाज के लिए सौ शैय्या अस्पताल भेजा, जहां से उन्हें केजीएमयू ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया गया और शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। वहीं इटौंजा के महोना कस्बा निवासी राजकुमार चौरसिया की आरके इलेक्ट्रॉनिक की दुकान है। उन्होंने बताया कि रात करीब 10-15 बजे कुम्हरावां गांव की ओर से आ रहा तेज रफ्तार कंटेनर अनियंत्रित होकर उनकी दुकान में घुस गया, इसके बाद कंटेनर पड़ोस में उनके भाई नीरज की मोबाइल फोन की दुकान, फिर पिता श्रीकृष्ण चौरसिया की किराने की दुकान में टक्कर मारता हुआ निकल गया, अनियंत्रित ट्रक ने सड़क किनारे बने घर, पान की गुमटी, होटल और चार-पांच अन्य दुकानों के छज्जे और टीन शेड गिरा दिये। सूत्रों की माने तो चालक ट्रक की रफ्तार बढ़ाकर भागने का प्रयास करने लगा, इस दौरान तेज रफ्तार ट्रक ने सड़क किनारे अलाव ताप रहे दो युवकों और पैदल गुजर रहे डीजे कर्मी को रौंद दिया और तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से चौरसिया मार्केट की दुकान गिर गई। वहीं हादसे के दौरान दुकानों मालिक समेत ग्राहक मौजूद थे। वहीं मौके पर पहुंची पुलिस ने आनन-फानन में जेसीबी और हाइड्रा मंगवा कर रेस्क्यू शुरू करवाया। इस बीच दमकल विभाग की गाड़ियां मौके पर पहुंच गईं, इटौंजा पुलिस ने आनन-फानन में इलाके की लाइट कटवा दी और जेसीबी की मदद से पुलिस दुकानों का मलबा हटाना शुरू किया। वहीं दमकलकर्मियों ने मलबे में दबे मोबाइल की दुकान के संचालक मनीष को सुरक्षित निकाल लिया गया। वहीं इटौंजा थाना प्रभारी निरीक्षक मार्कंडण्य यादव ने बताया कि हादसे में इटौंजा महोना निवासी संजीव उम्र 18 वर्ष, धनेश उम्र 22 वर्ष, ग्राम मुसपिपरी निवासी शिवा उम्र 18 वर्ष की मौत हो गई। जबकि नीरज और मुन्ना घायल हुए हैं, पुलिस ने सभी घायलों को सौ शैय्या अस्पताल बीकेटी में भर्ती करवाया, जहां से उन्हें डॉक्टरो ने ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया और मृतक शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया।



## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, अ0अनुरक्षण खण्ड नं0-3 (सिविल), लो0नि0वि0 लखनऊ

पत्रांकः- 112 /टेन्डर/2024 दिनॉकः-20.01.2025

निविदा सूचना

1. महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से अधिशासी अभियन्ता, अ0अनुरक्षण खण्ड-3,(सिविल) लो0नि0वि0, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्यो का प्रतिशत दर निविदा आमंत्रित की जाती है। निम्नलिखित कार्यो के लिये लोक निर्माण विभाग श्रेणी-ए0,बी0,सी0 एवं डी0 में भवन कार्य के पंजीकृत निविदा दाता ही निविदा डालने के योग्य होगें।

| क्र0 स0 | जिला | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) | धरोहर धनराशि (रू0 में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य रू0 में | कार्य पूर्ण करने की अवधि | अधिशासी अभि0 का पता | अधीक्षण अभि0 का पता | मुख्य अभि0 का पता | जिला अधिकारी का पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | लखनऊ | एल0डी0 ऐशबाग कालोनी स्थित आवासों में विभिन्न मरम्मती कार्य। | 3.00 | 0.30 | 770.00 | 90 दिन | अधिशासी अभियन्ता, अ0अनु0 खण्ड नं0-3 (सिविल), | अधीक्षण अभि0, [illegible] लो0नि0वि0, लखनऊ | मुख्य अभियन्ता (भवन) लो0नि0वि0 | जिला अधिकारी लखनऊ |
| 2 | लखनऊ | एल0डी0 ऐशबाग कालोनी स्थित आवासों में आन्तरिक रंगाई पुताई का कार्य। | 1.50 | 0.15 | 680.00 | 90 दिन | तदैव | तदैव | तदैव | -तदैव- |
| 3 | लखनऊ | एल.डी.ए. कालोनी ऐशबाग स्थित आवास संख्या-एल. आई.जी.-20, 58 एवं 29 में विभिन्न सिविल अनुरक्षण कार्य। | 2.30 | 0.23 | 680.00 | 90 दिन | तदैव | तदैव | तदैव | -तदैव- |
| 4 | लखनऊ | ऐशबाग कालोनी स्थित आवास संख्या-एल.आई. जी-67 में विभिन्न सिविल अनुरक्षण का कार्य। | 0.83 | 0.09 | 770.00 | 90 दिन | तदैव | तदैव | तदैव | -तदैव- |
| 5 | लखनऊ | एल.डी.ए. कालोनी ऐशबाग स्थित आवास संख्या-एल. आई.जी.-62 एवं 101 में विभिन्न सिविल अनुरक्षण कार्य। | 1.88 | 0.19 | 680.00 | 90 दिन | तदैव | तदैव | तदैव | -तदैव- |
| 6 | लखनऊ | कैसरबाग कालोनी स्थित आवास संख्या-1/9 में विभिन्न सिविल कार्य। | 1.47 | 0.15 | 680.00 | 90 दिन | तदैव | तदैव | तदैव | -तदैव- |
| 7. | लखनऊ | नैपियर रोड कालोनी स्थित आवास संख्या-13/1, में बाथरूम एवं किचेन का जीर्णोद्धार एवं आवास संख्या-17/3, 13/5, 14/2, 5/2 एवं 11/5 टाईप-2 एवं आवास संख्या-3/5 टाईप-1 में विभिन्न सिविल कार्य। | 5.16 | 0.52 | 860.00 | 90 दिन | तदैव | तदैव | तदैव | -तदैव- |
| 8. | लखनऊ | विधायक निवास-5(मीराबाई मार्ग) लखनऊ स्थित आवासों में विभिन्न मरम्मती कार्य ग्रुप-ए। | 3.00 | 0.30 | 770.00 | 90 दिन | तदैव | तदैव | तदैव | -तदैव- |
| 9. | लखनऊ | विधायक निवास-5(मीराबाई मार्ग) लखनऊ स्थित आवासों में विभिन्न मरम्मती कार्य ग्रुप-बी। | 2.50 | 0.25 | 680.00 | 90 दिन | तदैव | तदैव | तदैव | -तदैव- |
| 10 | लखनऊ | विधायक निवास-5(मीराबाई मार्ग) लखनऊ स्थित आवासों में आन्तरिक रंगाई पुताई का कार्य। | 3.00 | 0.30 | 770.00 | 90 दिन | तदैव | तदैव | तदैव | -तदैव- |

2. निविदा प्रपत्र सम्बन्धित अधिशासी अभियन्ता, अधीक्षण अभियन्ता एवं जिनका विवरण तालिका के कॉलम 8, 9, में है, के कार्यालय से निर्धारित मूल्य देकर प्रत्येक कार्य दिवस में 11 बजे से अपरान्ह 4 बजे तक दिनांक-06.02.2025 से 12.02.2025 तक नगद अथवा डिमाण्ड ड्राफ्ट जो किसी राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत हो, अधिशासी अभियन्ता, अ0अनुरक्षण खण्ड-3, (सिविल) लो0नि0वि0, लखनऊ को देय होगा, से क्रय की जा सकती है। इच्छुक निविदाकर्ता अधिक जानकारी सम्बन्धित कार्यालय से प्राप्त कर सकते है। डाक द्वारा निविदा प्रपत्र प्राप्त करने के लिये अतिरिक्त धनराशि रू0 500/- देकर प्राप्त की जा सकती है तथा इसके लिये दिनांक-11.02.2025 सायं 4 बजे तक अनुरोध स्वीकार किया जायेगा। निविदा आमंत्रित करने वाले अधिकारी डाक में देरी के लिये जिम्मेदार नहीं होगें। निविदा प्रपत्र विभागीय वेबसाइट www.uppwd.nic.in से डाउनलोड की जा सकती है और इसकी लागत रू0 500/-के डिमाण्ड ड्राफ्ट जो कि अधिशासी अभियन्ता, अ0अनुरक्षण खण्ड-3, (सिविल) लो0नि0वि0, लखनऊ के पक्ष में देय होगा, आवश्यक रूप से निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न की जायेगी। निविदा प्रपत्र जैसाकि उक्त तालिका में उल्लेख किया गया है कि कार्यालय में दिनांक-12.02.2025 के अपरान्ह को 12:30 बजे तक जमा की जा सकती है। जिनको उसी कार्य दिवस में दिनांक-12.02.2025 को 2:00 बजे जिला अधिकारी लखनऊ के कार्यालय में जैसा कि स्तम्भ 11 में वर्णित हैं, इच्छुक निविदाकर्ता की उपस्थिति में खोली जायेगी।
3. निविदा के नियम व शर्ते निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न रहेगी।

अधिशासी अभियन्ता
अ0अनुरक्षण खण्ड-3(सिविल)
लो0नि0वि0, लखनऊ।

UPID: 227560, Date: 28.01.2025
विज्ञापन website: www.up.gov.in पर उपलब्ध है।





### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं पुनीत मोहन श्रीवास्तव पुत्र स्व. सुनील मोहन श्रीवास्तव निवासी ई - 380 एल्डिको - 2, रक्षा खंड कॉलोनी, आर बी रोड, लखनऊ मेरे पुत्र का नाम नगर निगम अभिलेख जन्म प्रमाण पत्र में KAVISH SRIVASTAVA दर्ज है, मेरा पुत्र कक्षा 1 बी सिटी मॉन्टेसरी कैंपस 1 राजेंद्र नगर लखनऊ का छात्र है तथा स्कूल अभिलेख में मेरे पुत्र का नाम AARVIK KUMAR दर्ज है अत: नगर निगम अभिलेख में मेरे पुत्र का नाम KAVISH SRIVASTAVA के स्थान पर AARVIK KUMAR दर्ज किया जाए।

-पुनीत मोहन श्रीवास्तव



### टेंशन से रात भर नहीं सोये सीएम योगी

लखनऊ। प्रयागराज के संगम तट पर मंगलवार रात डेढ़ बजे मची भगदड़ में कई श्रद्धालुओं की जान गई है। प्रशासन की तरफ से अभी मौत या घायलों को लेकर कोई जानकारी नहीं दी गई है। मुख्यमंत्री रात भर सोए नहीं। भगदड़ के बाद सीएम योगी ने अपने आवास पर इमरजेंसी बैठक बुलाई और आला अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए। बैठक के बाद मीडिया के सामने आकर सीएम योगी ने पूरी बात बताई। उन्होंने कहा कि हालात नियंत्रण में हैं। किसी तरह की अफवाह पर ध्यान नहीं देना है। सीएम योगी को खुद कहना पड़ा कि हालात नियंत्रण में है लेकिन प्रशासन पर भीड़ का दबाव ज्यादा है।

# महाकुंभ में भगदड़ के बीच बार-बार हो रहा अखिलेश यादव का जिक्र

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

प्रयागराज महाकुंभ मेला भगदड़ की घटना के बीच समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव का बार-बार जिक्र हो रहा है। सपा सांसद मोहिबुल्लाह नदवी से लेकर शिवसेना प्रवक्ता संजय राउत ने भी सपा सरकार में 2013 में हुए महाकुंभ की तारीफ की है। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव की सरकार में सबसे बेहतर कुंभ हुआ था।रामपुर से सपा सांसद मोहिबुल्ला नदवी ने घटना के लिए प्रशासन को जिम्मेदारी ठहराया और कहा कि प्रशासन को अलर्ट पर रहना चाहिए था।योगी जी खुद एक मजहबी आदमी है उनके होते हुए इतनी बड़ी भूल हो गई यह समझ में नहीं आ रहा है। कुछ श्रद्धालु 2013 में सपा के वक्त जो कुंभ का आयोजन हुआ था उसको याद कर रहे हैं।नदवी ने कहा कि जिस जगह पर इतने ज्यादा लोग हों वहां सबको एक बराबर देखना चाहिए। इंसान होते के नाते सभी बराबर हैं। वीआईपी ट्रीटमेंट की वजह से यह हुआ है तो ये बेहद अफसोसजनक है। सपा सांसद वीरेंद्र सिंह ने कहा कि प्रशासन भीड़ का अंदाजा लगाने में चूक गया। उन्होंने प्रयागराज के सपा कार्यकर्ताओं से अपील की कि वो मिलकर श्रद्धालुओं की मदद के लिए पूरी तरह तत्पर रहे और प्रशासन का भी सहयोग करें।

शिवसेना प्रवक्ता संजय राउत का भी बयान आया है।

नगर पालिका परिषद रायबरेली में प्रत्येक माह के अंतिम मंगलवार को नागरिक सुविधा दिवस का होगा आयोजनः डीएम

# नागरिक सुविधा दिवस में जनसमस्याओं के निस्तारण हेतु जारी किया गया रोस्टर

## 'नागरिक सुविधा दिवस में प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापरक किया जाए निस्तारण'

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने कहा कि मंडलायुक्त लखनऊ, मण्डल लखनऊ के आदेशानुसार लखनऊ मण्डल के जनपदों में नगर पालिका परिषद की सीमा क्षेत्रान्तर्गत रहने वाले आम नागरिकों की दैनिक जीवन से जुड़ी मूलभूत सुविधाओं जैसे-स्ट्रीट लाइट रोड/नाली निर्माण, जलापूर्ति, सीवरेज, ट्रैफिक, अतिक्रमण, नालियों में साफ-सफाई की समस्या आवासित स्थलों में जलभराव, हाउस टैक्स, म्यूटेशन, जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र आदि विभिन्न समस्याओं से पालिका स्तर पर आम जनमानस को रूबरू होना पड़ता है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा समस्याओं के निराकरण हेतु अनेक प्रबंध किये गये है. जिसके अनुक्रम में मूलभूत समस्याओं से सम्बन्धित विभाग समस्याओं के निराकरण हेतु प्रयासरत भी रहते हैं, किन्तु पालिका स्तर पर मूलभूत सुविधाओं से जुड़े कई कार्य इस प्रकार के होते हैं कि जिनमें एक से अधिक कार्यदायी संस्थाओं की सहभागिता होती है, जिसकी जानकारी आम नागरिकों को सामान्यतः नहीं हो पाती है। एक से अधिक विभागों द्वारा कार्य किये जाने की स्थिति में कार्य के प्रति जवाबदेही भी स्पष्ट रूप से तय करने में समस्या होती है, ऐसी स्थिति में नगर पालिका क्षेत्र की मूलभूत संरचना से जुड़ी समस्याओं का प्रभावी निस्तारण बगैर अन्तर्विभागीय समन्वय से किया




जाना संभव नहीं हो पाता है। परिणामस्वरूप पालिका क्षेत्रान्तर्गत आम जनमानस को दैनिक जीवन से जुड़ी हुई मूलभूत छोटी-छोटी समस्याओं के निराकरण हेतु विभागों के चक्कर लगाने के साथ ही उच्च स्तर तक जाना पड़ता है, जिससे सरकार के प्रति आम नागरिको में एक नकारात्मक भाव उत्पन्न होते हैं जिलाधिकारी ने नगर पालिका परिषद रायबरेली स्तर पर आम जनमानस की मूलभूत सुविधाओं से जुड़े मामलों का गुणवत्तापूर्वक एवं प्रभावशाली ढंग से निराकरण, अनुश्रवण एवं समन्वय हेतु निर्देश दिये हैं कि जनपद की नगर पालिका परिषद स्थित सभागार में प्रत्येक माह के अन्तिम मंगलवार को नागरिक सुविधा दिवस का आयोजन पूर्वान्ह 10:00 बजे से अपरान्ह 01:00 बजे के मध्य किया जायेजिलाधिकारी ने कहा कि नागरिक सुविधा दिवस के आयोजन के लिए वर्तमान कैलेंडर वर्ष 2025 में आगामी जून माह तक के लिए नगर पालिका परिषद रायबरेली का रोस्टर निर्धारित किया जाता है। निर्धारित रोस्टर अनुसार 25 फरवरी को नगर पालिका परिषद रायबरेली में अपर जिलाधिकारी (वि0रा0) की अध्यक्षता में नागरिक सुविधा दिवस का आयोजन किया जायेगा। इसी प्रकार 25 मार्च को अपर जिलाधिकारी (न्यायिक), 29 अप्रैल को जिलाधिकारी, 27 मई को अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) एवं 24 जून को अपर जिलाधिकारी (वि0रा0) की अध्यक्षता में नगर पालिका परिषद रायबरेली में नागरिक सुविधा दिवस का आयोजन किया जायेगा।

### श्रद्धालुओं ने महाकुंभ स्पेशल ट्रेन पर की पत्थरबाजी

**जन एक्सप्रेस/अयोध्या।** महाकुंभ के चलते प्रयागराज जा रही सभी ट्रेनों में भारी भीड़ चल रही है। भीड़ की वजह से ट्रेन की बोगियों के दरवाजे न खुलने की घटनाएं सामने आ रही हैं। अयोध्या रेल खंड पर कोतवाली क्षेत्र के मलेथू कनक हाल्ट रेलवे स्टेशन पर मंगलवार की देर शाम ट्रेन पर न बैठ पाने से नाराज श्रद्धालुओं ने हंगामा किया। बाद में पत्थरबाजी भी की। इससे ट्रेन की कई बोगियों के शीशे टूट गए। कुछ श्रद्धालुओं के घायल होने की सूचना भी है। बताया गया कि अयोध्या से प्रयागराज जा रही स्पेशल महाकुंभ ट्रेन संख्या 64222 लगभग 07-20 बजे मलेथू कनक हाल्ट रेलवे स्टेशन पर पहुंची। ट्रेन में श्रद्धालुओं की संख्या ज्यादा थी, जिसके चलते ट्रेन में मौजूद यात्रियों ने कई बोगी का गेट अंदर से बंद कर दिया। स्टेशन पर जैसे ही ट्रेन रुकी, श्रद्धालुओं ने ट्रेन में घुसने का प्रयास किया। कुछ तो कड़ी मशक्कत के बाद अंदर बैठ गए, लेकिन करीब 150 श्रद्धालु नहीं बैठ पाए और ट्रेन चलने लगी।

# 'हादसे की जिम्मेदारी ले सरकार'

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (माले) जिला सचिव उदय पटेल और अखिल भारतीय किसान महासभा जिलाध्यक्ष फूल चंद्र मौर्या ने संयुक्त बयान जारी कर कहा कि महाकुंभ के दौरान हुई मौतो के लिए योगी सरकार को जिम्मेदार है। माले नेताओं ने कहा सरकार ने महाकुंभ को संघ और भाजपा की सांप्रदायिक राजनीति साधने की परियोजना बना दिया गया। इसका प्रचार-प्रसार करने में अकूत धन व्यय किया गया लेकिन आम जनता के लिए कोई भी समुचित व्यवस्था नहीं दी गई नेताओं, पूंजीपतियों और अन्य विशिष्ट लोगों को बेहतर सुविधा देने के चलते आम लोगों को सामान्य तौर पर मिलने वाली सुविधाओं को भी बंद कर दिया गया। महाकुंभ के दौरान हुई मौतों के पीछे भी प्रशासन द्वारा वहां पर उपस्थित लोगों को एकाएक स्नान करने के लिए भेजने के दबाव के चलते हुआ मृतकों में ज्यादातर गरीब पृष्ठभूमि से आने वाले श्रद्धालु, मेला में सफाई कर्मी व भीख मांगने वाले शामिल है। भीड़ को मीडिया के जरिए प्रचारित करने के लिए बेवजह कई रास्तों को बन्द किया गया था और लोगो को कुछ ही रास्तों से गुजारा गया। जिसके चलते पूरी प्रशासनिक व्यवस्था ध्वस्त हो गई और लोगों को मरने के लिए छोड़ दिया गया।

रात में इस तरह की अराजकता की स्थिति कई बार घटित हुई। इसको रोकने में प्रशासन अक्षम साबित हुआ मीडिया स्रोतों से पता चला कि घटना के कई घंटे बाद भी वहां पर कोई सुविधा नहीं मिल सकी। पूरे शहर में यातायात समेत खाने पीने की भी सुविधा सरकार की तरफ से नदारत है। आम नागरिकों की तरफ से जरूर कुछ खाने पीने की व्यवस्था की गई है।

# विजय पांडेय मर्डर केस, दोषी चाचा और दो भतीजों को उम्रकैद की सजा

## कोर्ट ने सुनाई सश्रम उम्रकैद की सजा, ₹1.65 लाख का जुर्माना भी लगाया

**जन एक्सप्रेस । गौरीगंज,अमेठी**

जिले के बहुचर्चित विजय पांडेय मर्डर केस में एडीजे चतुर्थ एकता वर्मा की अदालत ने मंगलवार को बड़ा फैसला सुनाया है।कोर्ट ने दोषी खेमचंद्र उर्फ गब्बर और उसके दो भतीजों अक्षय तिवारी एवं अंकित तिवारी को सश्रम उम्रकैद की सजा सुनाई है। इसके अलावा, तीनों दोषियों पर कुल रू.1.65 लाख का अर्थदंड भी लगाया गया है।

इससे पहले 23 जनवरी को कोर्ट ने तीनों को दोषी ठहराया था, जबकि चौथे आरोपी अभय तिवारी के खिलाफ मामला किशोर न्यायालय में लंबित है।

**क्या था पूरा मामला?**

यह मामला अमेठी जिले के गौरीगंज थाना क्षेत्र के ग्राम मानमिश्र, मजरे असैदापुर का है।

शिकायतकर्ता रवींद्र प्रताप पांडेय ने नौ अक्टूबर 2021 को अपने बेटे विजय पांडेय की हत्या के मामले में एफआईआर दर्ज कराई थी। घटना से पहले गौरीगंज स्थित बी-मार्ट शॉपिंग मॉल के पास चाऊमीन खाने के दौरान विजय पांडेय और अभय तिवारी के बीच कहासुनी हुई थी।

इसी विवाद को लेकर अभय तिवारी, उसके भाई अक्षय तिवारी, अंकित तिवारी और उनके चाचा खेमचंद्र उर्फ गब्बर ने चाकू से हमला कर विजय पांडेय को लहूलुहान कर दिया, जिससे उसकी मौत हो गई।

**पुलिस ने इस मामले में आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी।**

**अभय तिवारी नाबालिग था** इसलिए उसका मामला किशोर न्यायालय में लंबित है। बाकी तीन आरोपियों खेमचंद्र, अक्षय और अंकित का ट्रायल एडीजे चतुर्थ की अदालत में चला। बचाव पक्ष के वकील ने आरोपियों को निर्दोष बताया जबकि शासकीय अधिवक्ता विजय शंकर शुक्ला ने उन्हें हत्या में सक्रिय भूमिका निभाने वाला बताया। एडीजे एकता वर्मा की अदालत ने अभियोजन पक्ष की दलीलों को स्वीकार करते हुए तीनों आरोपियों को हत्या सहित अन्य अपराधों में दोषी करार दिया।

**कोर्ट का फैसला और सजा**

अदालत ने खेमचंद्र उर्फ गब्बर, अक्षय तिवारी और अंकित तिवारी को सश्रम उम्रकैद की सजा सुनाई। तीनों पर रू.1.65 लाख का अर्थदंड भी लगाया गया। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि यह घटना एक मामूली कहासुनी से उपजी थी, लेकिन आरोपियों ने उसे अनावश्यक रूप से बढ़ाकर हत्या की वारदात को अंजाम दिया।

**न्याय का संदेश**

इस फैसले से यह स्पष्ट हो गया है कि छोटी-छोटी कहासुनी को बढ़ाकर हिंसक वारदात करने वालों को सख्त सजा मिलेगी। अदालत का यह फैसला सामाजिक चेतावनी भी है कि गुस्से और आवेश में आकर किए गए अपराध जीवनभर की सजा दिला सकते हैं। अब दोषियों को अपनी पूरी जिंदगी सलाखों के पीछे गुजारनी होगी।

# योगीराज में सिर्फ दिखावा किया जा रहा है: इं0 वीरेन्द्र यादव

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**




समाजवादी पार्टी रायबरेली द्वारा पीडीए चर्चा कार्यक्रम आयोजित किए गए जिसके क्रम में विधानसभा क्षेत्र हरचंदपुर के सेक्टर हरीपर मिर्दहा एवं रनापुर पहरौली में ग्राम वासियों, छात्रों एवं किसानों से जिला अध्यक्ष इ. वीरेन्द्र यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी सरकार में इस क्षेत्र में किए गए कार्यों आधा दर्जन बिजली केंद्रो की स्थापना, चिकित्सालय का निर्माण, सरकारी डिग्री कॉलेज एवं इण्टर कॉलेज की स्थापना एवं सैकड़ों किमी सड़कों, पुलों का निर्माण हुआ था जिसको लोग आज भी याद कर रहे हैं।

परन्तु वर्तमान बीजेपी सरकार में आमजनों के हित में कोई कल्याणकारी कार्य नहीं हुए बीजेपी राज में आमजनों के साथ अन्याय उत्पीड़न एवं बीजेपी नेताओं द्वारा महापुरुषों का अपमान किया जा रहा है। विधानसभा क्षेत्र बछरावा के कोटवा एवं मऊ सेक्टर में पीडीए चर्चा कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक श्याम सुंदर भारती ने कहा कि बीजेपी सरकार की नाकाम एवं तानाशाही पर उतारू हैकार्यक्रमों में मुनेश्वर पासी, जीतू सिंह, सुरेश पासी, ब्रजेंद्र चौधरी, राकेश यादव, दीपू शुक्ला, विजय बहादुर, वीरेन्द्र बहादुर आदि ने पीडीए पर चर्चा की गयी इस अवसर पर पीडीए पर्चा वितरित किया गया। विधानसभा क्षेत्र सलोन के बघौला सेक्टर में लवकुश मौर्य, विधानसभा अध्यक्ष पुत्तन सिंह यादव, राजन चौधरी आदि द्वारा उपस्थित ग्रामीणों महिलाओं से जनसरोकर की समस्याओं एवं बीजेपी सरकार की तानाशाही पर चर्चा करविचार व्यक्त कियाविधानसभा क्षेत्र रायबरेली सदर के सेक्टर कहारों का अड्डा में पीडीए चर्चा कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने कहा कि योगीराज में ढकोसला एवं झूठ का प्रचार एवं विकास व सच्चाई पर पर्दा डाला जा रहा है। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष इं.वीरेन्द्र यादव,राष्ट्रीय उपाध्यक्ष समाजवादी अल्पसंख्यक सभा आफ़ताब अहमद रज्जू ख़ान, पूर्व प्रत्याशी आरपी यादव, हसीन अहमद, कल्लू चौधरी, शशिकांत शर्मा, अरुण प्रताप, विनायक सोनकर, मुशीर अहमद, संदीप शुक्ला, सुरजीत सिंह आदि उपस्थित रहे एवं आमजनों के मध्य पीडीए पर चर्चा की गयी।

### पशुपालन विभाग द्वारा भारतीय जीव जंतु कल्याण बोर्ड के दिशा निर्देश पर गुड चना हरा चारा लईया खिलाया गया

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** पशुपालन विभागद्वारा भारतीय जीव जंतु कल्याण बोर्ड के दिशा निर्देशन में तथा मौनी अमावस्या के पावन अवसर पर जनपद रायबरेली में संचालित गोवंश आश्रय स्थलों में संरक्षित निराश्रित गोवंशों को मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ0 अनिल कुमार, विश्व हिंदू महासंघ के जिला उपाध्यक्ष सूरज सिंह बिसेन, समाजसेवी कुंवर नयम सिंह, भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य महिला मोर्चा श्रीमती वंदना कश्यप, मंडल अध्यक्ष महिला मोर्चा श्रीमती सरिता सिंह, विश्व हिंदू महासंघ मातृ शक्ति जिला अध्यक्ष श्रीमती राजकुमारी सिंह के द्वारा विकास खण्ड राही स्थित गोशाला लोधवारी तथा सनही, विकास खण्ड डीह स्थित गोशाला पूरे गजराज में गोवंशों का पूजन किया गया, गुड़, हरा चारा, चुनी चोकर, आटा, केला, चना लाईया, पशु आहार खिला कर गो सेवा कार्य किया गया।

## भीषण सड़क हादसा: अनियंत्रित ट्रैक्टर-ट्राली टोयोटा से भिड़ी, महिला समेत 4 की हुई मौत, 5 घायल



**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

जिले में रफ्तार का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है। मंगलवार की सुबह लगभग छः बजे जिले से होकर निकले लखनऊ प्रयागराज मार्ग पर भीषण सड़क हादसा हुआ है। एक तरफ जहां मौनी अमावस्या स्नान के लिये जा रहे परिवार के एक महिला समेत चार सदस्यों की मौत हो गई। वहीं दो अन्य घायल हैं, जिनका इलाज चल रहा है।मृतक परिवार लखनऊ स्थित बल्दू बिहार दुर्गा मंदिर तेलीबाग का रहने वाला था। दरअसल पूरा मामला जिले के भदोखर थाना क्षेत्र स्थित लखनऊ प्रयागराज मार्ग पर मुंशीगंज बाईपास के पास का है। जहां लखनऊ के तेलीबाग़ निवासी परिवार टोयोटा पर सवार होकर बुधवार को होने वाले मौनी अमावस्या स्नान के लिये महाकुम्भ जा रहा थे। तभी तड़के यहां के मुंशीगंज में कान्हा ढाबा के पास इनका वाहन ट्रैक्टर से भिड़ गया। भिड़ंत में टोयोटा वाहन के परखच्चे उड़ गये जबकि ट्रैक्टर सवार मौके से फरार हो गया। चीख पुकार सुनकर स्थानीय लोगों ने बचाव और राहत कार्य शुरू कर दिया। तभी पुलिस मौके पर पहुंची जहाँ टोयटा में सवार कुल छह लोगों को अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों के मुताबिक इनमें से तीन को मृत लाया गया था। तीन अन्य घायलों में से एक और महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई।वहीं एक बालक समेत दो का गंभीर अवस्था में इलाज जारी है। हादसे में कुल चार लोगों की मौत की सूचना पाकर परिजन लखनऊ से रायबरेली आये मृतकों के परिजनों के करुण विलाप से हर शख्स द्रवित हो गया।

# चिकित्सा महाविद्यालय में मरीजों और तीमारदारों को पार्किंग की समस्या

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**

जनपद के स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय में पार्किंग की समस्या दिन-ब-दिन गंभीर होती जा रही है।अस्पताल और मेडिकल कॉलेज में कार्यरत कर्मचारियों और इलाज के लिए आने वाले मरीजों को अपने वाहन खड़ा करने के लिए उचित व्यवस्था नहीं मिल रही है। जिसके कारण उन्हें मजबूरन अपनी गाडियां सड़क किनारे पार्किंग करनी पड़ रही है।




सड़क किनारे वाहनों की लंबी कतारें लगी होने से अन्य लोगों को भी परेशानी का सामना करना पड़ता है द्यअस्पताल में पार्किंग की उचित व्यवस्था न होने के कारण सड़कों के किनारे बड़ी संख्या में वाहन खड़े किए जा रहे हैं। जिससे यातायात प्रभावित हो रहा है। स्थानीय लोगों और राहगीरों के लिए यह परेशानी का सबब बनता जा रहा है। कई बार एंबुलेंस को भी अस्पताल तक पहुंचने में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।अस्पताल में काम करने वाले कर्मचारी भी पार्किंग की समस्या से परेशान हैं।वे रोजाना अपने वाहन खड़ा करने के लिए जगह की तलाश में भटकते हैं। वहीं, दूर-दराज से इलाज के लिए आने वाले मरीजों और तीमारदारों को भी इस असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।

मरीजों के परिजनों और कर्मचारियों ने अस्पताल प्रशासन और स्थानीय प्रशासन से मांग की है,कि जल्द से जल्द पार्किंग की पर्याप्त व्यवस्था की जाए। यदि परिसर में जगह उपलब्ध है, तो वहां पार्किंग स्थल विकसित किया जाए।वहीं अस्थायी समाधान के तौर पर अस्पताल के पास किसी खुले स्थान को पार्किंग के रूप में उपयोग में लाया जा सकता है। अभी तक अस्पताल प्रशासन की ओर से इस समस्या पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। हालांकि यह मुद्दा अब स्थानीय स्तर पर चर्चा में आ रहा है। यदि जल्द ही समाधान नहीं निकला, तो यह समस्या और विकराल रूप ले सकती है।

## डीएम-एसपी ने मौनी अमावस्या में महाकुंभ प्रयागराज जाने वाली भीड़ के दृष्टिगत महत्वपूर्ण स्थलों का किया निरीक्षण



**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

मौनी अमावस्या में महाकुंभ में स्नान हेतु प्रयागराज जाने वाली भीड़ के दृष्टिगत मध्य रात्रि में जिलाधिकारी हर्षिता माथुर व पुलिस अधीक्षक डॉ0 यशवीर सिंह ने रेलवे स्टेशन, बस स्टेशन, सिविल लाइन चौराहा, होल्डिंग एरिया आईटीआई, सारस होटल, श्रद्धालुओं के लिए बनाए गए स्वागत कक्ष, महाकुंभ सहायता केंद्र व अन्य महत्वपूर्ण स्थलों का संबंधित अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया तथा की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि होल्डिंग एरिया व सभी महत्वपूर्ण स्थानों पर प्रकाश, अलाव, साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए, जिससे श्रद्धालुओं के आवागमन में किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न न हो पुलिस अधीक्षक ने पुलिस के अधिकारियों को निर्देशित करते हुवे कहा कि सुचारू यातायात प्रबंधन व श्रद्धालुओं की सुरक्षा के दृष्टिगत सभी संबंधित स्थलों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की जाए, पुलिस द्वारा निरन्तर पेट्रोलिंग की जाए तथा पुलिस अधिकारियों द्वारा रात्रि में भ्रमणशील रहकर पर्यवेक्षण किया जाए, जिससे कही पर भी यातायात बाधित न हो और श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की कोई असुविधा उत्पन्न न हो निरीक्षण के समय अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका स्वर्ण सिंह सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# श्रद्धालुओं ने महाकुंभ स्पेशल ट्रेन पर की पत्थरबाजी, टूटे शीशे; बोगियों के दरवाजे न खुलने से हुई घटना

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**



महाकुंभ के चलते प्रयागराज जा रही सभी ट्रेनों में भारी भीड़ चल रही है। भीड़ की वजह से ट्रेन की बोगियों के दरवाजे न खुलने की घटनाएं सामने आ रही हैं। अयोध्या रेल खंड पर कोतवाली क्षेत्र के मलेथू कनक हाल्ट रेलवे स्टेशन पर मंगलवार की देर शाम ट्रेन पर न बैठ पाने से नाराज श्रद्धालुओं ने हंगामा किया। बाद में पत्थरबाजी भी की। इससे ट्रेन की कई बोगियों के शीशे टूट गए। कुछ श्रद्धालुओं के घायल होने की सूचना भी है।

बताया गया कि अयोध्या से प्रयागराज जा रही स्पेशल महाकुंभ ट्रेन संख्या 64222 लगभग 07-20 बजे मलेथू कनक हाल्ट रेलवे स्टेशन पर पहुंची। ट्रेन में श्रद्धालुओं की संख्या ज्यादा थी, जिसके चलते ट्रेन में मौजूद यात्रियों ने कई बोगी का गेट अंदर से बंद कर दिया। स्टेशन पर जैसे ही ट्रेन रुकी, श्रद्धालुओं ने ट्रेन में घुसने का प्रयास किया। कुछ तो कड़ी मशक्कत के बाद अंदर बैठ गए, लेकिन करीब 150 श्रद्धालु नहीं बैठ पाए और ट्रेन चलने लगी। ट्रेन में न बैठ पाने से आक्रोशित श्रद्धालुओं ने ट्रेन पर पत्थर फेंकना शुरू कर दिया। पत्थरबाजी में ट्रेन की बोगी का कई शीशा क्षतिग्रस्त हो गया। टूटा कांच प्लेटफार्म पर बुधवार को भी पड़ा था। ट्रेन में बैठे गार्ड को भी चोट लगने की जानकारी मिली है। वहीं, ट्रेन में सवार कुछ यात्रियों ने इसकी शिकायत रेलवे पुलिस सुल्तानपुर से की है। गेटमैन मोहम्मद वसीम ने बताया कि रेलवे के अधिकारियों को जानकारी दी गई है। बीकापुर कोतवाल लालचंद सरोज ने बताया कि पत्थरबाजी नहीं हुई थी। ट्रेन की बोगी का गेट बंद होने से यात्री गेट खोलने के लिए दरवाजा पीट रहे थे।

# 'पोषण भी, पढ़ाई भी' योजना के तहत तीन दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

- शाहगढ़ एवं अमेठी ब्लॉक की आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने लिया प्रशिक्षण में भाग

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**



बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग द्वारा पोषण भी पढ़ाई भी योजना के तहत जनपद में तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, शाहगढ़ के सभागार में संपन्न हुई। समापन सत्र में जिला कार्यक्रम अधिकारी संतोष कुमार श्रीवास्तव एवं प्रधानाचार्य सुरेश चंद्र शुक्ला ने प्रतिभागी आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रमाण पत्र प्रदान किया।तीन दिवसीय प्रशिक्षण का उद्देश्य यह प्रशिक्षण कार्यशाला केंद्र सरकार की पोषण भी, पढ़ाई भी योजना के अंतर्गत आयोजित की गई थी। इसका उद्देश्य आंगनवाड़ी केंद्रों के माध्यम से पोषण एवं प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा को मजबूत करना है। प्रशिक्षण में तीन दिनों तक अलग-अलग विषयों पर जानकारी दी गई।पहले दिन पोषण से संबंधित जानकारी एवं कुपोषण की रोकथाम, दूसरे दिन प्रारंभिक शिक्षा के महत्व पर चर्चा और तीसरे दिन पोषण और शिक्षा का आपसी संबंध एवं समग्र विकास पर प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में नवचेतना, आधारशिला के राष्ट्रीय करिकुलम व प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा के बारे में खेल-आधारित गतिविधियों के माध्यम से जानकारी दी गई। सीडीपीओ शाहगढ़ ममता नायक ने आंगनवाड़ी केंद्रों पर शालापूर्ण शिक्षा की आवश्यकता, समावेशी शिक्षा और आईसीडीएस विभाग की छः प्रमुख सेवाओं पर विस्तार से बताया। सुपरवाइजर मीरा यादव ने बच्चों के समग्र विकास में पोषण और पढ़ाई की भूमिका को रेखांकित किया। उन्होंने गर्भवती महिलाओं की देखभाल, स्तनपान, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना और दिव्यांग बच्चों के समावेश जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर प्रशिक्षण दिया। सुपरवाइजर भादर सीमा सिंह ने आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे अपने क्षेत्र में सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक पहुँचाने में सक्रिय भूमिका निभाएं। उन्होंने गर्भवती महिलाओं, कुपोषित बच्चों और दिव्यांग बच्चों की स्क्रीनिंग एवं उचित परामर्श के महत्व को भी समझाया। प्रशिक्षण में स्टेट लेवल मास्टर ट्रेनर के रूप में राकेट लर्निंग संस्था से सुरेश गुप्ता, राखी गुप्ता उपस्थित रहीं। इस कार्यशाला में शाहगढ़ और अमेठी ब्लॉक की सौ आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने भाग लिया और पोषण एवं प्रारंभिक शिक्षा की नई विधियों को समझा। प्रशिक्षण के समापन अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी और प्रधानाचार्य ने सभी प्रतिभागी आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रमाण पत्र वितरित किया।

# कानपुर नगर एक्सप्रेस

हिंदी दैनिक, जन एक्सप्रेस | @janexpressnews | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper | janexpresslive | लखनऊ, गुरुवार, 30 जनवरी, 2025






**ब्राउन शुगर के साथ एक भारतीय, तीन नेपाली...**

गौरीफंटा इंडो नेपाल के चार युवकों के पास से भारतीय संयुक्त टीमों ने 8 ग्राम 260 मिलीग्राम ब्राउन शुगर बरामद किया है। आपको बता दें कि इन दोनों...

▸ खबर पेज 7 पर...

# स्कूल में 5 साल की बच्ची से डिजिटल रेप की घटना



जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

### डिजिटल रेप का क्या अर्थ होता है

डिजिटल रेप का मतलब रिप्रोडक्टिव अंग के अलावा किसी अंग या ऑब्जेक्ट जैसे उंगलियां अंगूठा या किसी वस्तु का यूज करके जबरन सेक्स करना है। यह शब्द दो शब्द डिजिट और रेप से बना है। अंग्रेजी में डिजिट का मतलब अंग होता है। साथ ही अंगुली अंगूठा पर की उंगली जैसे शरीर के अंगों को भी डिजिट कहा जाता है। यानी कि किसी महिला से बिना उसकी सहमति के पेनिस की बजाय किए गए यौन उत्पीड़न को डिजिटल रेप कहा जाता है। इससे आरोपी पीड़िता के पास फिजिकल ही मौजूद होता है।

शहर में एक बार फिर एक शिक्षक ने शिक्षा जगत को शर्मसार करने का कार्य किया है। बताया जा रहा है कि एक म्यूजिक टीचर ने 5 साल की मासूम बच्ची के संग डिजिटल रेप किया। बच्चों ने मां से प्राइवेट पार्ट में दर्द की शिकायत की। पूछने पर बताया कि म्यूजिक टीचर गंदे हैं पास बुलाकर गंदी हरकत करते हैं। पिछले 7 दिनों से ऐसा कर रहे हैं। इसके बाद परिजन म्यूजिक टीचर अनुपम पांडे के घर गए। उसे पकड़कर थाने ले जाकर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस में मामला दर्ज कर आरोपी टीचर को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी से पूछताछ की जा रही है। घटना बुधवार सुबह की लॉलीपॉप केडीएमए स्कूल की है।

सूत्रों के मुताबिक नौबस्ता के रहने वाली 5 साल की मासूम बच्ची लॉलीपॉप केडीएमए में स्कूल में एलकेजी की छात्रा है। बच्ची की मां ने बताया कि 26 जनवरी को बेटी को नहला रही थी। तभी उसने कहा कि प्राइवेट पार्ट में दर्द हो रहा है। मां को पहले लगा कि कोई इंफेक्शन है। लेकिन बाद में ब्लड निकलता हुआ दिखाई दिया। मां ने जब बच्ची से पूछा तो वह रोने लगी। उसने बताया म्यूजिक टीचर अच्छे नहीं है। स्कूल में जब सारे बच्चे चले जाते हैं तो म्यूजिक टीचर मुझे अपने पास बुलाते हैं। मेरे साथ गंदी हरकत करते हैं। टीचर कई दिन से ऐसा कर रहे हैं। मैं जब रोती हूं तो कहते हैं रो मत वरना पीटूंगा। मैं जब पास नहीं जाती हूं तो जबरन बुलाते हैं। मुझे काफी दर्द होता है। बच्ची के बात सुनते ही गुस्से में परिजन गोविंद नगर में आरोपी टीचर अनुपम पांडे के घर पहुंचे। जब उन्होंने घटना को लेकर उससे बात की तो वह आनाकानी करने लगा। इसके बाद परिजन उसे पकड़कर गुजैनी थाने ले गए। परिजनों ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर मुकदमा दर्ज कराया है। मामले में एडीसीपी साउथ महेश कुमार ने बताया कि आरोपी म्यूजिक टीचर को गिरफ्तार कर लिया गया है। मामले में चार्जसीट दाखिल कर आरोपी को सख्त सजा दिलाने की कोशिश करेंगे।

### महाकुंभ के लिए कानपुर होकर जाएंगी आठ जोड़ी स्पेशल ट्रेनें

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर। महाकुंभ जाने में यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे प्रशासन ने आठ जोड़ी विशेष ट्रेनों का संचालन किया है।
ट्रेन संख्या 02421 सूबेदारगंज- दिल्ली सुपरफास्ट साप्ताहिक स्पेशल नौ फरवरी से दो मार्च तक प्रत्येक रविवार को सुबह 12:15 पर गोविंदपुरी आएगी।
ट्रेन संख्या 02422 दिल्ली- सूबेदारगंज ट्रेन 10 फरवरी से तीन मार्च तक प्रत्येक सोमवार को शाम चार बजे गोविंदपुरी पहुंचेगी ट्रेन संख्या 02423 सूबेदारगंज- मथुरा सप्ताह ट्रेन 11 फरवरी से 28 फरवरी के बीच प्रत्येक मंगलवार, बुधवार,शुक्रवार और शनिवार को सुबह 8:30 बजे गोविंदपुरी आएगी ट्रेन संख्या 02424 मथुरा सूबेदारगंज ट्रेन रात 12:15 पर गोविंदपुरी पहुंचेगी। ट्रेन संख्या 09725 जयपुर - धनबाद स्पेशल छह फरवरी को दोपहर 3:30 बजे गोविंदपुरी पहुंचेगी।

# मौनी अमावस्या पावन पर्व बिठूर घाटों पर उमड़ा आस्था का जन सैलाब



### मौनी अमावस्या पर मौन व्रत रखने के लाभ

आत्मिक शांति और ध्यान में वृद्धि,
वाणी का नियंत्रण और ऊर्जा का संरक्षण
संयम और आत्म-अवलोकन
संबंधों में सुधार
आध्यात्मिक उन्नति और ईश्वर से संपर्क होता है।

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर



### मौनी अमावस्या पर मौन का महत्व

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार मौनी अमावस्या आंतरिक आवाज को सुनने और मन को शांत रखने का महा पर्व है, इस दिन मौन रहकर स्नान और दान करने से व्यक्ति को मानसिक शांति की प्राप्ति होती हैं। कहा जाता है कि इस दिन मौन रहने से वाणी का नियंत्रण और ऊर्जा का संरक्षण होता है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार मौन ईश्वर से जुड़ने का माध्यम है और इससे व्यक्ति की एकाग्र क्षमता भी बढ़ती हैं।

**बिठूर।** मौनी अमावस्या के दिन गंगा में स्नान करने से जाने-अनजाने में किए गए पाप कर्म धुल जाते हैं। मां गंगा की कृपा भी भक्तों पर बरसती है। कुंडली में शामिल अशुभ ग्रहों से मुक्ति मिलती है। इस बार माघी अमावस्या पर कई शुभ संयोग का निर्माण हुआ। मौनी अमावस्या के दिन खासकर बिठूर के घाटों पर भोर से ही कानपुर के अलावा अन्य शहरों से आए हजारों श्रद्धालुओं ने गंगा के पवित्र धारा में आस्था की डुबकी लगाई। ऐसी मान्यता है की मौनी अमावस्या के दिन मौन व्रत रखकर पवित्र नदियों में स्नान करने का विधान है। इस दिन पितरों को प्रसन्न करने के लिए दानी पुण्य भी किया जाता है। गंगा स्नान करने के बाद श्रद्धालुओं ने गत के किनारे बैठे तीर्थ पुरोहितों को दान पुण्य कर आशीर्वाद प्राप्त किया। घाटों पर कानपुर कमिश्नरेट पुलिस की ओर से सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर नजर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया था। बिठूर थाना प्रभारी प्रेम नारायण विश्वकर्मा स्वयं अपने साथियों के साथ घाट के किनारे जल पुलिस की वोट में पेट्रोलिंग करते हुए नजर आए। घाटो पर गंगा-स्नान करने आने वाले तीर्थ यात्रियों की सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए गहने घाटों को बैरिकेड किया गया था।

# सिपाही के भतीजे ने ही अपने घर में की थी चोरी

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

कानपुर के बिठूर में सिपाही के भाई के घर हुई चोरी का पुलिस ने उसी के भतीजे आयुष दोहरे को गिरफ्तार कर 24 घंटे के भीतर पर्दाफाश कर दिया। पुलिस की जांच में पता चला है कि आयुष का हमीरपुर में तैनात एक कथित महिला दरोगा से प्रेम प्रसंग है। उसी पर खर्च करने के लिए भतीजे ने कई लोगों से उधार लिया था। यही नहीं, महिला दरोगा से भी रुपये लिए थे। इन्हें लौटाने के लिए दरोगा ने दबाव बनाते हुए उसे चोरी करने या नस काटने का दबाव बनाया था। पुलिस ने फिलहाल आरोपी को गिरफ्तार कर चोरी का माल बरामद कर लिया है। एसीपी कल्याणपुर अभिषेक पांडेय ने बताया कि मंधना बगदौधी बांगर निवासी बृजेश कुमार दोहरे के घर से रविवार दोपहर 80 हजार रुपये और लगभग चार लाख के गहने चोरी हुए थे। बृजेश का भाई धर्मेंद्र यूपी पुलिस में सिपाही है और शहर में ही एक अधिकारी के आवास पर तैनात है। एसीपी के मुताबिक पुलिस ने घटना की जांच के दौरान शक के आधार पर बृजेश के बेटे आयुष दोहरे को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की। पहले तो वह गुमराह करता रहा, लेकिन पुलिस के सख्ती करने पर टूट गया। आयुष ने बताया कि उधार रकम वापस करने के लिए उसने सट्टा भी खेला, तो उसमें भी काफी पैसा हार गया। इसी के चलते मौका पाकर जब मां सुमन दोहरे, बहन आयुषी व भाई दोहरे छत पर धूप सेक रहे थे।

# बाबा बलखंडेश्वर महादेव विकास सेवा समिति द्वारा जरूरतमंदों को बांटे गए कंबल

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

**परियर।** बाबा बलखंडेश्वर महादेव विकास सेवा समिति द्वारा गांधी मिशन इंटर कॉलेज के प्रबंधक शिवशरण अवस्थी, साईं हॉस्पिटल पुरननगर, ग्राम प्रधान परियर आदि के सहयोग से मंदिर परिसर में सैकड़ों जरूरत मंदो को कंबल वितरण किए गए।क्षआयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में पधारे सदर विधायक पंकज गुप्ता ने सरकार की योजनाओं को बताया सभी को एक जुट रहने को कहा और जरूरत मंदो को कंबल वितरण करने का शुभारंभ किया। बाद में परिसर में लगे स्वास्थ शिविर में आंखों की जांच कराई और डेंटल, आयुर्वेदिक, जर्नल मेडिसिन, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, कृषि विभाग, राजस्व विभाग द्वारा लगाए गए कैंपों को देखा और जरूरी जानकारी की। रामा मेडिकल कॉलेज एवं रिसर्च सेंटर से अभिषेक चौरसिया के नेतृत्व में आंख के 55, डेंटल 47, जर्नल मेडिसिन 82, आयुर्वेदिक 44 मरीजों की जांच कर परामर्श दिए। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की टीम ने 120 लोगो की जांच कर दवा दी।

कृषि विभाग की टीम द्वारा किसानों की फॉर्मर रजिस्ट्री की गई।समिति द्वारा आयोजित भंडारे में लोगो ने प्रसाद ग्रहण किया।

बाबा बलखंडेश्वर महादेव विकास सेवा समिति के अध्यक्ष रविशंकर मिश्रा ने बताया समिति हमेशा समाज हित व सनातन धर्म के कार्य करने के लिए तैयार रहती हैं।

इस मौके पर सफीपुर के भाजपा नेता सौरभ बाजपेई, हिन्दू जागरण मंच के प्रांतीय अध्यक्ष विमल द्विवेदी, जिला अध्यक्ष अजय त्रिवेदी, विश्व हिंदू परिषद के चंद्रप्रकाश गुप्ता, हरिनारायण पांडे, शंकर स्वरूप अवस्थी, शिवमंगल सैनी, राजकिशोर तिवारी, नन्हकू अवस्थी, देवेंद्र सिंह, संदीप अवस्थी, राधेश्याम, ज्ञानेंद्र सिंह, अलोक तिवारी, अमित प्रधान, प्रधान प्रतिनिधि सुरेश वर्मा, डॉ विनोद, रामखेलावन, ग्राम विकास अधिकारी अवधेश श्रीवास्तव, अंजनी पाठक, देवीप्रसाद पूर्व प्रधान, मोमिनपुर ग्राम प्रधान महाबीर आदि लोग मौजूद रहे।

# पूर्व एमएलसी ने बिल्डर परिवार पर दर्ज कराया मानहानि का परिवाद

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर



कानपुर में छेड़छाड़ का झूठा मुकदमा दर्ज कराने वाली अनुया सोनकर, उसके भाई जयेश व पिता अजय सोनकर के खिलाफ पूर्व एमएलसी सरदार कुलदीप सिंह ने एमपी एमएलए कोर्ट में 10 करोड़ रुपये की मानहानि का वाद दाखिल किया है। प्रभारी न्यायाधीश सुशील कुमार सिंह ने सुनवाई के लिए 13 फरवरी की तारीख नियत की है।

कुलदीप सिंह ने परिवाद पत्र में कहा है कि वह पूर्व एमएलसी, केंद्रीय गुरु सिंह सभा उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष, श्री गुरु सिंह सभा कानपुर महानगर के चेयरमैन होने के साथ-साथ कांग्रेस की इंदिरा गांधी और राजीव गांधी सरकार में विशेष दर्जा प्राप्त व अंतरराष्ट्रीय छवि वाले व्यक्ति हैं। वर्ष 2004 में उन्होंने पांडु नगर में एक प्लॉट खरीदा था।

### एक रिश्तेदार को बेच दिया बिना निर्माण का फ्लैट

इस पर फ्लैट के निर्माण के लिए बिल्डर जयेश सोनकर की फर्म जेए कंस्ट्रक्शन से एग्रीमेंट हुआ था। नक्शे के विपरीत भवन निर्माण करने के कारण केडीए ने बिल्डिंग सील कर दी थी, जो आज भी सील है। बिल्डर जयेश ने धोखाधड़ी कर बिना उनके हस्ताक्षर के कूटरचित पॉवर ऑफ अटॉर्नी बनाई। सील बिल्डिंग पर बैंक से लोन लिया और फर्जीवाड़ा कर अपने ही एक रिश्तेदार को बिना निर्माण का फ्लैट बेच भी दिया।

### झूठा मुकदमा दर्ज कराने की कोशिश की

इन सब धोखाधड़ी पर जब उन्होंने जयेश के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई, तो जयेश ने उन पर दबाव बनाने व समाज में उनकी छवि को खराब करने के लिए जगह-जगह झूठे प्रार्थना पत्र देने शुरू कर दिए। आईजीआरएस, पुलिस कमिश्नर, मानवाधिकार आयोग और यहां तक कि कोर्ट में भी झूठा प्रार्थना पत्र देकर उनके खिलाफ झूठा मुकदमा दर्ज कराने की कोशिश की गई।

### घटना झूठी पाए जाने पर पुलिस ने फाइनल रिपोर्ट लगाई

जयेश के पिता अजय सोनकर ने भरी कचहरी में उनके साथ अभद्रता की और उन्हें धमकाया। इसके बाद भी यह लोग शांत नहीं हुए और जुलाई 2024 में जयेश की बहन अनुया सोनकर ने उनके खिलाफ छेड़छाड़ की झूठी रिपोर्ट दर्ज करा दी। इस घटना के अखबारों में छपने के बाद लोगों ने उनका मजाक बनाया, जिससे उन्हें बहुत मानसिक आघात पहुंचा। छेड़छाड़ की घटना झूठी पाए जाने पर पुलिस ने फाइनल रिपोर्ट लगा दी थी, जिसे विशेष न्यायालय एससी एसटी एक्ट ने स्वीकार भी कर लिया।

### कोर्ट में मानहानि का परिवाद दर्ज कराया

पुलिस ने अनुया के खिलाफ भी मुकदमा दर्ज करने की संस्तुति की थी, लेकिन मुकदमा दर्ज नहीं हो सका। कुलदीप के अधिवक्ता आशीष अग्रवाल ने बताया कि समाज में कुलदीप सिंह की छवि खराब करने, उनको शारीरिक और मानसिक आघात पहुंचाने के लिए बिल्डर जयेश सोनकर, उसके पिता अजय सोनकर और बहन अनुया सोनकर के खिलाफ कोर्ट में मानहानि का परिवाद दर्ज कराया है। कोर्ट से तीनों को तलब कर दंडित करने की मांग की है।

# गौ तस्कर से पुलिस की हुई मुठभेड़, गौ तस्कर के पैर में लगी गोली

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

महाराजपुर थाना क्षेत्र में पुलिस एनकाउंटर में पकड़े गए गौ तस्कर ने पुलिस के सामने कई खुलासें किए हैं। उसने पूछताछ में अपने साथियों का भी नाम बताया है। डीसीपी ईस्ट श्रवण कुमार सिंह ने मामले में जानकारी देते हुए बताया कि फतेहपुर से भी इसकी पूरी जानकारी जुटा जा रही है। साथ ही गुड वर्क करने वाली टीम को 25 हजार रुपए के इनाम की भी घोषणा की गई है। मंगलवार की दिन रात सरसौल स्टेशन के नीचे पुलिस ने जहानाबाद फतेहपुर के रहने वाले माजिद को गिरफ्तार किया था। शातिर ने पुलिस पार्टी पर फायरिंग कर दी थी। इसमें एक सी पवन कुमार मिश्रा बाल बाल बच गए थे। पुलिस की जवाबी फायरिंग में आरोपी के पैर में गोली लगी। पुलिस ने उसे इलाज के लिए सीएचसी मैं भर्ती कराया था। पुलिस सूत्रों के मुताबिक पुलिस ने 3 जनवरी की रात को मांस से भरा पिकअप पड़ा था। उसे समय मजीद उसे पिकअप में मौजूद था। मगर किसी तरह से वह पुलिस से बच निकलने में कामयाब हो गया। पुलिस टीम में कब से इस शातिर के पीछे लगी हुई थी। मैनुअल के अलावा सर्विलांस टीम की भी पूरी मदद ली जा रही थी। इसके बाद आरोपी का पता चला।

### 10 जनवरी को दो भैंसों की, की गई थी चोरी

माजिद ने पुलिस को बताया कि 10 दिसंबर 2024 की रात को उसने और बब्बू ने हाथीपुर रेलवे अंडरपास स्थित एक घर के पीछे कमरे में बंधीं दो भैंस वह दो पुड़िया को चुराया था और जहानाबाद बाजार में आए हुए बाहरी व्यापारियों को बेच दी थी। उसके रुपए आपस में बांट लिए थे। इसमें माजिद को22 हजार रुपए मिले थे।

डीसीपी ईस्ट श्रवण कुमार सिंह के मुताबिक माजिद ने पूछताछ में बताया कि गोवंश को पकड़कर वह जहानाबाद ले जाता है। जहां सकुरा के पास साथी जहानाबाद के रहने वाले बब्बू और उसका साथी जो मछरिया में रहता है मिलकर गोवंशों को काट देते थे। गोवंशों को नफीस की पत्नी रूबी बूढ़पुर मछरिया की गाड़ी का इस्तेमाल कर सप्लाई कर देते हैं। माल किसे डिलीवरी होना है इसकी जानकारी बब्बू देता था। इसमें बब्बू अपने मछरिया वाले साथी को डिलीवरी के लिए साफ भेजता था। माजिद ने बताया कि 3 जनवरी की रात पुलिस ने जो माल पकड़ा उसे उसे बड़ा नुकसान हो गया था। इसके कारण वह फिर से छुट्टा गोवंश खोजने के लिए कानपुर आए थे।

# विकास कार्यों में नहीं चलेगा फर्जीवाड़ा: आयुक्त सुधीर कुमार






जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

नगर निगम में विकास कार्यों में फर्जी वाड़ा रोकने के लिए नगर आयुक्त सुधीर कुमार ने सख्त आदेश जारी किए हैं। विकास कार्यों में धांधली को रोकने के लिए नगर आयुक्त ने जेई से लेकर चीफ इंजीनियर तक की जिम्मेदारी तय कर दी है। नगर आयुक्त ने बताया कि अब जोन में तैनात जूनियर इंजीनियर, जोनल इंजीनियर,चीफ इंजीनियर, को मौके पर जाकर निरीक्षण करना होगा और एस्टीमेट फाइल में जीपीएस फोटोग्राफ भी लगाना होगा। फर्जीवाड़ा होने पर उसकी ही जिम्मेदारी तय की जाएगी। मौजूदा समय में पार्षदों के पत्र के आधार पर इंजीनियर ऑफिस में बैठे-बैठे एस्टीमेट तैयार कर फाइल तैयार कर देते थे। मौके पर विकास कार्य की जरूरत है या नहीं यह तय नहीं हो पता था। कई बार एक ही विकास कार्य दो-दो बार फाइलों में कर दिया जाता है।

इससे यह धांधली रुकेगी। फाइल में जीपीएस फोटोग्राफी की इंजीनियर की फोटो होने पर उसकी जिम्मेदारी भी होगी।

### ऐसे में एस्टीमेट बनने में होगी देरी बोले पार्षद

मामले में पार्षदों ने इस आदेश का विरोध जताया है। वरिष्ठ पार्षद महेंद्र पांडे, नीरज कुरील, नीरज बाजपेई ने बताया कि इस आदेश के बाद से वार्डों में विकास कार्य प्रभावित होंगे। विकास में इंजीनियरों की कमी है और एक-एक इंजीनियर पर वर्कलोड बहुत है। एक एक विकास कार्य के लिए मौके पर इंजीनियर जाएगा इससे विकास कार्यों की पहले देरी से बनेगी। इससे वार्ड के विकास कार्यों में देरी होगी।

### होमवर्क पूरा ना होने पर 9वीं के छात्र ने किया सुसाइड

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर। होमवर्क पूरा न होने पर नमी के छात्र ने सुसाइड कर लिया। छात्र ने रात भर पढ़ाई की। सुबह चाचा के साथ स्कूल गया गेट पर पहुंचते ही रोने लगा और वापस घर आ गया। मंगलवार शाम को घर में फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया। सूत्रों के मुताबिक घटना रावतपुर थाना क्षेत्र के विनायकपुर की है। विनायकपुर के रहने वाले दिनेश चंद्र कुशवाहा आरटीओ में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी हैं। वह ऑफिस गए थे। घर में पत्नी दो बेटियां और 15 साल का बेटा दिव्यांश था। छात्र की मां ने बताया कि सोमवार रात में दिव्यांश पढ़ाई करने के लिए अपने कमरे में चला गया। रात भर पढ़ाई कर रहा था। इसके बाद मैं भोर में पानी पीने के लिए उठी तो देखा दिव्यांश के रूम में लाइट जल रही है। मंगलवार की सुबह उठा तो कहने लगा कि अभी होमवर्क पूरा नहीं हुआ है। आज मैं स्कूल नहीं जाऊंगा। हम लोगों ने कहा तुम स्कूल जाओ कोई दिक्कत नहीं है। फिर भी वह तैयार हुआ। चाचा के साथ स्कूल गया। वहां गेट पर रोने लगा। चाचा उसे लेकर वापस घर आ गए। घर आने के बाद दिनभर वह गुमसुम था। शाम 4:00 बजे उसको बुलाया तो कोई रिस्पांस नहीं मिला कमरे में गई तो वह फंदे से लटक रहा था। अपने कलेजे के टुकड़े को फांसी के फंदे पर लटकता देख मां जोर जोर से चीखने लगी। चीखने की आवाज सुनकर परिवार के अन्य सदस्य भी पहुंच गए। छात्र के शव को फांसी के फंदे से नीचे उतारकर तुरंत हैलेट अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टरों ने बच्चों को मृत घोषित कर दिया।

# शराब पीने में हुई कहासनी, युवक को डंडों से पीट-पीटकर उतारा मौत के घाट






जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

कानपुर शहर के साढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक दर्दनाक हत्या का मामला सामने आया है। युवकों ने शराब पीने में हुई कहासुनी के बाद युवक के सिर पर डंडे से कई बार वार कर पीट-पीट कर मौत के घाट उतार दिया। युवक की मौत होने के बाद आरोपी वहां से फरार हो गए। परिजनों की सूचना पर पहुंची साढ़ पुलिस ने फॉरेंसिक टीम को बुलाकर घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए हैं। मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। साथ ही साथ घटना को अंजाम देने वाले आरोपियों की तलाश की जा रही है। सूत्रों के मुताबिक साढ़ थाना क्षेत्र के सचौली गांव के मजदूर राजेश उम्र 45 वर्ष की मंगलवार दिन रात शराब पीने के दौरान हुए विवाद में पीट- पीटकर कर हत्या कर दी गई। मृतक अपने तीन बच्चों और मां शिवरानी के साथ रहता था। और मजदूरी करके परिवार का भरण पोषण करता था। घटना मंगलवार की देर रात की है जब राजेश अपने पड़ोसी शहजादे और धीरज कुरील के साथ शराब पी रहा था। इसी दौरान कहां सुनी हुई जो बाद में विवाद में बदल गई। आरोपियों ने पहले राजेश की पिटाई की और फिर यूके लिप्टिस के डंडे उसके सिर पर कई बार वार किया। जिससे मौके पर ही उसकी मृत्यु हो गई। हत्या के बाद दोनों आरोपी मौके से फरार हो गए। परिजनों की सूचना पर पुलिस और फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। घटनास्थल पर पहुंचकर फॉरेंसिक टीम ने महत्वपूर्ण साक्ष्य को इकट्ठा किया। मृतक केशव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। थाना प्रभारी अवनीश सिंह के अनुसार पड़ोसियों ने घटना की जानकारी दी है और तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### कमर की गोलाई से है हार्ट अटैक का संबंध

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर। बहुत पहले कभी पड़े अकाल का दंश भारतीय आज भी भुगत रहे हैं। वजह एक जीन है, जो अकाल के समय सक्रिय हुई और पीढ़ी दर पीढ़ी सक्रिय बनी हुई है। डॉक्टर इसे मिलेनोकार्टिन-4 के नाम से पुकारते हैं। डॉक्टरों के अनुसार लंबे समय तक कम खाना मिलने पर यह जीन शरीर में सक्रिय हो जाती है और कमर में वसा जमा करने लगती है। यह वसा ही खाना न मिलने पर शरीर को दुरुस्त रखता है। दिक्कत यह है कि पेट भर खाना मिलने पर भी जीन सक्रिय रहकर वसा जमा करती रहती है। इससे कमर की गोलाई बढ़ जाती है और इसी वसा से हार्ट अटैक का खतरा बढ़ जाता है। यह निचोड़ एलपीएस कार्डियोलॉजी इंस्टीट्यूट में हुए एक अध्ययन का है। हार्ट अटैक के 1500 रोगियों की स्थिति पर किए गए अध्ययन में 1050 रोगियों की कमर की गोलाई ज्यादा पाई गई। इनमें से 90 फीसदी रोगियों में डायबिटीज, यूरिक एसिड और थायरॉइड की समस्या भी मिली।

# तेज रफ्तार बाइक फिसली, युवती की मौत



जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

घाटमपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत तड़के एक दर्दनाक सड़क हादसे में युवती की मौत हो गई। मुगल रोड स्थित पारस चौराहे पर बाइक फिसलने से हुए हादसे में युवती को गंभीर चोटें आ गई थी। जिससे उसकी मौत हो गई घटना में बाइक सवार युवक मामूली रूप से घायल हुआ है। सीएचसी में युवक ने खुद को जाजमऊ का रहने वाला आरिफ और युवती का पति होना बताया है। लेकिन मौका पाकर वह फरार हो गया। पुलिस जात में सामने आया है कि आरिफ रायबरेली का रहने वाला है और वर्तमान में कानपुर में रहता है। वहीं मृतक युवती फतेहपुर के जहानाबाद की रहने वाली थी। और दोनों प्रेमी-प्रेमिका थे। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस ने युवती के परिवार को सूचना दी है। परिवार वालों के मुताबिक व तीन भाइयों के बीच अकेली बहन थी। उसकी बड़ी बहन का कुछ साल पहले निधन हो चुका था। माता का देहांत उसके जन्म के कुछ दिन बाद ही हो गया था। और पिता की भी 3 साल पहले मृत्यु हो गई थी। मामले में इंस्पेक्टर धनंजय कुमार पांडे ने बताया कि युवती के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है और पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है साथ ही साथ फरार आरोपी की तलाश जारी है।

## जन एक्सप्रेस



## सम्पादकीय

# हर बार सनातन की आस्था पर प्रहार

**आज संपूर्ण दुनिया महाकुंभ के वैभव, सनातन की आस्था को देखकर विस्मित, नतमस्तक है। लेकिन हमारे देश के हिंदू धर्म में ही पैदा हुए लोग महाकुंभ में पवित्र स्नान को डुबकी लगाना, अंधविश्वास कहते हैं। इन लोगों को ना देश की सांस्कृतिक विरासत का ज्ञान है, ना परंपरा की समझ है। लेकिन सवाल यही है कि हर बार सनातन पर ही प्रहार क्यों? क्यों हर बार सनातन की परंपरा, मूल्य, नायकों और संस्कृति को निशाना बनाकर प्रहार किया जाता है। भारत को एक सांस्कृतिक राष्ट्र के रूप में सारा विश्व जानता है राष्ट्र जिसकी एक संस्कृति, परंपरा, साहित्यिक अवधारणा आचार- विचार, व्यवहार होता है।**

*कुंभ भारत की सनातन संस्कृति की अद्वितीय शक्ति, आध्यात्मिकता, सहिष्णुता और एकता का प्रतीक है । यह आत्मा की शुद्धता और सामाजिक समरसता का प्रतीक है। भारत अपनी सनातन संस्कृति के लिए विश्व भर में जाना जाता है। यह कुंभ आत्मा के शुद्धिकरण और पुनर्जन्म के चक्र से मुक्ति का माध्यम है ।कुंभ सिर्फ धार्मिक अनुष्ठान तक सीमित नहीं है बल्कि यह भारत की सामाजिक, सांस्कृतिक विविधता को दर्शाता है। कुंभ मेला % वसुधैव कुटुंबकम% की उस अवधारणा को चरितार्थ करता है जिसमें संपूर्ण विश्व को स्वयं में समाहित करने की शक्ति है। देश दुनिया से अनेक लोग अपने-अपने आस्था- विश्वास की डोर को हाथों में थाम कर, अपने रीति- रिवाज, संस्कार, आचार- व्यवहार को अपने साथ लेकर भारत भूमि पर आए हैं और यहां का दृश्य देख वे आश्चर्य और विस्मय से भर गए हैं। वे देख रहे हैं कि भारत की सनातन संस्कृति किस तरह से अपनी बांहे खोल उनका स्वागत कर रही है। वे देख रहे है यहां की सामाजिक समरसता को जहां लिंग, जाति, धर्म, पंथ, संप्रदाय ,मत, अमीर-गरीब, पूरब - पश्चिम के भेद का कोई अर्थ नहीं है। यहां अनेक को एकाकार होते हुए देखा जा सकता है। तीर्थराज प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ हमारी सनातन संस्कृति की आस्था और आध्यात्मिकता की जीवंत अभिव्यक्ति है परंतु ऐसे समय में भी हमारे देश का विपक्ष राजनीति करने से,सनातन की मान्यताओं का मखौल उड़ाने से बाज नहीं आ रहा है। कुंभ में भाजपा नेताओं के स्नान को डुबकी कह कर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बता दिया है कि उन्हें सनातन धर्म की, उसकी परंपराओं की कितनी गहरी समझ है। वरना वे करोड़ों लोगों की आस्था को अपने शब्दों से आहत नहीं करते । उन्होंने कहा कि इस महाकुंभ में हजारों रुपये खर्च कर के कंपटीशन में भाजपा नेता डुबकी लगा रहे हैं और तब तक डुबकी लगाते हैं जब तक टीवी में अच्छा नहीं आ जाता। उनका मानना है कि धर्म के नाम पर गरीबों का शोषण हो रहा है। उन्होंने कहा कि क्या गंगा में डुबकी लगाने से गरीबी दूर हो सकती है क्या इससे पेट भरता है? उनका यह बयान उस दिन आया जब केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने महाकुंभ में संगम पर पवित्र स्नान किया। वस्तुत ऐसे ही बयान कांग्रेस और उसके नेताओं ने अयोध्या में राम मंदिर निर्माण के समय दिये थे कि राम मंदिर बनने से क्या हो जाएगा? क्या लोगों को रोजगार मिल जाएगा,मंदिर की जगह अस्पताल की देश को जरूरत है आदि? आज उन्होंने गंगा स्नान पर इस तरह का बयान दिया है। बात सिर्फ महाकुंभ या राम मंदिर की नहीं है। हमेशा से विपक्ष और विपक्ष के नेताओं ने धर्मनिरपेक्षता के नाम पर सनातन की आस्था पर प्रहार करने का एक भी मौका नहीं छोड़ा है। ये लोग बताए कि क्या महाकुंभ में आने वाला हर एक व्यक्ति बीजेपी का है। हजारों वर्षों की कुंभ की परंपरा क्या बीजेपी ने शुरू की थी? क्या ये कह सकते है कि हज यात्रा करने से क्या हो जाएगा? जब बात दूसरे धर्म की धार्मिक मान्यताओं की, परंपराओं की होती है तब यह लोग कुछ नहीं कहते परन्तु जब बात सनातन की होती है तो इनके सामने देश की हर समस्या आ जाती है।इन्हें सनातन संस्कृति की हर एक मान्यता, हर एक प्रथा , प्रत्येक रीति रिवाज अंधविश्वास लगता है। ये अपने बयानों में उसका मजाक उड़ाते हैं। पिछले 15 दिनो में महाकुंभ में 14 करोड लोगों ने पवित्र स्ना न किया है ।क्या ये सभी 14 करोड लोग भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता है या योगी ,मोदी सरकार के लोग हैं । इसी के साथ करीब 62 देशों के दो लाख के करीब विदेशी अनुयायियो ने महाकुंभ में स्नान किया जिनमें कई प्रसिद्ध लोग भी है। क्या वह भी बीजेपी के हो गए।*

## एक्सप्रेस आलेख

यदि यह पहल सही ढंग से लागू की जाती है, तो यह न केवल नागरिकों के कानूनी अधिकारों की रक्षा करेगा बल्कि भारत को एक प्रगतिशील और न्यायपूर्ण समाज की दिशा में आगे ले जाएगा। यह सामाजिक, कानूनी और सांस्कृतिक सुधारों का एक ऐतिहासिक कदम साबित होगा, जो पारिवारिक संबंधों में पारदर्शिता, समानता और जिम्मेदारी की नींव मजबूत करेगा। साथ ही, यह अन्य राज्यों के लिए भी प्रेरणादायक बनेगा कि वे भी समान नागरिक संहिता को तेज़ी से लागू करने की दिशा में कदम उठाएं और समाज को समानता और न्याय की दिशा में आगे बढ़ाएं। यूसीसी के माध्यम से भारत आधुनिकता और पारंपरिकता के समन्वय की दिशा में एक मजबूत उदाहरण प्रस्तुत करेगा।

# समानता का सेतु : यूसीसी (समान नागरिक संहिता) का नवयुग



प्रो. आर के जैन

**समाधान के रूप में सरकार को पंजीकरण प्रक्रिया को सरल, सुगम और डिजिटल बनाना होगा। एकल खिड़की प्रणाली के माध्यम से नागरिकों को विवाह और सहजीवन का पंजीकरण करने की सुविधा मिलनी चाहिए। इसके साथ ही ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में व्यापक जागरूकता अभियान चलाए जाने चाहिए, ताकि लोग पंजीकरण के कानूनी और सामाजिक महत्व को समझ सकें।**

भारत के संदर्भ में समान नागरिक संहिता का क्रियान्वयन एक युगांतरकारी और दूरदर्शी पहल है। उत्तराखंड इस दिशा में अग्रणी राज्य बन चुका है, जहां 27 जनवरी 2025 से यह संहिता औपचारिक रूप से लागू हो गई है। यह संहिता विवाह, तलाक, गोद लेना और संपत्ति बंटवारे जैसे व्यक्तिगत मामलों में समान कानून सुनिश्चित करती है। विशेष रूप से विवाह और सहजीवन (लिव-इन रिलेशनशिप) का पंजीकरण अनिवार्य करना इस पहल की एक अहम विशेषता है। यह न केवल समाज की संरचना को सुदृढ़ बनाएगा बल्कि नागरिकों के कानूनी अधिकारों और दायित्वों को स्पष्टता प्रदान कर सामाजिक न्याय और समानता को बढ़ावा देगा। इस कदम के जरिए उत्तराखंड सामाजिक सुधारों के क्षेत्र में एक आदर्श राज्य के रूप में उभरने की दिशा में अग्रसर है। भारतीय समाज में विवाह को एक पवित्र अनुष्ठान और सामाजिक ताना-बाना माना जाता है, जो केवल दो व्यक्तियों का नहीं बल्कि दो परिवारों और उनकी परंपराओं का संगम है। समय के बदलते प्रवाह में सहजीवन जैसे आधुनिक संबंध उभरकर सामने आए हैं, जो तेजी से जीवनशैली का हिस्सा बनते जा रहे हैं। इन संबंधों में पंजीकरण की अनिवार्यता पारदर्शिता और जिम्मेदारी सुनिश्चित करती है। पंजीकृत संबंधों में कानूनी दायित्व पहले से स्पष्ट होते हैं, जिससे विवाद की संभावनाएं न्यूनतम हो जाती हैं। उदाहरणस्वरूप, पंजीकृत सहजीवन संबंध में जन्मे बच्चों के अधिकारों की सुरक्षा सुनिश्चित होती है और भविष्य में संपत्ति विवादों का खतरा कम हो जाता है। महिलाओं के अधिकारों की रक्षा के संदर्भ में यह कदम क्रांतिकारी है। विवाह और सहजीवन का पंजीकरण सुनिश्चित करता है कि महिलाओं को कानूनी और आर्थिक सुरक्षा प्राप्त हो। तलाक या सहजीवन के समाप्त होने की स्थिति में पंजीकरण के जरिए महिलाओं के लिए मुआवजा, भरण-पोषण और संपत्ति में अधिकार की संभावना अधिक मजबूत हो जाती है। यह विशेष रूप से उन महिलाओं के लिए वरदान सिद्ध हो सकता है जो पारंपरिक सामाजिक ढांचे में अपने अधिकारों के लिए संघर्ष करती रही हैं। पंजीकरण की यह प्रक्रिया महिलाओं के अधिकारों की सुरक्षा की दिशा में मील का पत्थर साबित हो सकती है, क्योंकि यह उन्हें समाज में सशक्त और सम्मानित बनाने का मार्ग प्रशस्त करती है। बच्चों के कानूनी अधिकारों की सुरक्षा में भी पंजीकरण अत्यधिक महत्वपूर्ण है। बिना पंजीकरण वाले संबंधों में बच्चों के शिक्षा, संपत्ति और भरण-पोषण के अधिकार अक्सर अनदेखे रह जाते हैं। यदि संबंध पंजीकृत हों, तो बच्चों को माता-पिता की कानूनी पहचान और उनके अधिकार सुनिश्चित किए जा सकते हैं। उदाहरण के लिए, पंजीकृत संबंध में जन्म लेने वाले बच्चे के लिए शिक्षा और संपत्ति का कानूनी दावा सरल और सुनिश्चित हो जाता है। यह न केवल बच्चों की सुरक्षा करता है बल्कि उन्हें समाज में समान अवसर प्रदान करने



**विशेष सूचना तंत्र का विकास, मोबाइल ऐप्स और ऑनलाइन पोर्टल की सहायता से लोगों को इस प्रक्रिया से जोड़ा जा सकता है। यह नागरिकों को आधुनिक और सरल सेवाओं से जोड़ने का एक प्रभावी उपाय होगा। न्यायिक प्रक्रियाओं को तेज, पारदर्शी और जनोन्मुखी बनाना भी इस कदम की सफलता के लिए अनिवार्य है।**

का मार्ग भी प्रशस्त करता है। न्यायिक प्रक्रियाओं को सरल और प्रभावी बनाने में पंजीकरण की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। तलाक के मामलों में संपत्ति का बंटवारा, बच्चों की कस्टडी और भरण-पोषण जैसे विवादास्पद मुद्दे अक्सर समय-खपत और जटिल हो जाते हैं। पंजीकरण के माध्यम से इन पहलुओं को पहले ही स्पष्ट किया जा सकता है, जिससे न्यायालय त्वरित और सटीक निर्णय लेने में सक्षम बनता है। यह न केवल न्यायिक प्रक्रिया को सुगम बनाता है बल्कि विवादों को भी न्यूनतम करता है। न्यायालयों पर मामले का बोझ कम होने के साथ-साथ नागरिकों को न्याय प्राप्त करने की प्रक्रिया अधिक सरल और पारदर्शी हो जाती है। हालांकि, इस कानून के कार्यान्वयन में अनेक चुनौतियाँ उभरकर सामने आ सकती हैं। सबसे बड़ी चुनौती सामाजिक और सांस्कृतिक बाधाओं की है। भारत जैसे विविधता से भरे देश में, जहां विवाह को धार्मिक और सांस्कृतिक दृष्टिकोण से पवित्र माना जाता है, वहां पंजीकरण की अनिवार्यता को सहज स्वीकार करना आसान नहीं होगा। उदाहरणस्वरूप, कुछ समुदायों में विवाह की धार्मिक रस्मों को ही अंतिम मान्यता दी जाती है, और कानूनी पंजीकरण को अनावश्यक समझा जाता है। इस मानसिकता को बदलने के लिए व्यापक और संवेदनशील जागरूकता अभियानों की आवश्यकता है। धार्मिक नेताओं और सामुदायिक संगठनों के साथ संवाद स्थापित कर इस कानून की स्वीकृति को आसान बनाया जा सकता है। शिक्षा और जागरूकता की कमी भी एक गंभीर चुनौती है। ग्रामीण क्षेत्रों और छोटे शहरों में कानूनी प्रक्रियाओं के प्रति जानकारी सीमित होती है। सरकारी कार्यालयों में कागजी कार्रवाई और लालफीताशाही पहले ही लोगों के लिए कठिनाई का कारण बनी हुई है। यदि पंजीकरण की प्रक्रिया को सरल, डिजिटल और जनोन्मुखी नहीं बनाया गया, तो इस कानून को व्यावहारिक रूप से सफल बनाना चुनौतीपूर्ण होगा। व्यापक सूचना तंत्र, मोबाइल सेवाओं और नागरिक सुविधा केंद्रों की स्थापना से इस समस्या का समाधान संभव है। नागरिकों को डिजिटल शिक्षा प्रदान करने के प्रयास भी पंजीकरण प्रक्रिया को सरल बनाने में सहायक हो सकते हैं। धार्मिक और सांस्कृतिक समूहों का विरोध इस कानून के कार्यान्वयन में एक बड़ी चुनौती बन सकता है। इसे दूर करने के लिए सरकार को सभी समुदायों के साथ संवाद स्थापित करना आवश्यक होगा। यह सुनिश्चित करना भी जरूरी है कि कानून किसी भी धार्मिक भावना को आहत न करे। उदाहरणस्वरूप, विवाह पंजीकरण की प्रक्रिया को धार्मिक अनुष्ठानों के साथ जोड़ा जा सकता है, ताकि लोग इसे सहजता और सम्मान के साथ स्वीकार कर सकें। धार्मिक समुदायों के विचारों को सम्मिलित कर इस कानून को समाज के सभी वर्गों के लिए अनुकूल बनाया जा सकता है। समाधान के रूप में सरकार को पंजीकरण प्रक्रिया को सरल, सुगम और डिजिटल बनाना होगा। एकल खिड़की प्रणाली के माध्यम से नागरिकों को विवाह और सहजीवन का पंजीकरण करने की सुविधा मिलनी चाहिए। इसके साथ ही ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में व्यापक जागरूकता अभियान चलाए जाने चाहिए, ताकि लोग पंजीकरण के कानूनी और सामाजिक महत्व को समझ सकें। विशेष सूचना तंत्र का विकास, मोबाइल ऐप्स और ऑनलाइन पोर्टल की सहायता से लोगों को इस प्रक्रिया से जोड़ा जा सकता है। यह नागरिकों को आधुनिक और सरल सेवाओं से जोड़ने का एक प्रभावी उपाय होगा।

## आज का पंचांग

*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | प्रतिपदा 16:08 तक |
| नक्षत्रः | धनिष्ठा 29:42 तक |
| पक्षः | शुक्ल |
| वारः | गुरुवार |
| योगः | व्यतिपाता, 18:26 |
| सूर्योदयः | 07:09 |
| सूर्यास्तः | 17:52 |
| चंद्रमाः | मकर राशि में |
| राहुकालः | 13:51-15:11 |
| विक्रमी संवत्ः | 2082 |
| शक सम्वतः | 1947 |
| मासः | माघ |
| शुभ मुहूर्तः | 12:09 - 12:52 |

## जन एक्सप्रेस

### कुंठा है परवान ?

*आयोजन का बार बार ।
करके ये अपमान ।।
चाह रहे हैं किसको ।
दे डालें सम्मान ।।
बेवजह बेमतलब ।
गंदी हुई जुबान ।।
है ठुकराई जनता ।
कुंठा है परवान ?
समझ न आए क्या करें ।
हो कैसे उद्धार ।।
तरह तरह हथकंडे ।
और नाना प्रकार ।।
करके इतना सारा कुछ ।
जुड़ नहीं पाया वोट ।।
रह रह कर याद लगता ।
आती रहती चोट ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

## एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# शरीर में तीसरी आंख का चक्र एक्टिवेट करने के लिए रोज करें योगासन



**हमारी** आईब्रो के बीच में शरीर की तीसरी आंख चक्र स्थित है, जो एक पावरफूल सेंटर के रूप में देखा जाता है। तीसरी आंख चक्र को आज्ञा चक्र भी कहा जाता है, जिसके बैलेंस रहने या उत्तेजित होने से व्यक्ति में आत्मविश्वास बढ़ता है। हमारे शरीर में स्थिति तीसरी आंख के चक्र के ब्लॉक होने के कारण व्यक्ति को कई स्वास्थ्य समस्याएं भी हो सकती है, जैसे, कान, नाक और गले से जुड़ी समस्याएं, नर्व सिस्टम से जुड़ी परेशानी, सिर में दर्द और अनिद्रा की समस्या। इसलिए, जरूरी है कि आप अपने तीसरी आंख के चक्र को बैलेंस रखने की कोशिश करें।

**शीर्षासन:** शरीर के तीसरी आंख के चक्र को बैलेंस करने के लिए आप शीर्षासन का अभ्यास कर सकते हैं। ये आसन आपके तीसरी आंख के चक्र को बढ़ावा देता है, दिमाग में ब्लड फ्लो को उत्तेजित करता है और नर्व सिस्टम को शांत करता है। इस आसन को करने के लिए टेबलटॉप स्थिति में आ जाए, फिर अपने पारों को ऊपर उठाकर शीर्षासन करें। इस आसन को करने के दौरान अपने शरीर को सीधा रखें और कुछ सेकेंड के लिए इस स्थिति में बने रहे।

**विपरीत करणी:** विपरीत करणी यानी शोल्डर स्टेंड आसन का अभ्यास करने से तीसरी आंख के चक्र को उत्तेजित करने में मदद मिलती है। यह आसान आपके शरीर को आराम देता है और नर्व सिस्टम को आराम देता है। इस आसन को करने के लिए सबसे पहले अपनी पीठ के बल लेट जाए, फिर अपने पैरों और शरीर को ऊपर उठाकर शोल्डर स्टैंड की स्थिति में आए। इसके बाद अपने हाथों से अपनी पीठ के निचले हिस्से को सहारा दें, कोर को एक्टिव रखने की कोशिश करें और जितना हो सके इस स्थिति में बने रहे।

**बालासन:** बालासन करने से आपका दिमाग शांत रहता है और तनाव भी कम होता है। इतना ही नहीं, इस आसन का अभ्यास करने से पीठ दर्द, कंधे और गर्दन के दर्द से रात मिलती है। इसके अलावा ये आसन आपके नर्व सिस्टम को शांत करने, शरीर को आराम देने और तीसरी आंख के चक्र को बढ़ावा देने में मदद करता है। बालासन का अभ्यास करने के लिए आप जमीन पर घुटने टेककर बैठ जाए, फिर अपनी एड़ियों पर वापस बैठ जाएं और अपनी बाहों को अपने सामने फैलाएं और अपने माथे को जमीन पर टिकाकर कुछ सेकेंड तक इस स्थिति में बने रहे।

**पश्चिमोत्तानासन:** इस आसन को करने से आपकी रीढ़ की हड्डी लचीली बनती है और तनाव भी दूर होता है। साथ ही यह आसन आपके तीसरी आंख के चक्र को संतुलित करने और नर्व सिस्टम को बढ़ावा देने में मदद करता है। इसलिए, इस आसन को करने के लिए आप अपने पैरों को सामने फैलाकर जमीन पर बैठ जाएं। गहरी सांस लेते हुए रीढ़ को सीधा रखने की कोशिश करें और फिर सांस छोड़ते हुए आगे की ओर झुकें और अपने पैर की उंगलियों को छुने की कोशिश करें।

**निष्कर्ष:** तीसरी आंख के चक्र को संतुलित करने और उसे बेहतर रखने के लिए आप इन योगासनों को नियमित अभ्यास कर सकते हैं। यह योगासन न सिर्फ आपकी तीसरी आंख के चक्र को बढ़ावा देते हैं।

## एक्सप्रेस विशेष

# गांवों की दशा और दिशा बदल रही स्वामित्व योजना



डॉ. सत्यवान सौरभ

**डिजिटल संपत्ति कार्ड और परिष्कृत ड्रोन सर्वेक्षण इस बात के दो उदाहरण हैं कि कैसे योजना सरल सीमाओं और मानचित्रों से आगे जाती है। यह अवसरों और आकांक्षाओं से भरपूर है। गांव इस बदलाव को अपना रहे हैं और स्वामित्व महज सरकारी कार्यक्रम से आगे बढ़ रहा है।**

**स्वामित्व सिर्फ एक सरकारी कार्यक्रम से कहीं ज्यादा बन गया है क्योंकि गांव इस बदलाव का स्वागत करते हैं, यह बढ़ी हुई आजादी, ज्यादा चतुराईपूर्ण योजना और ज़्यादा एकजुट, शक्तिशाली ग्रामीण भारत के पीछे एक प्रेरक शक्ति है। स्वामित्व योजना के परिणामस्वरूप ग्रामीण भारत बदल रहा है। भूमि स्वामित्व से जुड़ी लंबे समय से चली आ रही कठिनाइयां विकास और आत्मनिर्णय के अवसरों में बदल रही हैं।**

**देश** में ग्रामीण भूमि सर्वेक्षण और बंदोबस्त की समस्या प्रमुख रही है। कई राज्यों में गांवों के आबादी क्षेत्रों के नक्शे और दस्तावेजीकरण का अभाव रहा है। आधिकारिक रिकॉर्ड की अनुपस्थिति के कारण इन क्षेत्रों में संपत्ति के मालिक अपने घरों को अपग्रेड करने या अपनी संपत्ति को ऋण और अन्य वित्तीय सहायता के लिए वित्तीय संपत्ति के रूप में उपयोग करने में असमर्थ रहे हैं, जिससे उनके लिए संस्थागत ऋण प्राप्त करना मुश्किल रहा। इस तरह के दस्तावेजीकरण की कमी ने 70 से अधिक वर्षों तक ग्रामीण भारत के आर्थिक विकास में बाधा डाली। यह स्पष्ट हो गया कि आर्थिक सशक्तीकरण के लिए कानूनी रूप से मान्यता प्राप्त संपत्ति रिकॉर्ड के महत्व के आलोक में एक समकालीन समाधान की आवश्यकता थी। गांवों के आबादी क्षेत्रों के सर्वेक्षण और मानचित्रण के लिए अत्याधुनिक ड्रोन तकनीक का उपयोग करने के लिए पीएम स्वामित्व योजना विकसित की गई है। इस योजना ने जल्द ही खुद को इस दिशा में एक महत्वपूर्ण मोड़ साबित कर दिया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पिछले दिनों लाखों स्वामित्व दस्तावेज भू-मालिकों को सौंपे हैं। पंचायतीराज मंत्रालय की एक केंद्रीय क्षेत्र की पहल को स्वामित्व (ग्रामीण क्षेत्रों में सुधारित प्रौद्योगिकी के साथ गांवों का सर्वेक्षण और मानचित्रण) कहा जाता है। इसे नौ राज्यों में कार्यक्रम के पायलट चरण (2020-2021) के सफल समापन के बाद 24 अप्रैल, 2021 को राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस पर देश भर में पेश किया गया था। यह कार्यक्रम भूमि के टुकड़ों का मानचित्रण करने और गाँव के घरेलू मालिकों को अधिकारों का रिकॉर्ड प्रदान करने के लिए ड्रोन तकनीक का उपयोग करता है। कानूनी स्वामित्व कार्ड, जिन्हें संपत्ति कार्ड या शीर्षक विलेख के रूप में भी जाना जाता है, तब संपत्ति के मालिकों को जारी किए जाते हैं, जो ग्रामीण आबादी वाले (आबादी) क्षेत्रों में संपत्ति के स्पष्ट स्वामित्व की स्थापना की दिशा में एक सुधारात्मक क़दम है। सर्वे ऑफ इंडिया और सम्बंधित राज्य सरकारों के बीच एक समझौता ज्ञापन स्वामित्व योजना को लागू करने के लिए रूपरेखा द्वारा प्रदान की गई बहुचरणीय संपत्ति कार्ड निर्माण प्रक्रिया में पहला कदम है। सभी पैमानों पर राष्ट्रीय स्थलाकृतिक डेटाबेस तैयार करने के लिए, विभिन्न पैमानों पर स्थलाकृतिक मानचित्रण के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग करता है, जैसे उपग्रह इमेजरी, मानव रहित हवाई वाहन या ड्रोन प्लेटफॉर्म और हवाई फोटोग्राफी ड्रोन। समझौता ज्ञापन के पूरा होने के बाद, एक सतत संचालन संदर्भ प्रणाली स्थापित की जाती है। एक आभासी बेस स्टेशन जो लंबी दूरी की, अत्यधिक सटीक नेटवर्क आरटीके (रियल-टाइम किनेमेटिक) सुधार प्रदान करता है, संदर्भ स्टेशनों के इस नेटवर्क द्वारा प्रदान किया जाता है। अगला चरण यह निर्धारित करना है कि किन गांवों का सर्वेक्षण किया जाएगा और जनता को संपत्ति मानचित्रण प्रक्रिया के बारे में सूचित करना है। प्रत्येक ग्रामीण संपत्ति को चूना पत्थर (चुन्ना) से चिह्नित किया जाता है, जो गांव के आबादी क्षेत्र (आबाद क्षेत्र) को चित्रित करता है यह जांच / आपत्ति प्रक्रिया का समापन है, जिसे संघर्ष / विवाद समाधान के रूप में भी जाना जाता है। फिर सम्पत्ति पत्रक या अंतिम संपत्ति कार्ड / शीर्षक विलेख तैयार किए जाते हैं। आप इन कार्डों को खरीद सकते हैं। इस कार्यक्रम के लाभों में एक समावेशी समाज शामिल है। गांवों में कमजोर आबादी की सामाजिक-आर्थिक स्थिति संपत्ति के अधिकारों तक उनकी पहुँच के साथ सकारात्मक रूप से सहसम्बद्ध है। स्वामित्व योजना इसे संभव बनाने का प्रयास करती है। आबादी की स्पष्ट रूप से परिभाषित सीमा की कमी के कारण भूमि-संघर्ष के मामलों की संख्या बहुत अधिक है। स्थानीय स्तर पर संघर्षों के अंतर्निहित कारणों को सम्बोधित करना स्वामित्व योजना का लक्ष्य है। बेहतर ग्राम पंचायत विकास योजनाएं जो उच्च-रिजॉल्यूशन वाले डिजिटल मानचित्रों का उपयोग करती हैं, सड़कों, स्कूलों, सामुदायिक स्वास्थ्य सुविधाओं, नदियों, स्ट्रीटलाइट्स और अन्य बुनियादी ढाँचे में सुधार लाती हैं। अधिक सुलभ संसाधनों और प्रभावी वित्तीय प्रबंधन के माध्यम से। लोगों को अपनी संपत्ति को संपार्श्विक के रूप में मुद्रीकृत करने में मदद करना मुख्य लक्ष्य है। इसके अतिरिक्त, जिन राज्यों में संपत्ति कर लगाया जाता है, वहाँ इसे सरल बनाने से निवेश को बढ़ावा मिलता है और व्यापार करना आसान हो जाता है, जिससे भारत की आर्थिक वृद्धि को बढ़ावा मिलता है। भूमि स्वामित्व से जुड़े लंबे समय से चले आ रहे मुद्दों को विकास और सशक्तिकरण के अवसरों में बदलकर, स्वामित्व योजना ग्रामीण भारत की कहानी बदल रही है। यह योजना, जिसमें डिजिटल संपत्ति कार्ड और परिष्कृत ड्रोन सर्वेक्षण शामिल हैं।

# बजाज चीनी मिल खम्भारखेड़ा ने बसंतकालीन गन्ना बुवाई के संबंध में ग्राम बढ़ेहरा में आयोजित की वृहद कृषक गोष्ठी

जन एक्सप्रेस | लखीमपुर खीरी



खंभारखेडा बजाज हिन्दुस्थान शुगर लिमिटेड चीनी मिल खंभारखेडा द्वारा जिला गन्ना अधिकारी वेद प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में ग्राम बढ़ेहरा में बसन्तकालीन गन्ना बुवाई के सम्बन्ध बृहद कृषक गोष्ठी का आयोजन किया गया। कृषक प्रशिक्षण में उत्तर प्रदेश गन्ना शोध परिषद शाहजहॉपुर के पूर्व वैज्ञानिक डा0 वी.सी. जादौन एवं सहायक निदेशक डॉ0 परवीन कुमार कपिल,ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक खम्भारखेड़ा सुरेश कुमार चौधरी, चीनी मिल खम्भारखेड़ा के महाप्रबन्धक (गन्ना) पुष्पेन्द्र ढाका, सहायक महाप्रबन्धक (गन्ना) राजेन्द्र सिंह, सहायक महाप्रबन्धक (गन्ना) राज सिंह,क्षेत्रीय प्रभारी अनूप कुमार अवस्थी, प्रशांत सिंह सहित सैकडों की संख्या में किसान मौजूद रहे। जिला गन्ना अधिकारी द्वारा बसंतकालीन गन्ना बुवाई में आधुनिक वैज्ञानिक तकनीकों के प्रयोग,गन्ना किस्म को015023, को.शा. 13235, को. लख. 14201 तथा अन्य नवीनतम किस्मों की बुवाई लाइन से लाइन 4 फिट की दूरी रखते हुए करने की सलाह दी।

साथ ही गन्ना किसानों को चश्मे भेंट स्वरूप वितरित किए ताकि गन्ना छिलाई एवं बंधाई के दौरान आने वाले जोखिमों को कम किया जा सके। गन्ना शोध परिषद, शाहजहांपुर से आए डॉक्टर परवीन कुमार कपिल द्वारा बसंतकालीन गन्ना बुवाई, भूमि शोधन, बीज शोधन के साथ,प्रति इकाई गन्ना उत्पादन बढ़ाने हेतु कृषकों से प्रजाति का सही चुनाव, गन्ने की लाइन से लाइन दूरी कम से कम 4 फिट रखने तथा मृदा परीक्षण के आधार पर उर्वरकों के प्रयोग करने की सलाह दी तथा वैज्ञानिक तकनीकी अपनाने पर जोर दिया। डा0 वी0सी0 जादौन द्वारा कृषकों को गन्ने की फसल पर लगने वाले कीट एवं बीमारियों के बारे में विस्तृत रूप से बताया गया।

किसानों को गन्ने की स्वीकृत किस्मों,बीज का उपचार (थायोफिनिट मिथाइल द्वारा) एवं भूमि उपचार (ट्राइकोडर्मा द्वारा), गन्ना उत्पादन तकनीक, सिंगल बड तकनीक द्वारा गन्ना पौध तैयार करने, बसन्तकालीन गन्ना बुवाई, ट्रेंच विधि, कार्बनिक खाद, रासायनिक उर्वरकों का संतुलित प्रयोग, पेड़ी गन्ना प्रबन्धन आदि विषयों पर विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी।

चीनी मिल खम्भारखेड़ा के महाप्रबन्धक (गन्ना) द्वारा बताया गया कि किसी भी दशा में प्रतिबन्धित प्रजातियों अथवा अस्वीकृत एवं अन्य राज्यों की विकसित प्रतिबन्धित प्रजातियों की बुवाई कदापि ना करें। बसन्तकालीन गन्ना बुवाई में बुवाई से पूर्व बीज को फंफूदीनाशक एवं कीटनाशक से पूरी रात पानी के घोल में शोधित करके खेत को ट्राइकोडर्मा से शोधित करने के उपरान्त दो आंख के टुकड़े की बुवाई करें। बसन्त कालीन गन्ना बुवाई में उन्नातिशील गन्ना प्रजातियों (को.0118, को.15023, को.लख.14201, को.शा.13235, को.लख.16202, को.शा.17231 एवं जलप्लावित क्षेत्र हेतु को.शा. 13231, को.98014 एवं को.लख.94184) का ही चयन करें और ट्रैन्च विधि के माध्यम से गन्ना बुवाई करें।

ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक सुरेश कुमार चौधरी द्वारा गन्ना विभाग द्वारा चलाई जा रही योजनाओ के बारे में जानकारी प्रदान की तथा उनका लाभ उठाने हेतु कृषकों को आगाह किया।इस मौके पर चीनी मिल के वरि0 उपाध्यक्ष अवधेश कुमार गुप्ता जी का संदेश कृषकों में साझा करते हुए बताया कि बसन्तकालीन गन्ना बुवाई ट्रैंच विधि (4 फिट) अथवा दूरी विधि (3 से 3.5 फिट) से ही करें जिससे गन्ने के उत्पादन में बढोत्तरी होगी। चीनी मिल ने गत सत्र का सम्पूर्ण गन्ना मूल्य भुगतान कर दिया है और वर्तमान सत्र के गन्ना मूल्य भुगतान की शुरूआत कर दी गयी है अतः कोल्हूओ/खाण्डसारियों पर अपना गन्ना न बेचकर अपना बेसिक कोटा मजबूत करें जिससे आगामी पेराई सत्र में लाभ प्राप्त हो सके।

# ब्राउन शुगर के साथ एक भारतीय, तीन नेपाली को संयुक्त टीम द्वारा गिरफ्तार किया गया

जन एक्सप्रेस | सुनहरा



**लखीमपुर खीरी।** गौरीफंटा इंडो नेपाल के चार युवकों के पास से भारतीय संयुक्त टीमों ने 8 ग्राम 260 मिलीग्राम ब्राउन शुगर बरामद किया है। आपको बता दें कि इन दोनों भारतीय संयुक्त टीमों ने अभियान चलाते हुए एक भारतीय सहित तीन नेपालियों को मादक पदार्थ के साथ पकड़ा जिनके पास से इलेक्ट्रॉनिक तराजू और 8 ग्राम 260 मिलीग्राम मादक पदार्थ बरामद हुई है इस संबंध में थाना गौरीफंटा ने एनडीपीएस एक्ट के तहत चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई की। इस दौरान पकड़े गए अभियुक्तों ने आजाद सिंह पुत्र नारद सिंह राना निवासी सरियापार गौरीफंटा थाना बताया व दाताराम राना पुत्र भज्जी राना निवासी वार्ड नं07 मनेहरा धनगढी जिला कैलाली नेपाल राष्ट्र तथा राज चौधरी पुत्र कृष्ण बहादुर चौधरी निवासी वार्ड नं0 गोदावरी पालिका अतरिया जिला कैलाली नेपाल राष्ट्र व दीपेन्द्र चौधरी पुत्र व्रतराज चौधरी नि0 वार्ड नं0 1 गोदावरी पालिका अतरिया जिला कैलाली नेपाल राष्ट्र बताया है।

तलाशीं के दौरान 7,710 रुपये नेपाल राष्ट्र की करेन्सी भी निकली इंडो नेपाल सीमा के सटे गांवों में थारू जनजाति की अच्छी खासी पकड़ होते हुए नेपाल तथा भारत में रिश्तेदारी के साथ-साथ घर गृहस्ती भी बना रखी है जिसके चलते तमाम मादक पदार्थ के बड़े-बड़े आकाओं की नजर इन भोले भाले थारू क्षेत्र के नौजवानों पर बनी हुई है यही कारण है कि अब थारू क्षेत्र का एक-एक नौजवान मादक पदार्थ के साथ गैर कानूनी धंधों में पड़कर अपनी जिंदगी बर्बाद कर रहा है।

इसका जीता जागता उदाहरण भारत नेपाल के संयुक्त टीमों द्वारा पकड़े गए युवकों से ही खुलासा हो जाता है कि किस तरह से इस धंधे में पड़कर मादक पदार्थ के धंधे को अंजाम दे रहे हैं।

# श्रद्धालुओं की ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकराया गैस टैंकर, बुजुर्ग की मौत, कई घायल



**घायल**
सौरभ बाजपेई 28 निवासी लखीमपुर।
रोहिनी देवी 22 निवासी पचपेड़वा
सुभाषिनी देवी 50
अंजलि देवी 17
गायत्री देवी 35
रिंकी देवी 32
डुग्गू 5 वर्ष
सार्थक 5
शिवांगी देवी 18
मोना देवी 20
दिव्यांशी देवी 22
निखिल कुमार 20
रामहेत 35 सभी निवासी ग्राम पचपेड़वा के थे।

जन एक्सप्रेस | अमीरनगर खीरी

लखीमपुर मोहम्मदी मार्ग पर भीखमपुर नहर पुल के पास गैस इंडेन कैप्सूल टक्कर मारते हुए सवारी भरे ट्रैक्टर ट्रॉली के ऊपर पलटने से 1 की मौत हो गई। जबकि 1 दर्जन लोग घायल हो गए। कैप्सूल पलटने के बाद चालक मौके से फरार हो गया। पास में स्थित भीखमपुर पुलिस पिकेट के सिपाही मौके पर पहुंच गए सभी घायलों को निकलवाकर मौके पर एंबुलेंस को 1 घंटे तक नहीं पहुंचने पर सभी को इलाज के लिए प्राइवेट वाहन से भेजा गया।1 गंभीर घायल को 112 से लखीमपुर भेजा गया। बाद में पहुंची मितौली और हैदराबादऔर नीमगांव पुलिस बल ने मौजूद भीड़ को कैप्सूल के पास से हटाया गया।

कस्बे के लखीमपुर मोहम्मदी मार्ग पर भीखमपुर नहर पुल के पास मोहम्मदी की ओर से तेज रफ्तार में आ रहे इंडेन गैस कैप्सूल ने टेढ़ेनाथ स्थान पर अमावस्या को जा रहे ट्रैक्टर ट्रॉली को टक्कर मारते हुए पलट गया।जिससे ट्रैक्टर का कुंडा टूट गया ट्रैक्टर और ट्रॉली में सवार होकर जा रहे लोगों में से की मौके पर खत्म हो गया मृतक कैलाश मिश्रा 60 महात्मा निवासी ग्राम पचपेड़वा थाना फरधान निखिल कुमार 20 वर्ष निवासी पचपेड़वा जो की मोटरसाइकिल से साथ में जा रहा था वह भी बीच में फंसकर उसका पैर टूट गया। मृतक के भतीजे विपिन कुमार मिश्रा ने बताया। 9 बजे ट्रैक्टर ट्रॉली घर से निकली थी। मृतक ये चार भाई थे जिसमें यह तीसरे नंबर के थे।

# कांग्रेस सांसद राकेश राठौर को जल्द गिरफ्तार किया जाए: भाजपा



जन एक्सप्रेस | सीतापुर

महिला के साथदुष्कर्म के आरोपी सांसद की गिरफ्तारी को लेकर भारतीय जनता पार्टी लगातार विरोध प्रदर्शन कर रही है इसी क्रम में महोली विधानसभा के कार्यकर्ताओं द्वारा जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला के । नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन किया गया इस अवसर पर महोली विधानसभा के कार्यकर्ता पदाधिकारी व जन सामान्य सर्वप्रथम राजा कॉलेज मैदान पर एकत्रित हुए और लाल बाग पहुंचकर मुख्य चौराहे पर दुष्कर्म के आरोपी सांसद राकेश राठौर का पुतला दहन किया और सांसद राकेश राठौर की गिरफ्तारी के नारे लगाए। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी पीड़िता के साथ है और उसको न्याय दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है हम सभी कार्यकर्ता आरोपी सांसद कि जल्द से जल्द गिरफ्तारी की मांग करते हैं कार्यक्रम में बोलते हुए ब्लॉक प्रमुख पिसावा मिथिलेश यादव ने बताया कि बलात्कार आरोपी सांसद राकेश राठौर की गिरफ्तारी तक हम सब लगातार प्रदर्शन करते रहेंगे उन्होंने बताया कि सांसद के पद पर रहते हुए उक्त आरोपी ने बहुत घृणित कार्य किया है उसकी जल्द से जल्द गिरफ्तारी होनी चाहिए इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख महोली जगदीश राजवंशी ने भी आरोपी सांसद की गिरफ्तारी की मांग की और उसके खिलाफ कठोर दंड की भी मांग की। गन्ना समिति के अध्यक्ष धीरेंद्र सिंह चौहान ने आरोपी सांसद की जल्द गिरफ्तारी की मांग की। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष प्रथम राजन गुप्ता नगर अध्यक्ष द्वितीय पंकज पांडे कौशलेंद्र सिंह, अमित दीक्षित, पूर्व प्रधान जगदीश लोधी, जगदीश प्रसाद लोधी, विश्राम सागर राठौर अनूप विश्वकर्मा,ओम प्रकाश शर्मा कुसुम सिंह, इंदू सिंह, संतोष शुक्ला संतोष सिंह रामबाबू शुक्ला, सचिन मिश्रा, अभिषेक मिश्रा अशोक सिंह, ऋषभ चंद्र त्रिवेदी सहित महोली विधानसभा के जन सामान्य उपस्थित रहे।

# वेंडिंग जोन का किया जाएगा विकास, मॉडल बनेगी खैराबाद नगर पालिका



जन एक्सप्रेस | राजीव दिवाकर

**सीतापुर।** अब खैराबाद नगर पालिका परिषद को माडल के रूप में विकसित किया जाएगा। खैराबाद मोहल्ला कुलहन सरायं में खाली पड़ी भूमि पर अधिशासी अधिकारी प्रेम शंकर गुप्ता,नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता व स्थानीय लेखपाल के साथ निरीक्षण खाली भूमि का निरीक्षण गया। अभिषेक गुप्ता ने बताया स्ट्रीट वेंडर को डवलप होने से स्थानीय पटरी दुकानदारो को रोजगार के अवसर मुहैया करवाये जाएंगे व जो रोड के आसपास पटरी ढेला लगने से शहर में जाम लगती है उससे निजात मिलेगी। अधिशासी अधिकारी प्रेम शंकर गुप्ता ने बताया, इसमें स्ट्रीट वेंडर्स की सुविधा का खास ख्याल रखते हुए विकास कार्य कराए जाएंगे। जल्द ही हम जिला अधिकारी महोदय के पास प्रस्ताव भेजेंगे जिससे नगरपालिका के राजस्व व विकास को बल मिलेगा। वेंडिंग जोन को माडल रूप में विकसित करने की योजना है। इसमें स्ट्रीट वेंडर्स को बेहतर सुविधा मुहैया कराने के लिए ट्रेनिंग दी जा रही है। कूड़ा प्रबंधन, शौचालय, पेयजल, पार्किंग समेत अन्य मूलभूत सुविधाएं विकसित की जाएंगी।

# परिवार रजिस्टर में मृत दर्शाकर जमीन हड़पने की कोशिश



■ एडीओ पंचायत चार के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज, आरोपियों में महिला भी शामिल, कोर्ट के आदेश पर हुई कार्रवाई

जन एक्सप्रेस | बहराइच

जिले के हरदी थाने में कोर्ट के आदेश पर एडीओ पंचायत और महिला समेत चार के विरुद्ध धोखाधड़ी तथा अन्य धाराओं में केस दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच शुरू कर दी गई है। हरदी थाना क्षेत्र अंतर्गत अंगरौरा दुबहा गांव निवासी राम प्रभाव पुत्र सरदार वर्तमान समय में मोतीपुर थाना क्षेत्र के मंझाव गांव में रहते हैं।

राम प्रभाव ने वकील के द्वारा सीजेएम कोर्ट में वाद दाखिल कर कहा है कि उसकी जमीन पर कब्जे को लेकर तत्कालीन ग्राम पंचायत अधिकारी अंगरौरा दुबहा वर्तमान में एडीओ पंचायत प्रवीण श्रीवास्तव ने उसे परिवार रजिस्टर में मृत घोषित कर दिया था। जिसके चलते मृत प्रमाण पत्र के द्वारा उसकी जमीन पर अंगरौरा दुबहा गांव निवासी पुष्पा देवी पति राम नारायन, भुल्लन पुत्र शिव चरन, मन्नू पुत्र राम अवतार ने जमीन पर कब्जा करने का प्रयास किया। जब इसकी शिकायत दो अगस्त 2024 को की गई तो सभी ने अपशब्दों का प्रयोग करते हुए जान से मारने की धमकी दी।

पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देने के बाद भी कोई कार्यवाई नहीं हुई। जिस पर उसने न्यायालय की शरण ली। सीजेएम कोर्ट ने हरदी पुलिस को केस दर्ज करने के आदेश दिए। थानाध्यक्ष कमल शंकर चतुर्वेदी ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर एडीओ पंचायत प्रवीण श्रीवास्तव, पुष्पा देवी, भुल्लन और मन्नू के विरुद्ध धोखाधड़ी समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज किया गया है। मामले की जांच उप निरीक्षक अशोक सिंह ने शुरू कर दी है।

# पुरस्कार अच्छे व्यवहार और प्रतिस्पर्धा की भावना को प्रोत्साहित करने का कार्य करते हैं: एसडीएम शिखा शुक्ला



प्रतिभा सम्मान की मुख्य अतिथि उपजिलाधिकारी महमूदाबाद शिखा शुक्ला, पुलिस उपाधीक्षक वेदप्रकाश श्रीवास्तव ने हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट प्री बोर्ड परीक्षा में प्रथम द्वितीय तृतीय एवं सांत्वना स्थान प्राप्त करने वाले 65 विद्यार्थियों के साथ राष्ट्र स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में रजत एवं कांस्य पदक विजेता आयुष पटेल, कर्णिका शुक्ला, अनन्या गुप्ता, अनुज्ञा गुप्ता, दिव्यांशी वर्मा, मानस मौर्य आस्तिक पटेल, सौरभ कश्यप यश श्रीवास्तव एवं जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए संध्या यादव, अंशिका सिंह, रितिका पटेल एवं आकृति वर्मा को रेंजर साइकिल, प्रशस्तिपत्र व मेडल देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर राकेश शुक्ल, नवनीत पाण्डेय, शिव सेवक मिश्र, तुषार तिवारी, ललित अवस्थी, मनोज गुप्त, संजू रस्तोगी, आकाश यादव, सुशील कुमार सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित मौजूद रहे।

जन एक्सप्रेस | सीतापुर

**महमूदाबाद।** पुरस्कार अच्छे व्यवहार और प्रतिस्पर्धा की भावना को प्रोत्साहित करने का कार्य करते हैं। पुरस्कार वितरण का उद्देश्य विद्यार्थियों की प्रतिभा को पहचानना और उत्साहवर्धन करना है। जिन्हें पुरस्कार नहीं मिला है वह हताश न हो बल्कि कठिन परिश्रम धैर्य एवं लगन के साथ लक्ष्य प्राप्त करने का प्रयास करें।

उक्त बातें सीता ग्रुप ऑफ एजुकेशन के शास्त्री सभागार में आयोजित प्रतिभा सम्मान के अवसर पर कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं भारत माता सरस्वती माता के चित्रों पर माल्यार्पण करते हुए मुख्य अतिथि उप जिलाधिकारी शिखा शुक्ला ने कही। उन्होंने कहा कि अच्छी शिक्षा विद्यार्थियों के लिए उज्जवल भविष्य बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। विशिष्ट अतिथि के रूप में आए पुलिस उपाधीक्षक महमूदाबाद वेद प्रकाश श्रीवास्तव ने कहा कि पुरस्कार वितरण युवा मन के लिए प्रेरणा का कार्य करता है। पुरस्कार उन्हें अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करने के लिए प्रोत्साहित करता है। मुख्य अतिथि सहित अन्य विशिष्ट अतिथियों का स्वागत कॉलेज के चेयरमैन आर के वाजपेयी विरल, डिप्टी मैनेजर आंजनेय आशीष वाजपेयी, वागीश दिनकर वाजपेयी, वाइस प्रिंसिपल आरजे वर्मा, यशपाल वर्मा व हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा की यूपी टॉपर प्राची निगम एवं प्रियांशी सोनी ने बैज अलंकरण, माल्यार्पण, स्मृतिचिन्ह एवं अंग वस्त्र भेंट कर किया।

उपजिलाधिकारी महमूदाबाद शिखा शुक्ला ने विद्यार्थियों को प्रेरणादाई कविता भी सुनाई।

# कई स्वास्थ्य योजनाओं में फिसड्डी निकला महकमा, डीएम ने लगाई फटकार

जन एक्सप्रेस | बहराइच

स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित योजनाओं एवं कार्यक्रमों की समीक्षा हेतु कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति के शासी निकाय की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता जिलाधिकारी मोनिका रानी ने की।

बैठक में आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री जन आरोग्या योजना के अन्तर्गत गोल्डेन कार्ड की अपेक्षित प्रगति न पाये जाने पर डीएम ने कड़ी नाराज़गी व्यक्त करते हुए प्रगति में सुधार लाने का निर्देश देते हुए सबसे खराब प्रगति वाले ब्लाक के विरूद्ध कार्यवाही करने तथा 70 वर्ष से ऊपर के समस्त लाभार्थियों के गोल्डेन कार्ड निर्माण में तेजी लाये जाने के भी निर्देश दिये। बैठक में अंधता निवारण कार्यक्रम की समीक्षा के दौरान ज्ञात हुआ कि मोतियाबिन्द का आपरेशन लक्ष्य के सापेक्ष मात्र 23 प्रतिशत है। प्रगति कम पाये जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए सम्बन्धित नोडल अधिकारी के विरुद्ध कार्यवाही करने एवं आपेक्षित सुधार लाये जाने के निर्देश दिये।

मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान 3485 बच्चे दृष्टिदोष से ग्रसित पाये गये है। जिसमें 1855 बच्चों को चश्मा वितरण कर दिया गया है। शेष बच्चों को शीघ्र चश्मा उपलब्ध करा दिया जायेगा। साथ ही वृद्धों के चश्मा वितरण के सम्बंध में अवगत कराया कि 1743 के सापेक्ष शत प्रतिशत वृद्धों को चश्मा वितरण करा दिया गया है। डीएम ने मुख्य चिकित्साधिकारी एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि दृष्टिदोष से चिन्हित शत प्रतिशत बच्चों को शीघ्र चश्मा उपलब्ध कराया जाय। बायोमेडिकल वेस्ट की समीक्षा में पाया गया कि सरकारी एवं निजी चिकित्सालयों/पैथालोजी सेण्टरों के द्वारा बायोमेडिकल वेस्ट के निस्तारण में ढिलाई बरती जा रही है समय से बायोमेडिकल वेस्ट का निस्तारण न होने से प्रदूषण एवं जानवरों आदि को बीमारी होने का खतरा उत्पन्न हो रहा है। उक्त के सम्बंध में मुख्य चिकित्साधिकारी एवं उपस्थित चिकित्सा अधीक्षकों को निर्देशित किया कि समस्त सरकार चिकित्सालयों एवं निजी पैथालोजी सेण्टर, चिकित्सालयों को कड़ी चेतावनी जारी की जाय कि प्रतिदिन बायोमेडिकल वेस्ट का निस्तारण सम्बन्धित फर्म, बायो स्पेट्रम के माध्यम से अवश्यक कराये। यदि कहीं पर भी बायोमेडिकल वेस्ट बाहर जलता या कूडे में फेका पाया गया तो सम्बन्धित के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।

परिवार नियोजन कार्यक्रम की समीक्षा के दौरान पीपीआईयूसीडी में जिला महिला चिकित्सालय की अत्यन्त कम प्रगति पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए सम्बन्धित नोडल अधिकारी को चेतावनी पत्र जारी करने एवं प्रगति में सुधार लाये जाने के निर्देश दिये गये। साथ ही निरन्तर समीक्षा करते हुए परिवार नियोजन कार्यक्रम में आपेक्षित सुधार लाये जाने के निर्देश दिये। क्षयरोग उन्मूलन कार्यक्रम के अन्तर्गत माह जनवरी से संचालित 100 दिवसीय टीबी रोगी खोजी अभियान की समीक्षा में उपस्थित चिकित्साधिकारियों को निर्देशित किया कि लक्ष्य के सापेक्ष अधिक से अधिक सम्भावित टीबी रोगियों के स्पूटम/टू-नाट/एक्स-रे के माध्यम से जांच कर निक्षय पोर्टल पर रिपोर्ट समय से अपलोड करें। साथ ही क्षय ग्रस्त रोगियों को जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों के माध्यम से गोद दिलवाकर निक्षय मित्र पोर्टल पर सूचना अपलोड करें। अभियान के दौरान विशेश्वरगंज सीएचसी द्वारा मात्र 19 क्षय ग्रस्त रोगियों का चिन्हांकन करने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देशित किया कि सम्भावित मरीजों की सही से जांच करें जिससे अधिक से अधिक मरीजों का चिन्हांकन हो सके।

डीएम ने उपस्थित अधीक्षकों को निर्देशित किया कि प्रत्येक सीएचसी पर रोस्टर के आधार पर कार्मिकों द्वारा साफ-सफाई की व्यवस्था की जाय। कम्बल, चादर, पेयजल, आवश्यक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जाय। साथ ही समस्त लाभार्थियों आशा आदि के मानदेय समय से उनके खाते में नियमानुसार हस्तान्तिर किया जाय। निरीक्षण के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या वित्तीय अनियमितता पायी जाती है तो सम्बन्धित के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही अमल में लायी जायेगी। नियमित टीकाकरण की समीक्षा में ज्ञात हुआ कि पूर्ण प्रतिरक्षित बच्चों की संख्या का प्रतिशत राज्य स्तर के 83 प्रतिशत के सापेक्ष 81 प्रतिशत है। डीएम ने निर्देश दिया कि नियमित रूप से समीक्षा करते हुए शत-प्रतिशत बच्चों को पूर्ण रूप से प्रतिरक्षित करना सुनिश्ति किया जाय साथ ही टीकाकरण सत्रों पर समस्त आवश्यक लाजिस्टिक की व्यवस्था अनिवार्य रूप से सुनिश्चित की जाय। जन्म मृत्यु पंजीकरण में अच्छी प्रगति पाये जाने पर सम्बन्धित नोडल अधिकारी मुर्शफ अली (सहायक शोध अधिकारी) की प्रशंसा करते हुए प्रगति में निरन्तर प्रगति की जाय।

आगामी 10 फरवरी को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के आयोजन के सम्बंध में समस्त उपस्थित विभिन्न अधिकारियों को निर्देशित किया कि स्वास्थ्य विभाग से समन्वय स्थापित करते हुए 10 फरवरी को समस्त 01 वर्ष से 19 वर्ष के शत प्रतिशत बच्चों को कीडे की दवा एल्बेन्डाजाल अवश्य खिलाये।

छूटे हुए बच्चों को 14 फरवरी 2025 को मापअप राउण्ड के दौरान दवा खिलायी जाय।

सीएमओ निर्देशित किया कि समय से दवाएं, रिपोर्टिंग प्रपत्र एवं आईसी उपलब्ध कराते हुए कार्यक्रम में लगे समस्त कार्मिकों का प्रशिक्षण सुनिश्चित कराये जिससे इस अभियान को सफल बनाया जा सके। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र, सीएमओ डा संजय कुमार, डीडीओ राज कुमार, डीएचईआईओ बृजेश सिंह, डीपीएम सरजू खा, सम्बन्धित एमओआईसी, बीएएम, बीपीएम, बीपीसीएम व अन्य सम्बन्धित अधिकारी मौजूद रहे।

# विधान से समाधान की थीम पर महिलाओं के कल्याणार्थ आयोजित हुआ विधिक जागरूकता कार्यक्रम

जन एक्सप्रेस | बहराइच

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं राष्ट्रीय महिला आयोग, नई दिल्ली के संयुक्त तत्वाधान में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष/जनपद न्यायाधीश के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव/अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश विराट शिरोमणि की अध्यक्षता में ब्लाक सभागार फखरपुर में महिलाओं के हितार्थ विधिक जागरूकता कार्याक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर तहसीलदार कैसरगंज अभयराज पाण्डेय, सहायक विकास खण्ड अधिकारी फखरपुर हरिओम शास्त्री, रिर्सोस पर्सन बाल संरक्षण अधिकरी शिविका मौर्या, समाजसेविका श्रीमती अर्चना मिश्रा, ब्लाक मिशन प्रबन्धक फखरपुर सत्येन्द्र पाण्डेय तथा बड़ी संख्या में महिलाए मौजूद रहीं।

अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/सचिव विराट शिरोमणि द्वारा शिविर में उपस्थित महिलाओं को जागरुक करते हुए बताया गया कि न्यायपालिका किसी भी जनतंत्र के तीन प्रमुख अंगों में से एक है। न्यायपालिका संविधान और कानून की रक्षक है। भारत में विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987 के अंतर्गत राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण का गठन किया गया है।

## गेंद घर मैदान में धार्मिक रीति रिवाज से सम्पन्न हुआ 106 जोड़ों का सामूहिक विवाह

जन एक्सप्रेस | बहराइच। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना अन्तर्गत जिलाधिकारी मोनिका रानी के कुशल निर्देशन में गेंद घर मैदान में आयोजित सामूहिक विवाह कार्यक्रम में गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले ज़रूरतमन्द, निराश्रित/निर्धन परिवारो की 106 विवाह योग्य कन्या/विधवा/परित्यक्ता/तलाकशुदा महिलाओं का विवाह उनकी सामाजिक/धार्मिक मान्यता एवं परम्परा/रीति-रिवाज के साथ सम्पन्न कराया गया। सामूहिक विवाह कार्यक्रम में विकास खण्ड चित्तौरा के 20, रिसिया के 11, जरवल के 13, फखरपुर के 21, कैसरगंज के 18 व नगर पालिका परिषद बहराइच के 23 कुल 106 जोड़ों का विवाह सम्पन्न हुआ। जिसमें से 76 जोड़ों का विवाह हिन्दू रीति रिवाज के साथ तथा 30 जोड़ों का निकाह सम्पन्न हुआ। सामूहिक विवाह कार्यक्रम में एम.एल.सी. डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी ने भाजपा जिलाध्यक्ष बृजेश पाण्डेय व अन्य गणमान्य व संभ्रान्तजन तथा परिजनों के साथ नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद प्रदान किया। सामूहिक विवाह समारोह के अवसर पर एमएलसी डॉ. त्रिपाठी व भाजपा जिलाध्यक्ष श्री पाण्डेय ने सभी नवविवाहित जोड़ों को दाम्पत्य जीवन में प्रवेश करने पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनकी ईश्वर से प्रार्थना है कि वर-वधू सम्पूर्ण जीवन खुशहाल ज़िन्दगी बसर करें और इनके जीवन में कोई कष्ट न आए। वक्ता द्वय ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की दूरदर्शिता का परिणाम है कि सामूहिक विवाह योजना को लागू करके एक ही पण्डाल के नीचे सामाजिक समरता का ऐसा माहौल पैदा किया है कि एक ओर जहॉ श्लोक पढ़ा जा रहा है तो दूसरी ओर कुरान की आयतों के पाठ के साथ वर-वधू एक दूसरे के हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस आयोजन कि एक विशेषता यह भी है कि इसमें शामिल सभी लोग अपने को वर-वधू दोनों परिवारों का हिस्सा मान रहे है। वक्ताद्वय ने कहा कि प्रदेश सरकार सबका साथ सबका विकास के सिद्धान्त पर बिना भेदभाव के कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि एक ही मण्डप में बिना किसी धार्मिक व जातिगत भेदभाव के साथ एक समान रूप से सभी पात्र बेटियों का विवाह सम्पन्न कराया जा रहा है।



## रेलयात्री कृपया ध्यान दें!



# कुम्भ मेला विशेष रेलगाड़ियां

**कुम्भ मेला–2025** के दौरान रेलयात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे द्वारा नियमित रेलगाड़ियों के अलावा विभिन्न विशेष रेलगाड़ियों का भी संचालन किया जा रहा है। इन विशेष रेलगाड़ियों का तिथिवार विवरण निम्नानुसार है:–

### दिनांक 30.01.2025 (गुरूवार) को चलने वाली विशेष रेलगाड़ियाँ

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | ठहराव |
|---|---|---|---|---|---|
| 04111 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 06:00 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 18:50 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी, हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या, अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर , माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग स्टेशन |
| 04112 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 06:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 21:00 | |
| 04113 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 17:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 07:45 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी, हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या, अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग स्टेशन |
| 04114 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 17:45 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 08:00 | |
| 04120 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 13:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 04:00 | प्रयाग जं., फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., सुल्तानपुर, अयोध्या कैंट, अयोध्या धाम, गोशाईंगंज, अकबरपुर, शाहगंज जं. जौनपुर जं., ज़फ़राबाद जं., मड़ियाहूँ, जंघई जं., भदोही, बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड, हंडिया खास, झूँसी एवं प्रयागराज रामबाग स्टेशन |
| 04223 | प्रयाग जं. | 11:55 | अयोध्या कैंट | 17:10 | फाफामऊ जं., सेवाइत, मऊ आइमा, शनिदेव धाम बिशनाथगंज, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., चिलबिला जं., खुन्डौर, पीपरपुर, सुल्तानपुर, कूड़ेभार, खजुरहट, भरतकुण्ड एवं मसौधा स्टेशन |
| 04229 | प्रयाग जं. | 21:10 | अयोध्या कैंट | 01:55 | |
| 04271 | फाफामऊ जं. | 13:00 | जौनपुर जं. | 16:20 | थरवई, सराय चण्डी, फूलपूर, उग्रसेनपुर, बरियाराम, जंघई जं, मंड़ियाहूँ एवं ज़फ़राबाद जं. स्टेशन |
| 04293 | प्रयाग जं. | 20:20 | लखनऊ जं. | 02:00 | फाफामऊ जं., अटरामपुर, रामचौरा रोड़, लालगोपालगंज, भदरी, कुण्डाहरनामगंज, गढ़ी मानकपुर, परियावाँ कालाकाँकर रोड, अरखा, ऊँचाहार, लक्ष्मणपुर, दरियापुर जं., रायबरेली जं., श्री गंगानगर जं., हरचन्दपुर, कुन्दनगंज, बछरावाँ, श्रीराज नगर, निगोहाँ, कनकहा, मोहनलाल गंज एवं उतरेटिया जं. स्टेशन |
| 04225 | प्रयाग जं. | 13:55 | अयोध्या कैंट | 18:55 | फाफामऊ जं., सेवाइत, मऊ आइमा, शनिदेव धाम बिशनाथगंज, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., चिलबिला जं., खुन्डौर, पीपरपुर, सुल्तानपुर, कूड़ेभार, खजुरहट, भरतकुण्ड एवं मसौधा स्टेशन |
| 04231 | फाफामऊ जं. | 22:10 | अयोध्या कैंट | 02:45 | सेवाइत, मऊ आइमा, शनिदेव धाम बिशनाथगंज, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., चिलबिला जं., खुन्डौर, पीपरपुर, सुल्तानपुर, कूड़ेभार, खजुरहट, भरतकुण्ड एवं मसौधा स्टेशन |
| 04273 | प्रयाग जं. | 21:40 | जौनपुर जं. | 01:30 | फाफामऊ जं., थरवई, सराय चण्डी, उग्रसेनपुर, बरियाराम, जंघई जं, मंड़ियाहूँ एवं ज़फ़राबाद जं. स्टेशन |
| 04291 | फाफामऊ जं. | 12:30 | लखनऊ जं. | 19:50 | अटरामपुर, रामचौरा रोड़, लालगोपालगंज, भदरी, कुण्डा हरनामगंज, गढ़ी मानकपुर, परियावाँ कालाकाँकर रोड, अरखा, ऊँचाहार, लक्ष्मणपुर, दरियापुर जं., रायबरेली जं., श्री गंगानगर जं., हरचन्दपुर, बछरावाँ, श्रीराज नगर, निगोहाँ, कनकहा, मोहनलाल गंज एवं उतरेटिया जं. स्टेशन |
| 04236 | अयोध्या धाम जं. | 12:30 | वाराणसी | 16:10 | गोशाईंगंज, अकबरपुर, शाहगंज जं., जौनपुर जं. एवं जलालगंज स्टेशन |
| 04238 | अयोध्या धाम जं. | 16:30 | वाराणसी | 20:10 | |
| 04240 | अयोध्या धाम जं. | 19:30 | वाराणसी | 23:10 | |
| 04145 | सुबेदारगंज | 21:35 | दिल्ली जं. | 09:30 | फतेहपुर, गोविन्दपुरी, इटावा, टूंडला जं. एवं अलीगढ़ जं. स्टेशन |
| 05011 | गोरखपुर जं. | 14:30 | अयोध्या कैंट | 19:35 | सहजनवा, मगहर, खलीलाबाद, बस्ती, बभनान, स्वामी नारायन छपिया, मसकनवाँ, मानकपुर जं. एवं अयोध्या धाम जं. |
| 05012 | अयोध्या कैंट | 21:50 | गोरखपुर जं. | 04:30 | अयोध्या धाम जं., मानकपुर जं., मसकनवाँ, स्वामी नारायन छपिया, बभनान, बस्ती, खलीलाबाद, मगहर एवं सहजनवा स्टेशन |
| 04117 | प्रयागराज जं. | 22:20 | अयोध्या धाम जं. | 03:30 | प्रयाग, फाफामऊ जं., माँ देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04118 | अयोध्या धाम जं. | 05:15 | प्रयागराज जं. | 10:15 | सुल्तानपुर, माँ देवी धाम प्रतापगढ़ जं., फाफामऊ जं., देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं प्रयाग स्टेशन |
| 05176 | प्रयागराज रामबाग | 11:45 | गोरखपुर जं. | 21:05 | झूँसी, हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, वाराणसी, वाराणसी सिटी, औड़िहार जं., मऊ जं., बेलथरा रोड, सलेमपुर जं., भटनी जं., देवरिया सदर, गौरी बाजार एवं चौरी चौरा स्टेशन |
| 05179 | गोरखपुर जं. | 10:30 | झूँसी | 19:50 | चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर जं., बेलथरा रोड, मऊ जं., औड़िहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी, बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड, एवं हंडिया खास स्टेशन |
| 05180 | झूँसी | 23:00 | गोरखपुर जं. | 08:30 | हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, वाराणसी, वाराणसी सिटी, औड़िहार जं., मऊ जं., बेलथरा रोड, सलेमपुर जं., भटनी जं., देवरिया सदर, गौरी बाजार एवं चौरी चौरा स्टेशन |
| 05183 | गोरखपुर जं. | 06:00 | झूँसी | 14:30 | चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर जं., बेलथरा रोड, मऊ जं., औड़िहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी, बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड एवं हंडिया खास स्टेशन |
| 05184 | झूँसी | 17:30 | गोरखपुर जं. | 03:00 | हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, वाराणसी, वाराणसी सिटी, औड़िहार जं., मऊ जं., बेलथरा रोड, सलेमपुर जं., भटनी जं., देवरिया सदर, गौरी बाजार एवं चौरी चौरा स्टेशन |
| 05188 | झूँसी | 06:30 | गोरखपुर जं. | 16:00 | |
| 05157 | छपरा | 12:30 | झूँसी | 20:40 | सुरेमनपुर, सहतवार, बाँसडीह रोड, बलिया, फेफना जं., चित बड़ा गाँव, करीमुद्दीनपुर, यूसुफपुर, गाजीपुर सिटी, नन्दगंज, औड़िहार जं., वारणसी सिटी, वाराणसी, बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड एवं हंडिया खास स्टेशन |
| 05158 | झूँसी | 06:30 | छपरा | 14:50 | हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, वाराणसी, वारणसी सिटी, औड़िहार जं., नन्दगंज, गाजीपुर सिटी, यूसुफपुर, करीमुद्दीनपुर, चित बड़ा गाँव, फेफना जं., बलिया, बाँसडीह रोड, सहतवार एवं सुरेमनपुर स्टेशन |
| 05127 | छपरा | 23:15 | झूँसी | 07:45 | सुरेमनपुर, सहतवार, बाँसडीह रोड, बलिया, फेफना जं., चित बड़ा गाँव, करीमुद्दीनपुर, यूसुफपुर, गाजीपुर सिटी, नन्दगंज, औड़िहार जं., वारणसी सिटी, वाराणसी, बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड एवं हंडिया खास स्टेशन |
| 05130 | झूँसी | 13:30 | छपरा | 21:30 | हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, वाराणसी, वारणसी सिटी, औड़िहार जं., नन्दगंज, गाजीपुर सिटी, यूसुफपुर, करीमुद्दीनपुर, चित बड़ा गाँव, फेफना जं., बलिया, बाँसडीह रोड, सहतवार एवं सुरेमनपुर स्टेशन |
| 05125 | छपरा | 10:05 | प्रयागराज रामबाग | 18:35 | सुरेमनपुर, सहतवार, बाँसडीह रोड, बलिया, फेफना जं., चित बड़ा गाँव, करीमुद्दीनपुर, यूसुफपुर, गाजीपुर सिटी,नन्दगंज, औड़िहार जं., वारणसी सिटी, वाराणसी, बनारस, भुल्लनपुर, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड, हंडिया खास एवं झूँसी स्टेशन |
| 05126 | प्रयागराज रामबाग | 21:55 | छपरा | 06:30 | झूँसी, हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, वाराणसी, वाराणसी सिटी, औड़िहार जं.,नन्दगंज, गाजीपुर सिटी, यूसुफपुर, करीमुद्दीनपुर, चित बड़ा गाँव, फेफना जं., बलिया, बाँसडीह रोड, सहतवार एवं सुरेमनपुर स्टेशन |
| 05119 | मऊ जं. | 10:30 | प्रयागराज रामबाग | 16:45 | पनियरा, पिपरी डीह, नायक डीह, दुल्लहपुर, जखनियाँ, हुरमुजपुर, सादात, माहपुर, औड़िहार जं., सिधौनापुर रामपुर, रजवारी, कादीपुर, सारनाथ, वाराणसी सिटी, वाराणसी, बनारस, भुल्लनपुर, हरदत्तपुर, राजातालाब, बहेड़वाँ, निगतपुर, कछवा रोड, कटका, माधोसिंह, अहिमनपुर, अलमाव, ज्ञानपुर रोड, सराय जगदीश, जंगीगंज, अतरौरा, भीटी, हंडिया खास, सैदाबाद, रामनाथपुर एवं झूँसी स्टेशन |
| 05120 | प्रयागराज रामबाग | 21:45 | मऊ जं. | 03:45 | झूँसी, रामनाथपुर, सैदाबाद, हंडिया खास, भीटी, अतरौरा, जंगीगंज, सराय जगदीश, ज्ञानपुर रोड, अलमाव, अहिमनपुर, माधोसिंह, कटका, कछवा रोड, निगतपुर, बहेड़वाँ, राजातालाब, हरदत्तपुर, भुल्लनपुर, बनारस, वाराणसी, वाराणसी सिटी, सारनाथ, कादीपुर, रजवारी, सिधौनापुर रामपुर, औड़िहार जं., माहपुर, सादात, हुरमुजपुर, जखनियाँ, दुल्लहपुर, नायक डीह, पिपरी डीह एवं पनियरा स्टेशन |
| 05160 | झूँसी | 23:25 | भटनी जं. | 07:45 | हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, वाराणसी, वारणसी सिटी, औड़िहार जं., सादात, जखनियाँ, दुल्लहपुर, मऊ जं., इन्दारा जं., चकरा रोड़, कीडिहरापुर, गोविन्दपुर दुगौली, बेलथरा रोड, तुरती पार, लार रोड, सलेमपुर एवं पिवकोल स्टेशन |
| 05161 | भटनी जं. | 09:55 | झूँसी | 16:10 | पिवकोल, सलेमपुर, लार रोड, तुरती पार, बेलथरा रोड, गोविन्दपुर दुगौली, कीडिहरापुर, चकरा रोड़, इन्दारा जं., मऊ जं., दुल्लहपुर, जखनियाँ, सादात, औड़िहार जं., वारणसी सिटी, वाराणसी, बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड एवं हंडिया खास स्टेशन |
| 05162 | झूँसी | 18:30 | भटनी जं. | 01:10 | हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, वाराणसी, वारणसी सिटी, औड़िहार जं., सादात, जखनियाँ, दुल्लहपुर, मऊ जं., इन्दारा जं., चकरा रोड़, कीडिहरापुर, गोविन्दपुर दुगौली, बेलथरा रोड, तुरती पार, लार रोड, सलेमपुर एवं पिवकोल स्टेशन |
| 05004 | गोरखपुर जं. | 21:30 | झूँसी | 06:00 | चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर जं., बेलथरा रोड, मऊ जं., औड़िहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी, बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड एवं हंडिया खास स्टेशन |
| 05003 | झूँसी | 07:45 | गोरखपुर जं. | 16:25 | हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, वाराणसी, वाराणसी सिटी, औड़िहार जं., मऊ जं., बेलथरा रोड, सलेमपुर जं., भटनी जं., देवरिया सदर, गौरी बाजार एवं चौरी चौरा स्टेशन |

### दिनांक 31.01.2025 (शुक्रवार) को चलने वाली विशेष रेलगाड़ियाँ

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | ठहराव |
|---|---|---|---|---|---|
| 04255 | प्रयाग जं. (रिंग रेल) | 05:35 | प्रयाग जं. (रिंग रेल) | 18:50 | फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़, चिलबिला, खुन्डौर, सुल्तानपुर, कूड़ेभार, खजुरहट,भरतकुण्ड, अयोध्या कैंट, सलारपुर, सोहवल, देवराकोट, बड़ा गाँव, रुदौली, रौजागाँव, पटरंगा, दरियाबाद,सैदखानपुर, सफदरगंज, रसौली, बाराबंकी, सफेदाबाद, मल्हौर, लखनऊ, उतरेटिया, मोहनलालगंज, कनकहा, निगोहां, श्रीराजनगर, बछरावाँ, कुनियनगंज, हरचन्दपुर, गंगागंज, राय बरेली, रूपामऊ, फुरसतगंज, जायस, बनी, गौरीगंज, तालाखजुरी, अमेठी, मिसरौली, माँ चंडिका देवी धाम अन्तू, जगेशरगंज, चिलबिला, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़, शनिदेव धाम बिश्नाथगंज, मऊ अइमा, सेवाइत व फाफामऊ जं. स्टेशन |
| 04111 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 06:00 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 18:50 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी, हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या, अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर , माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग स्टेशन |
| 04112 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 06:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 21:00 | |
| 04113 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 17:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 07:45 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी, हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या, अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग स्टेशन |
| 04114 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 17:45 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 08:00 | |
| 04120 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 13:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 04:00 | प्रयाग जं., फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., सुल्तानपुर, अयोध्या कैंट, अयोध्या धाम, गोशाईंगंज, अकबरपुर, शाहगंज जं. जौनपुर जं., ज़फ़राबाद जं., मड़ियाहूँ, जंघई जं., भदोही, बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड, हंडिया खास, झूँसी एवं प्रयागराज रामबाग स्टेशन |
| 04210 | प्रयागराज संगम | 11:15 | जौनपुर | 14:00 | प्रयाग, फाफामऊ, फूलपुर, जंघई एवं मड़ियाहूँ स्टेशन |
| 04209 | जौनपुर | 14:15 | प्रयागराज संगम | 17:15 | |
| 04202 | प्रयागराज संगम | 12:20 | आलमनगर | 17:00 | प्रयाग जं., कुण्डा हरनामगंज, ऊंचाहार जं., रायबरेली, बछरावां एवं उतरेटिया स्टेशन |
| 04201 | आलमनगर | 19:15 | प्रयागराज संगम | 23:25 | |
| 04206 | प्रयागराज संगम | 13:30 | अयोध्या कैंट | 17:00 | माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04205 | अयोध्या कैंट | 08:45 | प्रयागराज संगम | 12:15 | |
| 04251 | प्रयाग जं. | 20:30 | अयोध्या कैंट | 23:55 | फाफामऊ जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04252 | अयोध्या कैंट | 15:45 | प्रयाग जं. | 19:55 | |
| 04253 | फाफामऊ जं. | 11:15 | अयोध्या कैंट | 14:45 | माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04254 | अयोध्या कैंट | 06:15 | फाफामऊ जं. | 10:15 | |
| 04066 | दिल्ली जं. | 23:25 | फाफामऊ जं. | 14:15 | गाजियाबाद, हापुड़, गदमुक्तेश्वर, गजरौली जं., अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, शाहजहाँपुर, हरदोई, लखनऊ जं., एवं राय बरेली जं. स्टेशन |
| 02417 | सुबेदारगंज | 21:35 | दिल्ली जं. | 08:55 | फतेहपुर, गोविन्दपुरी, इटावा, टूंडला जं. एवं अलीगढ़ जं. स्टेशन |
| 04146 | दिल्ली जं. | 09:30 | सुबेदारगंज | 19:40 | अलीगढ़ जं., टूण्डला जं., इटावा जं., गोविन्दपुरी एवं फतेहपुर स्टेशन |
| 05011 | गोरखपुर जं. | 14:30 | अयोध्या कैंट | 19:35 | सहजनवा, मगहर, खलीलाबाद, बस्ती, बभनान, स्वामी नारायन छपिया, मसकनवाँ, मानकपुर जं. एवं अयोध्या धाम जं. |
| 05012 | अयोध्या कैंट | 21:50 | गोरखपुर जं. | 04:30 | अयोध्या धाम जं., मानकपुर जं., मसकनवाँ, स्वामी नारायन छपिया, बभनान, बस्ती, खलीलाबाद, मगहर एवं सहजनवा स्टेशन |
| 04117 | प्रयागराज जं. | 22:20 | अयोध्या धाम जं. | 03:30 | प्रयाग, फाफामऊ जं., माँ देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04118 | अयोध्या धाम जं. | 05:15 | प्रयागराज जं. | 10:15 | सुल्तानपुर, माँ देवी धाम प्रतापगढ़ जं., फाफामऊ जं., देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं प्रयाग स्टेशन |
| 05158 | झूँसी | 06:30 | छपरा | 14:50 | हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, वाराणसी, वाराणसी सिटी, औड़िहार जं., मऊ जं., बेलथरा रोड, सलेमपुर जं., भटनी जं., देवरिया सदर, गौरी बाजार एवं चौरी चौरा स्टेशन |
| 05130 | झूँसी | 13:30 | छपरा | 21:30 | हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, वाराणसी, वारणसी सिटी, औड़िहार जं., नन्दगंज, गाजीपुर सिटी, यूसुफपुर, करीमुद्दीनपुर, चित बड़ा गाँव, फेफना जं., बलिया, बाँसडीह रोड, सहतवार एवं सुरेमनपुर स्टेशन |
| 05161 | भटनी जं. | 09:55 | झूँसी | 16:10 | पिवकोल, सलेमपुर, लार रोड, तुरती पार, बेलथरा रोड, गोविन्दपुर दुगौली, कीडिहरापुर, चकरा रोड़, इन्दारा जं., मऊ जं., दुल्लहपुर, जखनियाँ, सादात, औड़िहार जं., वारणसी सिटी, वाराणसी, बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड एवं हंडिया खास स्टेशन |
| 05162 | झूँसी | 18:30 | भटनी जं. | 01:10 | हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, वाराणसी, वारणसी सिटी, औड़िहार जं., सादात, जखनियाँ, दुल्लहपुर, मऊ जं., इन्दारा जं., चकरा रोड़, कीडिहरापुर, गोविन्दपुर दुगौली, बेलथरा रोड, तुरती पार, लार रोड, सलेमपुर एवं पिवकोल स्टेशन |
| 05285 | जयनगर | 23:50 | झूँसी | 15:45 | मधुबनी, सकरी जं., दरभंगा जं., समस्तीपुर जं., ढ़ोली, मुजफ़्फ़रनगर, हाजीपुर, सोनपुर, दिघवाड़ा, छपरा जं., बलिया, गाजीपुर सिटी, औड़िहार जं., वाराणसी जं. एवं ज्ञानपुर रोड स्टेशन |
| 05003 | झूँसी | 07:45 | गोरखपुर जं. | 16:25 | हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, वाराणसी, वारणसी सिटी, औड़िहार जं., मऊ जं., बेलथरा रोड, सलेमपुर जं., भटनी जं., देवरिया सदर, गौरी बाजार एवं चौरी चौरा स्टेशन |

**रेल यात्रा के दौरान ज्वलनशील वस्तुएं जैसे पटाखे, पेट्रोल, मिट्टी का तेल एवं गैस सिलेंडर आदि लेकर कभी यात्रा न करें।**

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी अन्य सूचना और विस्तृत समय–सारणी की जानकारी के लिएरेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट **https://enquiry.indianrail.gov.in** अथवा **NTES App** देखें।

**उत्तर रेलवे**

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

पर हमें फॉलो करें



# प्रधान द्वारा सफाई कर्मी के पिटाई का मामला, डीएम से मिले कर्मचारी

## प्रधान के ऊपर गैंगस्टर लगा कर की जाए गिरफ्तारी: रूपेश

**जन एक्सप्रेस। गोरखपुर**




गोरखपुर जंगल कौड़िया ब्लाक में विगत दिनों प्रधान द्वारा सफाई कर्मी पर किए गए प्राण घातक हमले को लेकर आज राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद और सफाई कर्मचारी संघ का एक संयुक्त प्रतिनिधित्व मंडल रूपेश कुमार श्रीवास्तव की अगुवाई में जिलाधिकारी से मुलाकात कर आरोपी प्रधान की गिरफ्तारी और सफाई कर्मचारी विमलेश कुमार द्विवेदी को न्याय दिलाने की गुहार लगाई।

प्रतिनिधिमंडल से वार्ता के बाद जिलाधिकारी गोरखपुर में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को फोन कर आरोपी प्रधान के खिलाफ तत्काल कड़ी कार्यवाही का आदेश दिया है। जिलाधिकारी से वार्ता के क्रम में राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के अध्यक्ष रूपेश श्रीवास्तव और महामंत्री मदर मुरारी शुक्ल ने कहा कि आरोपी प्रधान के ऊपर गैंगस्टर एक्ट में कार्रवाई की जाए क्योंकि प्रधान अपना गैंग बनाकर इसी तरह सरकारी कर्मचारियों को धमकता घुड़काता है जिसका ज्वलंत उदाहरण आप श्रीमान जी के सामने है। जिलाधिकारी महोदय ने मामले को गंभीरता से लिया और आरोपी के ऊपर कड़ी से कड़ी कार्रवाई कराने का भरोसा दिया। मीडिया कर्मियों से बात करते हुए सफाई कर्मचारी संघ के अध्यक्ष रमेश भारती ने कहा कि हम जिले के मुखिया से न्याय का गुहार लगाने आए हैं और हमें उम्मीद है कि यहां से न्याय मिलेगा अगर किसी भी कारण बस पीड़ित को न्याय नहीं मिला तो सफाई कर्मचारी संघ सड़क पर उतरने का कार्य करेगा।

यहां बताते चलें कि दिनांक 27 जनवरी को मैं सफाई कर्मचारी विमलेश कुमार द्विवेदी क्रमांक 3732 अपने कार्यस्थल ग्राम- करजहवा, विकासखंड- जंगल कौड़िया में अपने ड्यूटी पर तैनात था इसी बीच किसी ने पंचायत भवन की टोटी खोल दिया जिससे पूरे पंचायत भवन में पानी भर गया उस समय मै विमलेश कुमार गांव के अंदर सफाई का कार्य कर रहे था। मै जब पंचायत भवन पर आया तो प्रधान के भाई विवेक चतुर्वेदी उन्हें गाली गुप्ता देने लगे कि तुमने टोटी बंद क्यों नहीं किया जब मैने अपनी सफाई में कहा कि मेरे रहते हुए टोटी नहीं खुली थी, मुझे इस बात की कोई जानकारी नहीं है।

इसी बात पर नाराज होकर विवेक चतुर्वेदी मुझे भद्दी भद्दी गाली देने लगे और फोन करके अपने बड़े भाई ग्राम प्रधान वरुण चतुर्वेदी को बुला लिए तथा पंचायत भवन के कमरे में मुझे बंद कर कुदाल के बेंट और बेलचा से मुझे बुरी तरह मारे पीटे मेरे शोर पर गांव के कुछ लोग आए और प्रधान के कोहराम से सफाई कर्मी को बचाएं।

इसी प्रकरण को कर लेकर आज कर्मचारियों का प्रतिनिधि मंडल जिलाधिकारी गोरखपुर से मिलकर न्याय के गुहार लगाया।

इस अवसर पर रूपेश कुमार श्रीवास्तव मदन मुरारी शुक्ल अशोक पांडेय पंडित श्याम नारायण शुक्ल अनूप कुमार सफाई कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष रमेश कुमार भारती, ब्लाक अध्यक्ष सूर्यभान सिंह ब्लाक संरक्षक संतोष कुमार यादव, मीडिया प्रभारी राजकुमार, बृजेश कुमार गौड़, अजय कुमार, इजहार अली, जितेन्द्र कुमार, राजेश कुमार, धर्मेन्द्र कुमार,पिपरौली, विनय कुमार, सम्पूर्ण नन्द, रमेश चंद्र आदि कर्मचारी उपस्थित रहे।

# वाहन चोर गिरोह के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई

**जन एक्सप्रेस। महराजगंज**

- जिला मजिस्ट्रेट के अनुमोदन के बाद ठूठीबारी कोतवाली पुलिस ने की बड़ी कार्रवाई
- वाहन चोरी और समाज विरोधी गतिविधियों में संलिप्त दो व्यक्तियो पर गैंगस्टर एक्ट की मुकदमा

जनपद के ठूठीबारी कोतवाली पुलिस ने अभिलेखो के अवलोकन से बाइक चोरी समेत कई अन्य आपराधिक वारदातो को अंजाम देने वाले दो व्यक्तियों के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई की है। बताया गया की दोनों अपराधियों का एक सुसंगठित आपराधिक गिरोह है। जो विभिन्न स्थानों और सीमावर्ती क्षेत्रों से मोटर साइकिल चोरी व अन्य आपराधिक और समाज विरोधी गतिविधियों में संलिप्तता होने के चलते लोगो में भय का माहौल है। ऐसे में जिला मजिस्ट्रेट के अनुमोदन के बाद पुलिस प्रशासन ने जितेन्द्र साहनी व कृष्णा उर्फ छोटू कुशवाहा के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है।

मिली जानकारी के मुताबिक महराजगंज जिला मजिस्ट्रेट के अनुमोदन के बाद कोतवाली प्रभारी योगेंद्र कुमार की ओर से दर्ज कराए गए मुकदमें में कहा गया की जितेन्द्र साहनी ग्राम चैनपुर थाना कोठीभार व कृष्णा उर्फ छोटू कुशवाहा ग्राम शेषपुर थाना कोठीभार के साथ संगठित होकर आर्थिक व भौतिक व दुनियाबी लाभ कमाने के लिये महराजगंज जनपद के विभिन्न स्थानों और सीमावर्ती क्षेत्रों से मोटरसाइकिल चोरी करने जैसा जघन्य अपराध कारित करते है। चोरी वाहनों को नेपाल राष्ट्र में औने पौने दामों में बेचते है। इनके द्वारा गैंग बनाकर समाज विरोधी कार्य किया जा रहा है। आपराधिक गतिविधियों मे संलिप्त रहकर आरोपित लोगों को डराने धमकाने के कार्य में भी संलिप्त हैं।

उक्त दोनों आरोपित चोरी और कई अन्य आपराधिक वारदात को अंजाम दे चुके हैं। इनकी आवांछित गतिविधियों से क्षेत्रीय लोगों में असुरक्षा का माहौल बना हुआ है। ऐसे में जिला मजिस्ट्रेट के अनुमोदन के बाद ठूठीबारी कोतवाली पुलिस ने उपरोक्त दोनों आरोपितों के खिलाफ धारा 3(1) गिरोहबंद एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम 1986 के अन्तर्गत (गैंगस्टर) एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

# परीक्षा केंद्र के 100 मीटर परिधि में लागू रहेगी धारा 144

**जन एक्सप्रेस। महराजगंज**

माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षा को नकल विहीन व सुचिता पूर्ण तरीके से सम्पन्न कराने के लिए शासन प्रशासन कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहा है। अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार ने परीक्षा केंद्र के 100 मीटर की परिधि में धारा 144 लागू किए जाने का निर्देश दिया है। वहीं एक किलोमीटर की दूरी तक कॉमर्शियल व सभी फोटोकापी की दुकानों को बंद रखने को कहा है। परिषद द्वारा लगातर परीक्षा केंद्रों व स्ट्रांग रूम की व्यवस्था व सीसीटीवी कैमरा की जानकारी ली जा रही है। मिली जानकारी के मुताबिक यूपी बोर्ड की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षा एक साथ आगामी 24 फरवरी से होने जा रही है। परीक्षा को सकुशल पूरा कराने के लिए जिले में 104 विद्यालयों को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। जिले के सभी परीक्षा केंद्रों का जोन व सेक्टर में बाटकर जोनल मजिस्ट्रेट व सेक्टर मजिस्ट्रेट की ड्यूटी लगाई जा रही है। अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार ने परीक्षा को नकल विहीन, सुचिता पूर्ण व शांतिपूर्ण ढंग से पूरा कराने के लिए दिशा निर्देश भी जारी किया है। निर्देश के मुताबित सभी परीक्षा केंद्र के 100 मीटर की परिधि पर धारा 144 लागू किया गया है। इसके अलावा परीक्षा केंद्र के एक किलोमीटर की परिधि वाली कॉमर्शियल और फोटो कॉपी की दुकानों को बंद करने का निर्देश दिया है। वही संवेदनशील परीक्षा केंद्रों पर एसटीएफ तैनात करने का निर्देश दिया है। सभी सीसीटीवी कैमरा को सक्रिय करने का भी निर्देश दिया है। जिला विद्यालय निरीक्षक प्रदीप कुमार शर्मा ने बताया कि यूपी बोर्ड की परीक्षा को नकल विहीन कराने के लिए पूरी तैयारी की जा रही है।

# बोदरवार.. डॉ अम्बेडकर की प्रतिमा खंडित प्रशासन के पहल पर मूर्ति के बनने पर शांत हुई आक्रोशित भीड़

**जन एक्सप्रेस। कुशीनगर**



बोदरवार, स्थानीय ग्राम सभा भलुही में स्थित डा0 भीमराव अंबेडकर की मूर्ति के दाहिने हाथ को बीते सोमवार की रात में किसी अराजक व्यक्ति द्वारा तोड़ दिए जाने की जानकारी मंगलवार को सुबह आम होते ही ग्रामीणों के अंदर आक्रोश उत्पन्न हो गया। ग्रामीण प्रदर्शन के साथ उग्र रूप लेते हुए धरने पर बैठने के लिए आमादा हो गए।

सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे प्रशासनिक अधिकारियों के पहल पर खंडित हुई मूर्ति के टूटे हुए दाहिने हाथ को तत्काल सीमेंट से ठीक कराए जाने के बाद आक्रोशित ग्रामीण शांत हुए।

प्राप्त समाचार के अनुसार थाना कप्तानगंज के ग्राम सभा भलुही में स्थित डा0 भीमराव अंबेडकर की मूर्ति के दाहिने हाथ को टूटने की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे नायब तहसीलदार जितेंद्र सिंह पुलिस बल के साथ थानाध्यक्ष कप्तानगंज धनवीर सिंह द्वारा उपस्थित ग्रामीणों सहित भीम आर्मी के नेताओं से बातचीत कर पहल करते हुए तत्काल सीमेंट मगवाकर मिस्त्री के माध्यम से टूटे हुए मूर्ति के दाहिने हाथ को ठीक कराने में जुट गए।

मौके पर एसडीएम कप्तानगंज विकास चंद व क्षेत्राधिकारी कसया कुंदन सिंह द्वारा भी गांव पहुंच कर मामले की जानकारी ली गई और भीम आर्मी सहित ग्रामीणों द्वारा अपने मांग को लेकर एसडीएम कप्तानगंज विकास चंद को ज्ञापन भी सौंपा गया।

दिए गए ज्ञापन में बाबा साहब के स्थल का बाउंड्रीवाल कराते हुए गेट लगाने सहित स्थल पर प्रकाश के व्यवस्था की मांग की गई है। डा0 भीमराव अंबेडकर की मूर्ति के खंडित होने की सूचना मिलते ही चौकी मंसूरगंज व बोदरवार की पुलिस के साथ चौकी इंचार्ज पंकज कुमार सिंह मौके पर सुबह से ही पहुंच कर ग्रामीणों को समझाने में लगे रहे। प्रशासनिक अधिकारियों के पहल पर खंडित मूर्ति को बनने के बाद उग्र भीड़ शांत हुई जिससे मौके पर शांति व्यवस्था बनी हुई है।

इस दौरान भीम आर्मी जिलाध्यक्ष अयोध्या भाई, ग्राम सभा अध्यक्ष विनय प्रसाद, चंद्रशेखर बौद्ध, विपिन, गिरधर प्रसाद, जितेंद्र, प्रवीण गौतम, समरेंद्र सिंह सैथवार, राजेश साहनी, द्वारिका, प्रमोद रंजन, रविंद्र, छोटेलाल भारती, बिंदू गुप्ता, अजय कन्नौजिया, हरिपाल, राधेश्याम, रामकोला विधान सभा अध्यक्ष रोहित निगम, बसपा जिलाध्यक्ष रमेश कुमार गौतम, जिला प्रभारी यशवंत कुमार प्रभारी सुदर्शन सहित आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

# डीएम की अध्यक्षता में आयोजित हुई जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक

**डीएम ने बैठक में शतप्रतिशत नियमित टीकाकरण, संस्थागत प्रसव, जननी सुरक्षा योजना भुगतान सुनिश्चित किए जाने का दिया निर्देश**

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर




बुधवार को जिला अधिकारी पवन अग्रवाल की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आयोजित की गई । जिसमें डीएम ने जनपद में संचालित स्वास्थ्य योजनाओं नियमित टीकाकरण , आशा भुगतान ,संस्थागत प्रसव , जननी सुरक्षा योजना भुगतान , आयुष्मान भारत , आभा आईडी , राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम , राष्ट्रीय कृमि मुक्ति अभियान की गहन समीक्षा की एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

बैठक में डीएम ने जनपद में आशा के रिक्त पदों पर चयन प्रक्रिया की विकास खंडवार समीक्षा की एवं धीमी रफ्तार पर नाराज़गी व्यक्त करते हुए एमओआईसी बलरामपुर एवं तुलसीपुर का वेतन रोके जाने का निर्देश दिया। इसके साथ ही उन्होंने ब्लॉक में संचालित स्वास्थ्य योजनाओं के डाटा फीडिंग सहित विभिन्न कार्य में लापरवाही पर बीपीसीएम बलरामपुर, बीपीएम रेहरा बाजार , बीपीएम उतरौला की संविदा समाप्ति का निर्देश मुख्य चिकित्सा अधिकारी को दिया।

उन्होंने कहा कि ड्यू लिस्ट बनाते हुए शतप्रतिशत नियमित टीकाकरण सुनिश्चित किया जाए , कोई भी बच्चा टीकाकरण से न छुटे , यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने शत प्रतिशत संस्थागत प्रसव सुनिश्चित किए जाने जननी सुरक्षा योजना के तहत निर्धारित समयावधि के भीतर शत प्रतिशत सहायता राशि का भुगतान सुनिश्चित किया जाने के निर्देश दिया। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत आरबीएसके टीम द्वारा रोस्टरवार सभी विद्यालयों का भ्रमण करते हुए छात्र-छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण किए जाना सुनिश्चित किए जाने का निर्देश दिया।

इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी श्री हिमांशु गुप्त, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ मुकेश रस्तोगी, समस्त सीएमएस, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी,जिला पंचायत राज अधिकारी, समस्त प्रभारी चिकित्साधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारी / कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# नामित अधिकारी ने किया निर्माणाधीन मां पाटेश्वरी विश्वविद्यालय का निरीक्षण

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर



जनपद बलरामपुर के सदर विकासखंड क्षेत्र के कोयलरा ग्रामसभा में बनाए जा रहे मां पाटेश्वरी विश्वविद्यालय का निरीक्षण बुधवार को क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी द्वारा नामित एमएलके पीजी कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर जेपी पांडेय ने किया।

जानकारी के अनुसार 29 जनवरी को क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी द्वारा नामित एमएलके पीजी कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर जेपी पांडेय ने निर्माणाधीन मां पाटेश्वरी विश्वविद्यालय का स्थलीय निरीक्षण किया। प्रोफेसर पांडे ने बताया कि उन्होंने निर्माणाधीन मां पाटेश्वरी विश्वविद्यालय परिसर में पहुंचकर बनाए जा रहे फैसिलिटी सेंटर, प्रशासनिक भवन, एकेडमिक ब्लॉक ए तथा बी के अलावा गर्ल्स हॉस्टल, ब्वायज हास्टल, टाइप 5 ब्लॉक ए व बी, सर्वेंट गैराज तथा पुलिस बूथ का निरीक्षण किया। निर्माण के लिए नोडल एजेंसी उत्तर प्रदेश निर्माण निगम के जूनियर इंजीनियर दिव्यांशु सिंह व अवधेश कुमार पाल से निर्माण स्थिति का जायजा लिया और समय से गुणवत्तापूर्ण निर्माण कराने का निर्देश दिया। इंजीनियरों ने बताया कि शासन द्वारा प्रदत्त गाइड लाइन के अनुसार निर्माण कार्य कराया जा रहा है । निर्माण कार्य पूर्ण करने के लिए निर्धारित माह दिसंबर 2025 तक के पूर्ण करने के लक्ष्य को ध्यान में रखकर कार्य कराया जा रहा है।

# डीएम व एसपी ने महाकुम्भ में जा रहे श्रद्धालुओं के लिए किए गए व्यवस्थाओं का लिया जायजा

जन एक्सप्रेस । अम्बेडकर नगर



जनपद के जिलाधिकारी अविनाश सिंह व पुलिस अधीक्षक केशव कुमार द्वारा महाकुम्भ प्रयागराज मौनी अमावस्या स्नान के दृष्टिगत जिले से गुजरने वाले श्रद्धालुओं के सुरक्षित एवं सुगम यातायात एवं आवागमन के दृष्टिगत पूर्वांचल एक्सप्रेसवे (दोस्तपुर), सेमरी महरुआ का निरीक्षण करते हुए ड्यूटी/रुट डायवर्जन में लगे अधिकारी/कर्मचारीगण एवं पुलिस के जवानों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। जिलाधिकारी ने ड्यूटी पर लगे समस्त अधिकारियों को निरंतर सतर्क रहते हुए श्रद्धालुओं को बेहतर से बेहतर व्यवस्थाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन के मंशानुसार यह सुनिश्चित किया जाए कि किसी भी श्रद्धालु को किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े।

# विश्व वेटलैंड दिवस पर आयोजित हुयी विभिन्न प्रतियोगिताएं

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर




जिला प्रशासन एंव वन विभाग के सौजन्य से विश्व वेटलैण्ड दिवस के अवसर पर विश्व वेटलैण्ड दिवस के अवसर पर बडा परेड ग्राउन्ड में आयोजित पेटिंग, फोटोग्राफी एंव फिल्म डाकूमेन्ट्री प्रतियोगिता का आयोजन बडा परेड ग्राउन्ड, में आयोजित पेटिंग, फोटोग्राफी एंव फिल्म डाकूमेन्ट्री प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उक्त प्रतियोगिता में बच्चों को वेटलैण्ड के सम्बन्ध में जागरूक करते हुए वेटलैण्ड को संरक्षित करने हेतु प्रेरित किया गया जिसमें बलरामपुर जनपद के अधिकांशतः स्कूलों के छात्र-छात्राओं द्वारा बढचढ कर हिस्सा लिया। इस प्रकार पेटिंग, फोटोग्राफी एंव फिल्म डाकूमेन्ट्री प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले 09 विजयी छात्र-छात्राओं को प्रथम, द्वितीय व तृतीय पुरुस्कार के रूप नकद पुरूस्कार व प्रशस्ति पत्र वितरित किया गया। पेटिंग प्रतियोगिता में प्रथम पुरुस्कार कु0. प्रिया गिरि, एम0डी0के0 बालिका इण्टर कालेज बलरामपुर को 5 हजार रुपए , द्वितीय पुरूस्कार कु0 दीपाली कसौधन, जे0एन0वी0 कालेज बलरामपुर 3 हजार रुपए, तृतीय पुरूस्कार मो0 वाजिद खान जीसस एण्ड मेरी स्कूल बलरामपुर को 2 हजार रुपए प्रदान किया गया। फोटोग्राफी प्रतियोगिता में प्रथम पुरुस्कार कु0. छवि, बालिका इण्टर कालेज बलरामपुर को 5 हजार रुपए ,द्वितीय पुरूस्कार कु0 सकीना, बसन्तलाल इण्टर कालेज, बलरामपुर को 3 हजार रुपए, तृतीय पुरुस्कार दिव्या चौधरी, जवाहर नवोदय विद्यालय, बलरामपुर को 2 हजार रुपए प्रदान किया गया। डॉक्यूमेंट्री फिल्म प्रतियोगिता मेंप्रथम पुरस्कार तनिष्का, जवाहर नवोदय विद्यालय, बलरामपुर को 5 हजार रुपए, द्वितीय पुरूस्कार अखिलेश, बसन्तलाल इण्टर कालेज, बलरामपुर को 3 हजार रुपए,तृतीय पुरुस्कार सूर्यान्श, फातिमा स्कूल, बलरामपुर को 2 हजार रुपए प्रदान किया गया। कार्यक्रम में विकास कुमार, पुलिस अधीक्षक, , डा0 एम0 सेम्मारन, प्रभागीय वनाधिकारी, सोहेलवा वन्य जीव प्रभाग, बलरामपुर, देवाशीष जीना, प्रशिक्षु भा0व0से0, मनोज कुमार, उप प्रभागीय वनाधिकारी तुलसीपुर, जिला विद्यालय निरीक्षक मृदुला आनन्द व आशीष वर्मा, जो0आर0एफ0 (वन विभाग) सहित अन्य शिक्षकगण तथा छात्र छात्रायें उपस्थित रहे।

# गरीब, मजदूर और किसान विरोधी है भाजपा सरकार: सुन्दर सिंह

**नेशनल भ्रष्टाचार मुक्त पार्टी के तहसील के निकट स्थित राष्ट्रीय कार्यालय पर फहराया तिरंगा**

जन एक्सप्रेस । खुर्जा

केन्द्र की भाजपा सरकार गरीब, मजदूर और किसान विरोधी है। केन्द्र कीह सरकार को न तो महंगाई की ही चिंता है और बेरोजागारी कम करने की फिक्र। यह विचार नेशनल भ्रष्टाचार मुक्त पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुन्दर सिह ने रविवार को अपने तहसील के निकट स्थित राष्ट्रीय कार्यालय पर गणतंत्र दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण के दौरान व्यक्त किए। नेशनल भ्रष्टाचार मुक्त पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुन्दर सिह ने कहा कि अच्छे दिन लाने के वायदे के साथ केन्द्र में आई नरेन्द्र मोदी की सरकार लोगों की अपेक्षाओं पर खरी नहीं उतर सकी है। ना तो अच्छे दिन ही आए हैं और न ही लोगों को महंगाई से निजात ही मिली है। इतना ही नहीं बेरोजगारी की समस्या देश के युवाओं की परेशानी का शबब बन गई है। उन्होंने कहा कि नोटबंदी से पटरी से उतरी देश की अर्थव्यवस्था की गाड़ी आज तक बेपटरी ही हैं। पार्टी के संस्थापक मो0 शमी खां ने कहा कि भाजपा सरकार के पास लोगों को बदहाली से बाहर निकालने की कोई योजना नहीं है। महंगाई ने गरीब लोगों का जीना इदुश्वार कर दिया है। जिलाध्यक्ष राजपाल सिंह ने कहा कि भाजपा शासन में गरीब और अमीर के बीच की खाई और ज्यादा बढ़ गई है। आज किसान परेशान है।उन्होंने कहा कि नोटबंदी से पटरी से उतरी देश की अर्थव्यवस्था की गाड़ी आज तक बेपटरी ही हैं।

आज किसान परेशान है।उन्होंने कहा कि नोटबंदी से पटरी से उतरी देश की अर्थव्यवस्था की गाड़ी आज तक बेपटरी ही हैं। पार्टी के संस्थापक मो0 शमी खां ने कहा कि भाजपा सरकार के पास लोगों को बदहाली से बाहर निकालने की कोई योजना नहीं है। महंगाई ने गरीब लोगों का जीना इदुश्वार कर दिया है। जिलाध्यक्ष राजपाल सिंह ने कहा कि भाजपा शासन में गरीब और अमीर के बीच की खाई और ज्यादा बढ़ गई है। आज किसान परेशान है। उसकों अपनी उपज का वाजिव मूल्य तक नहीं मिल रहर है। मजदूर को मजदूरी नहीं मिल रही है। हालात यह है कि गरीब की थाली दिनों दिन महंगी होती जा रही है। इससे पहले नेशनल भ्रष्टाचार पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुंदर सिंह, जिला अध्यक्ष राज पाल सिंह, गौतमबुध नगर के जिलाध्यक्ष जितेन्द्रानंद गिरी, संस्थापक मो. शमी खां, जिला प्रभारी कैलाश चंद गौतम ने पार्टी के राष्ट्रीय कार्यालय पर ध्वजारोहण किया इस अवसर पर रोहताश नेताजी, भुट्टू प्रधान, राम सिंह, संजीव कुमार, सलमान मलगोसा, संजीव शर्मा, लक्ष्मी नारायण शर्मा, कुलदीप शर्मा, वीरपाल शर्मा, प्रेमपाल सिंह और छत्रपाल भाटी मौजूद रहे।

## पुरानी रंजिश को लेकर घर के बाहर बैठी किशोरी के साथ मारपीट

जन एक्सप्रेस । आगरा

मंगलवार सुबह थाना फतेहाबाद क्षेत्र के गांव में पुरानी रंजिश को लेकर घर के बाहर बैठी नाबालिग किशोरी के साथ मारपीट,पिता पुत्र सहित चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज। थाना फतेहाबाद क्षेत्र के गांव निवासी पिता ने थाने में तहरीर देकर पुलिस को बताया कि मेरी 17 वर्षीय पुत्री घर के बाहर बैठी थी। खेत की पुरानी रंजिश को लेकर बृजमोहन पुत्र श्यामवीर गाली गलौज करने लगा जब मेरी पुत्री के द्वारा विरोध किया तो बृजमोहन मारपीट व गलत हरकत करने लगा तभी बृजमोहन ने आवाज देकर अपने पिता श्यामवीर व परिवार के चरन सिंह पुत्र डरेलाल, यशपाल निवासी पक्का चमरपुरा, थाना फतेहाबाद को बुला लिया और मेरी पुत्री के साथ मारपीट करते हुए छेड़छाड़ करने लगे तभी आवाज सुनकर हम मौके पर पहुंचे तो उक्त सभी लोग जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए वहीं किशोरी के पिता की तहरीर पर चारों के विरुद्ध छेड़छाड़,पोक्सो एक्ट में मुकदमा दर्ज किया गया है।

# सीएमएस गर्ल्स डिग्री कॉलेज में बालिका क्रीड़ा प्रतियोगिता आयोजित

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर



जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय स्थित मंजुलता जोशी गर्ल्स डिग्री कालेज में मंगलवार शाम को प्रथम स्वेता जोशी बालिका क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जानकारी के अनुसार 28 जनवरी को मंजुलता जोशी गर्ल्स डिग्री कालेज (बलरामपुर) के प्रांगण में प्रथम स्वेता जोशी बालिका क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में सिटी मॉन्टेसरी ग्रुप ऑफ ट्रस्ट के सभी शाखाओं बलरामपुर, तुलसीपुर, गोण्डा, बहराइच व उतरौला की बालिकाओं ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता का शुभारंभ ट्रस्ट के मैनेजर एवं प्रबंधक शाश्वत जोशी द्वारा स्वर्गीय मंजुलता जोशी के चित्र पर माल्यार्पण करके किया गया। इसके अलावा, सभी शाखाओं से आए हुए प्रधानाचार्यों ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। मुख्य अतिथि मीनाक्षी चौधरी, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी ने बालिकाओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज का दिन बहुत ही महत्वपूर्ण है, क्योंकि आज हमारी बालिकाएं अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रही हैं। मैं सभी बालिकाओं को बधाई देती हूं, जिन्होंने इस प्रतियोगिता में भाग लिया है। मैं आप सभी से कहना चाहती हूं कि आप अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए हमेशा मेहनत करें और अपने सपनों को पूरा करने के लिए कभी हार न मानें।

आप सभी के पास बहुत ही अद्भुत प्रतिभा है, जिसे आप अपने जीवन में आगे बढ़ाने के लिए उपयोग कर सकती हैं। मैं आप सभी को यह भी कहना चाहती हूं कि आप अपने शिक्षकों और माता-पिता का सम्मान करें और उनकी सलाह को मानें। वे आपके जीवन में बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। अंत में, में आप सभी को फिर से बधाई देती हूं और आपके भविष्य के लिए शुभकामनाएं देती हूं।÷

प्रतियोगिता में विभिन्न खेलों में विजेता और उपविजेता टीमों को पुरस्कार दिए गए। इनमें कबड्डी में बलरामपुर विजेता रही, जबकि गोण्डा उपविजेता रही। खो-खो जूनियर में बलरामपुर विजेता रही, जबकि बहराइच उपविजेता रही। खो-खो सीनियर में तुलसीपुर विजेता रही, जबकि बलरामपुर उपविजेता रही। वॉलीबॉल में बहराइच विजेता रही, जबकि बलरामपुर उपविजेता रही। बैटमिंटन जूनियर में बहराइच विजेता रही, जबकि बलरामपुर उपविजेता रही। बैटमिंटन सीनियर में बहराइच विजेता रही, जबकि तुलसीपुर उपविजेता रही।

इसके अलावा, प्रवृत्ति जोशी, ट्रस्टी; शाश्वत जोशी, प्रबंधक; जावेद सईद, अध्यक्ष; हसन कुरैशी, रेफरी; महताब जमील, रेफरी; वाकिब रजा, रेफरी; अर्पण पांडे, रेफरी; मदनलाल, रेफरी; अमरेंद्र वर्मा, ऋषि श्रीवास्तव, रवि जोशी; आर.पी. पांडे, प्रधानाचार्य बहराइच; ए.बी. गुप्ता, प्रधानाचार्य तुलसीपुर; धर्मेंद्र श्रीवास्तव, प्रधानाचार्य उतरौला; स्वामी प्रसाद पाठक, मुख्य निरीक्षक; के.पी. यादव, प्रधानाचार्य बलरामपुर ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

## जिला पंचायत सदस्य ने एससीएसटी का मुकदमा कराया

**आगरा।** घर लौटते समय जिला पंचायत सदस्य की कार रोककर गाली-गलौज करने और मारपीट करने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया है। वार्ड संख्या 47 के जिला पंचायत सदस्य महेश कठेरिया निवासी नगुपुरा थाना पिढोंरा ने थाना पिनाहट में तहरीर दी कि सोमवार शाम करीब पांच बजे आगरा से अपनी कार से घर वापस लौट रहा था। तभी भदरोली पुलिस चौकी के सामने अजय, भूरे सिंह एक अज्ञात ने आकर कार रोककर खड़े हो गए।


**उत्तर रेलवे**

**खुली निविदा सूचना (ई-निविदा)**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक **28.02.2025 को 15:00 बजे तक** आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुयल आफर स्वीकार नहीं किये जायेंगे। यदि कोई मैनुयल ऑफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा सूचना संख्या | 00802025 दिनांक 28.01.2025 |
| 2 | निविदा संख्या | 43-Sr.DEN-IV-LKO/2024-25 |
| 3 | कार्य का नाम | वरि. मण्डल इंजीनियर/चतुर्थ के क्षेत्राधिकार में सहायक मण्डल इंजीनियर (प्रथम) सुल्तानपुर और सहायक मण्डल इंजीनियर (द्वितीय) सुल्तानपुर के तहत ठेकेदार के PQRS पोर्टल द्वारा TSR (P) = 92.926 TKM का कार्य (एक से अधिक स्टेशनों पर बेस डिपो के साथ काम किया जा सकता है)। |
| 4 | अनुमानित लागत | रु. 22,01,22,263.38 |
| 5 | धरोहर राशि | रु. 12,50,600.00 |
| 6 | कार्य की समापन अवधि | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से 24 माह। |
| 7 | निविदा डालने का प्रारंभ | 14.02.2025 |
| 8 | निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | 28.02.2025 15:00 बजे |
| 9 | वेबसाईट | www.ireps.gov.in |

नोटः- 1. निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है। 314/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# न्युवोको विस्टास कॉर्प लिमिटेड ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश में अपना पेटेंटेड न्युवोको ड्यूरागार्ड माइक्रोफाइबर सीमेंट लॉन्च किया

जन एक्सप्रेस । आगरा




न्युवोको विस्टास कॉर्प लिमिटेड, क्षमता के हिसाब से भारत के पांचवें सबसे बड़े सीमेंट समूह ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश में अपना सबसे नया और पेटेंटेड न्युवोको ड्यूरागार्ड माइक्रोफाइबर सीमेंट लॉन्च किया है। न्युवोको ड्यूरागार्ड माइक्रोफाइबर सीमेंट, एक अगली पीढ़ी का पोर्टलैंड पॉजोलाना सीमेंट (पीपीसी) वैरिएंट है, जिसे माइक्रोफाइबर से और भी सक्षम बनाया गया है जो माइक्रो-रीइन्फोर्सिंग एजेंट के रूप में कार्य करता है। ये माइक्रोफाइबर कॉंक्रीट, मोर्टार या साफ सीमेंट मैट्रिसेस में माइक्रो-क्रैक की ग्रोथ को काफी कम करते हैं, जिससे लंबे समय तक चलने वाला कंस्ट्रक्शन सुनिश्चित होता है। उत्पाद को पेटेंटेड फाइबर रीइन्फोर्स्ड सीमेंट कंपोजिशन टेक्नोलॉजी का उपयोग करके विकसित किया गया है, जो अपनी बेहतर गुणवत्ता और ड्यूरेबिलिटी के लिए बाजार में अलग पहचान रखता है। ग्राहकों पर पूरी तरह से ध्यान केंद्रित करने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत करते हुए, न्युवोको अपने उपभोक्ताओं को बेस्ट-इन-क्लास उत्पाद देने का निरंतर प्रयास करता है। उत्तरी बाजारों में अपनी उपस्थिति को मजबूत करने और तेजी से उत्पाद पहुंच सुनिश्चित करने के लिए, न्युवोको ने अपने हरियाणा सीमेंट प्लांट में न्युवोको ड्यूरागार्ड माइक्रोफाइबर सीमेंट का उत्पादन शुरू किया है। इस प्लांट का रणनीतिक लोकेशन तेजी से डिलीवरी की अनुमति देता है, जो क्षेत्र में हाई क्वालिटी कंस्ट्रक्शन सामग्री की बढ़ती मांग को पूरा करता है।

चिराग शाह, हेड, मार्केटिंग, इनोवेशन और सेल्स एक्सीलेंस, न्युवोको विस्टास कॉर्प लिमिटेड, ने कहा कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश में न्युवोको ड्यूरागार्ड माइक्रोफाइबर सीमेंट का लॉन्च इंडस्ट्री-प्रमुख समाधान प्रदान करने के हमारे सफर में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है जो कंस्ट्रक्शन मानकों को नए सिरे से तय करता है।

हमारे हरियाणा सीमेंट प्लांट में स्थानीय उत्पादन के साथ, हमारा लक्ष्य उत्तरी क्षेत्र में अपने ग्राहकों के लिए शीघ्र उपलब्धता और निरंतर आपूर्ति सुनिश्चित करना है। हम इस इनोवेटिव उत्पाद को बाजार में लाने के लिए उत्साहित हैं, जो हमारे ग्राहकों की अनूठी जरूरतों के अनुरूप हाई क्वालिटी वाले सीमेंट समाधान प्रदान करने में न्युवोको की लीडरशिप की पुष्टि करता है।

## शेख सलीम चिश्ती के साहबजादे हजरत ताजुद्दीन उर्फ वाले मियां चिश्ती रहमतुल्ला अलैहे का सालाना उर्स 03 को

जन एक्सप्रेस । आगरा

फतेहपुर सीकरी जामा मस्जिद के पीछे स्थित दरगाह हजरत ताजुउद्दीन उर्फ वाले मियां चिश्ती रहमातुल्ला अलेह पर हर साल की तरह इस साल भी आफताब ए दीनो मिल्लत छ माह के पैदायशी वली हजरत शैख ताजुद्दीन उर्फ वाले मियां चिश्ती रहमतुल्लाह अलैहे का एक दिवसीय सालाना उर्स दिनांक 03 फरवरी दिन सोमवार को दरगाह सरकार के सज्जादा नशीन मुतबल्ली हाजी नवाब उद्दीन चिश्ती और हाजी मुकीम चिश्ती जी की सरपरस्ती में पूरी शान ओ शौकत के साथ मनाया जाएगा। इसको लेकर मजार शरीफ से जुड़े प्रबन्धन के लोगों ने उर्स की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है

उर्स की जानकारी देते हुए संयोजक दरगाह के रुहल अमीन चिश्ती ने बताया कि उर्स की शुरुआत 03 फरवरी को प्रातः दोपहर 03:00 बजे शुरू होकर 4:00 बजे संदल शरीफ के साथ चादर पोशी और गुलाब जल इत्र पेश किया जाएगा, बाद मगरिब 06:00 बजे से लंगर तकसीम किया जाएगा।बाद मगरिब 06:00 बजे से लंगर तकसीम किया जाएगा।

जिसमें दुआ का एहतमाम किया गया है इसके बाद रात 9:00 बजे से कबालियो का प्रोग्राम व महफिल शमा का आयोजन होगा। जिसमें मशहूर कव्वाल अपना कलाम पेश करेंगे। तत्पश्चात हजरत ताजुद्दीन उर्फ वाले मियां चिश्ती रहमतुल्लाह अलैहे का कुल शरीफ होगा और रंगे महफिल के साथ उर्स का समापन होगा। और साथ ही लंगर तकसीम किया जाएगा। जिसमें 4 फरवरी को सुबह कुरान खानी व फातिहा खानी के साथ समापन किया जाएगा।

# शारदा नदी के धनाराघाट पर श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी





**जन एक्सप्रेस । पूरनपुर**

शारदा नदी के धनारा घाट पर मौनी अमावस्या के पावन पर्व पर आस्था के सैलाब ने नदी में स्नान किया। प्रसाद चढ़ाने के बाद दान कर पुण्य लाभ अर्जित किया। तमाम श्रद्धालुओं ने भंडारों का आयोजन किया। मेले में लगी दुकानों पर जमकर खरीदारी की गई। सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। पूरनपुर में शारदा नदी के धनारा घाट पर प्रशासनिक अधिकारियों की ओर से श्रद्धालुओं के लिए व्यापक इंतजाम किए गए। घाट पर मंगलवार शाम से ही श्रद्धालुओं के पहुंचने का क्रम शुरू हो गया। बुधवार सुबह तक घाट पर आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। वाहनों की संख्या अधिक होने के कारण सुरक्षा व्यवस्था में लगे पुलिसकर्मियों ने ट्रैक्टर ट्रालियों को पहले पेंटून पुल के पास रोक दिया।दोपहर तक हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंच गए। भीड़ अधिक होने के कारण पुल पर जाम की स्थिति बनी रही।श्रद्धालुओं ने नदी में आस्था रूपी डुबकी लगाकर मां शारदा की पूजा अर्चना की। साधु-संतों को दान देकर पुण्य लाभ अर्जित किया। श्रद्धालुओं के लिए घाट पर प्रशासन की ओर से अस्थाई स्नान घर बनवाए गए थे। श्रद्धालुओं की ओर से भंडारों का आयोजन किया गया। जिसमें लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।मेले में लगी दुकानों पर श्रद्धालुओं ने जमकर खरीदारी की। घाट पर बसाई गई रामनगरिया आकर्षण का केंद्र रही। सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से नायब तहसीलदार, हजार इंस्पेक्टर प्रकाश सिंह के अलावा पुलिस प्रशासन और वन विभाग की टीम मौजूद रही। सिरसा के जंगल में स्थित बाबा इकहोत्तर नाथ मंदिर पर हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। श्रद्धालुओं ने गोमती नदी में स्नान किया। इसके बाद भगवान शिव को जलाभिषेक कर पूजा अर्चना की। मेले में लगी दुकानों पर महिलाओं ने जमकर खरीदारी की। विशाल भंडारों का आयोजन किया गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से पुलिस मौजूद रही।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में डिस्ट्रिक्ट कोऑपरेटिव डेवलपमेंट कमेटी की बैठक सम्पन्न

**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**



जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में जनपद में डिस्टिक कोऑपरेटिव डेवलपमेंट कमेटी की बैठक कलेक्टेउट कार्यालय कक्ष में सम्पन्न हुई। बैठक में समिति के समक्ष सहायक आयुक्त सहायक निबंधक सहकारिता ने सबसे पहले जनपद की सभी समितियों के भू राजस्व अभिलेखों में दर्ज होने संबंधी स्थिति से जिलाधिकारी को अवगत कराया, जिसमें 77 समितियां के सापेक्ष 56 समितियां राजस्व अभिलेखों में दर्ज हैं शेष 22 समितियों के लिए जिलाधिकारी ने अपर जिलाधिकारी राजस्व को जनपद के सभी उप जिलाधिकारी को पत्र लिखकर तत्काल उक्त पर कार्रवाई सुनिश्चित कराए जाने के निर्देश दिए। उक्त के पश्चात जनपद में नई गठित हो रही समितियां के संबंध में जानकारी ली गई, जिसमें सहकारिता विभाग एक नई समिति का गठन कर चुका है और एक नई समिति का गठन अगले माह हो जाएगा। इस प्रकार 78 न्याय पंचायत के सापेक्ष कुल 78 बी पैक्स जनपद में हो जाएंगी। मत्स्य विभाग द्वारा भी जनपद में दो नई समितियां का गठन किया जा चुका है। जनपद में जहानाबाद और इमलिया गंगी समिति के उपकेंद्र बनाए जाने हेतु ग्रामसभा द्वारा भूमि प्रस्तावित कर दी गई है जिस पर जिलाधिकारी के स्तर से उप जिलाधिकारी को आख्या प्रदान किए जाने हेतु लेटर लिखा जा चुका है। उप जिलाधिकारी स्तर से आख्या आते ही संबंधित समिति या सहकारिता विभाग को उक्त जमीन दे दी जाएगी जिससे वहां पर उप केंद्र का निर्माण किया जा सके। इसके अतिरिक्त दुकानों के आवंटन के लिए जिलाधिकारी ने जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देश दिए कि जनपद में जो भी ग्राम पंचायत में कोटे की दुकान रिक्त होती है अगर वहां पर सहकारी समिति है तो उस ग्राम में उत्तर प्रदेश शासन के पत्र में दिए गए निर्देशों के क्रम में सहकारी समिति को पीडीएस की दुकानों का आवंटन प्राथमिकता से किया जाए साथ ही सहकारी समितियां के बेहतर प्रभावी बनने के लिए कृभको लिए के क्षेत्रीय प्रतिनिधि को 10 समितियां के रंग रोगन एवं एक समिति को अंगीकृत किया जाने हेतु निर्देशित किया गया एवं इफको के क्षेत्र प्रतिनिधि को 20 समितियां के रंग रोगन के साथ-साथ पेंटिंग एवं पांच समितियां को अंगीकृत करके उन पर फर्नीचर आदि उपलब्ध कराए जाने के निर्देश दिए गए कायाकल्प योजना के अंतर्गत जनपद की 22 समितियां चयनित है जिसमें से जिला पंचायत राज अधिकारी को कम से कम इस माह दो समितियां को चिन्हित कर उन पर कार्य कराए जाने की अपेक्षा की गई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी राजस्व, जिला कृषि अधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी, कृभको के क्षेत्रीय प्रतिनिधि, सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता एवं अन्य समिति के सदस्यों ने प्रतिभाग किया।

# जिलाधिकारी ने मौनी अमावस्या पर महाकुंभ स्नान करने जा रहे श्रद्धालुओं को रोका



**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**

जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र के द्वारा अवगत कराया गया है कि जिला प्रशासन प्रयागराज की सूचना के अनुसार मौनी अमावस्या के अवसर पर प्रयागराज में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ है जिसके कारण अल्पसमय के लिए प्रयागराज जाने वाले वाहनों का आवागमन रोका गया है जिससे व्यवस्थाए सुचारू रूप से संचालित हो सके।

जिसके क्रम में जिलाधिकारी द्वारा श्रद्धालुओं को सुरक्षित स्नान कराने तथा सुरक्षा के दृष्टिगत श्रद्धालुओं से अभी प्रयागराज न जाने तथा संयम बरतने के साथ ही जिला प्रशासन का सहयोग करने का विनम्र अनुरोध किया गया है।

जिलाधिकारी द्वारा सुबह से ही मछलीशहर, सतहरिया इत्यादि क्षेत्रों में भ्रमणशील रहकर यातायात, सुरक्षा व्यवस्था, श्रद्धालुओं के ठहरने, शौचालय पेयजल सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया जा रहा है। उन्होंने अधिकारियों को श्रद्धालुओं के लिए रोडवेज, लोहिया पार्क सहित अन्य जगहों पर निःशुल्क ठहरने, उनके खाने-पीने की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिये है। श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की समस्या न हो इसके लिए जिला स्तरीय अधिकारीगण सुबह से ही सक्रिय होकर कार्य कर रहे है।

# मौनी अमावस्या पर ग्राम प्रधान ने श्रद्धालुओं को अविरल कराया जलपान



**जन एक्सप्रेस । पूरनपुर**

हजारा। मौनी अमावस्या मिनी महाकुंभ मेला पर्व पर शारदा नदी के धनाराघाट पर बुधवार को लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं ने शारदा नदी के पावन जल में आस्था रुपी डुबकी लगाते हुए विधि-विधान से हवन-पूजन एवं भजन कीर्तन करते हुए भंडारा आयोजित किया तो वहीं ग्राम प्रधान ने श्रद्धालुओं के लिए पूरे दिन जलपान की व्यवस्था करते हुए सभी को जलपान कराया है। मौनी अमावस्या पर शारदा नदी के धनाराघाट पर बुधवार को लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं ने शारदा नदी के पावन जल में आस्था रुपी डुबकी लगाया और शारदा नदी तट पर लगे मेला में महिला पुरुष एवं बच्चों ने चाट पकौड़ी जलेबी खेल खिलौनों का आनंद उठाया।

तो वहीं ट्रांस शारदा क्षेत्र के गांव कबीरगंज के ग्राम प्रधान इक़बाल सिंह उर्फ पाले ने अपनी टीम के साथ धनाराघाट पर बुधवार को पूरे दिन श्रद्धालुओं एवं मेलार्थियों जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों एवं कर्मचारियों को चाय काफी सहित अन्य खाद्य सामग्री का वितरण करते हुए जलपान कराया है।

# ज्ञान इंटरनेशनल स्कूल में विशेष कार्यशाला का हुआ आयोजन





**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**

शहर के प्रतिष्ठित सी.बी.एस.ई. स्कूल ज्ञान इंटरनेशनल स्कूल, टनकपुर रोड, पीलीभीत में कक्षा 11 व 12 विज्ञान वर्ग के विद्यार्थियों के लिए एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के विद्यार्थियों के साथ-साथ शहर के अन्य विद्यालयों के विद्यार्थी भी सम्मिलित हुए।

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रबंधक देवेन्द्र सिंह छाबड़ा, प्रधानाचार्या पूजा छाबड़ा एवं वैल्लूर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के प्रोफेसर डॉ. रामराज डांगी ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकगण, अभिभावक एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

देश के शीर्ष पांच इंजीनियरिंग कॉलेजों में से एक, वैल्लूर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (ङ्कढ्ढञ्ज) के प्रोफेसर डॉ. रामराज डांगी ने विद्यार्थियों को विज्ञान और इंजीनियरिंग के क्षेत्र में उज्जवल भविष्य निर्माण के लिए अनेक महत्वपूर्ण सुझाव और दिशा-निर्देश प्रदान किए। उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि किस प्रकार वे बारहवीं कक्षा के बाद विज्ञान और इंजीनियरिंग के क्षेत्र में अपना करियर बना सकते हैं।

डॉ.रामराज डांगी जी ने विभिन्न इंजीनियरिंग शाखाओं की विस्तृत जानकारी दी, जैसे कंप्यूटर साइंस, मैकेनिकल इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स, सिविल इंजीनियरिंग आदि। उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि कैसे वे अपनी रुचि के अनुसार उचित विषय का चयन करें और किस प्रकार विभिन्न प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी करें। उन्होंने जेईई (छ्वश्वश्व) और अन्य प्रमुख परीक्षाओं की तैयारी के लिए रणनीतियाँ साझा कीं और ऑनलाइन संसाधनों के उपयोग की सलाह दी। इसके अतिरिक्त, उन्होंने विद्यार्थियों को वर्तमान तकनीकी युग में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डेटा साइंस, रोबोटिक्स और साइबर सिक्योरिटी जैसे उभरते हुए क्षेत्रों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं और यदि विद्यार्थी समर्पित होकर प्रयास करें तो वे देश और विदेश में उच्च शिक्षा प्राप्त कर सकते हैं।

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों के प्रश्नों का समाधान भी किया गया। विद्यार्थियों ने अपने करियर से संबंधित अनेक जिज्ञासाएं रखीं, जिनका समाधान प्रोफेसर डॉ. रामराज डांगी जी ने विस्तारपूर्वक किया। उन्होंने विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर बनने और लक्ष्य की ओर अग्रसर होने के लिए प्रेरित किया।

विद्यालय की प्रधानाचार्य पूजा छाबड़ा ने विद्यार्थियों को इस कार्यशाला का अधिकतम लाभ उठाने की सलाह दी और उन्हें मेहनत, अनुशासन और निरंतर प्रयास की महत्ता समझाई।

कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रबंधक देवेन्द्र सिंह छाबड़ा ने सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों और अतिथियों को धन्यवाद दिया और कहा कि ज्ञान इंटरनेशनल स्कूल हमेशा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रयासरत रहेगा। उन्होंने विद्यार्थियों को मेहनत और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

## सन्नी हत्याकांड का एक और आरोपी गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस । मुजफ्फरनगर।** खतौली। गांव पलड़ी के सन्नी हत्याकांड के एक आरोपी जानसठ के गांव तालड़ा निवासी अरविंद उर्फ सौरभ को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। अभी तक हत्याकांड में पुलिस 9 आरोपियों का चालान कर चुकी है। गांव पलड़ी निवासी सन्नी परिवार के ही साथी शीलू के साथ बाइक से 31 दिसंबर 2024 को गांव जा रहा था। यह जब गांव याहियापुर, पलड़ी के बीच पहुंचे तो पीछे से आए कार सवारों ने बाइक में टक्कर मारकर दोनों को गिरा दिया। इसके बाद पीछे से आए बाइक सवार हमलावरों के साथ मिलकर डंडों से पीट-पीटकर सन्नी की हत्या कर दी थी। वहीं उसका साथी शीलू हमलावरों से जान बचाकर भाग निकला था। पुलिस ने मृतक की मां सरिता की ओर से सात लोगों को नामजद और चार अज्ञात हमलावरों के खिलाफ कई धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस ने मंगलवार को हत्याकांड के मामले में प्रकाश में आए जानसठ के गांव तालड़ा निवासी अरविंद उर्फ सौरभ को गांव गंगधाड़ी मोड़ से गिरफ्तार कर उसका चालान किया है। सीओ रामआशीष यादव ने बताया कि हत्याकांड की जांच चल रही है। जांच-पड़ताल में प्रकाश में आने पर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जाएगी सन्नी हत्याकांड में पुलिस अब तक 9 आरोपियों का चालान कर चुकी है। पुलिस ने बताया कि इस मामले में ग्राम प्रधान रमेश को 2 जनवरी, क्रिश को 3 जनवरी, अंशुल पुत्र रमेश को 6 जनवरी, अंशुल पुत्र सुखपाल को 10 जनवरी, अमन और अक्षय को 14 जनवरी, लक्की को 16 जनवरी, आयुष को 27 जनवरी को गिरफ्तार कर उनका चालान किया जा चुका है।

## खेतासराय में आधार कार्ड बनाने की मशीन खराब



**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**

**खेतासराय।** खेतासराय उप डाकघर में आधार कार्ड बनाने का काम ठप हो गया है। बुधवार को मशीन में अचानक तकनीकी खराबी हो गई। इस खराबी को दूर करने के लिए पोस्ट मास्टर एसके सिंह ने मुख्यालय के वरिष्ठ अधिकारियों को फोन से अवगत कराते हुए टेक्नीशियन भेजने के लिए कहा। तो वहां से बताया गया की मशीन ही भेजिए।

इसके बाद मशीन को मुख्यालय भेज दिया गया। इस संबंध में पोस्ट मास्टर एसके सिंह ने कहा कि आधार कार्ड बनाने की मशीन का मदरबोर्ड जल गया है।जौनपुर के डाक अधीक्षक आरके चौहान से हुई वार्ता के बाद उन्होंने बताया कि शीघ्र ही मशीन बनकर आ जाएगी।

इस संबंध में एसके सिंह ने जनता से अपील किया है कि बिचौलियों के चक्कर में न पड़े। डाकघर में मशीन बनकर आते ही कार्य शुरू हो जाएगा।

## गुरु नानक पब्लिक उच्चतर मध्यमिक विद्यालय में चाय-बिस्कुट का हुआ वितरण



**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत।** बुधवार को जनपद के गुरु नानक पब्लिक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कर्णपुर सागर के प्रधानाचार्य द्वारा शाहगंज गांव में स्थित किले पर देवी के मंदिर पर एक शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें दर्शनार्थियों के लिए चाय और बिस्कुट की व्यवस्था की गई सभी दर्शन आर्तियां को प्रातः 10.00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक चाय और बिस्कुट का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में स्कूल के समस्त छात्र-छात्राएं प्रधानाचार्य डॉ राजेंद्र प्रसाद द्विवेदी शिक्षक प्रवीण कुमार विमल कुमार अंश सक्सेना बाबूराम सुखदेव राजेश गंगवार सपना देवी पूजा देवी स्टाफ सहित विद्यालय के छात्र-छात्राओं मेनेसहयोग प्रदान किया।

# स्पा सेंटर पर छापा, आपत्तिजनक सामग्री मिली, संचालिका व तीन युवती पकड़ीं

**जन एक्सप्रेस । मुजफ्फरनगर**



सिविल लाइन थाना क्षेत्र के महावीर चौक पर पुलिस ने एक स्पा सेंटर पर छापा मारा। पुलिस टीम को देखकर एक युवक भाग निकला। मौके से सेंटर संचालिका व तीन युवतियों को हिरासत में लिया गया। आपत्तिजनक सामग्री बरामद की गई।

सीओ नई मंडी रुपाली रॉय को सूचना मिली थी कि महावीर चौक के पास एक स्पा सेंटर में गलत कार्य कराया जा रहा है। उन्होंने थाना एएचटीयू पुलिस को साथ लेकर छापा मारा। टीम मौके पर पहुंची तो एक युवक भाग निकला।

सीओ व पुलिस टीम को सेंटर पर एक संचालिका व तीन युवतियां मिली। सेंटर की जांच पड़ताल के दौरान आपत्ति जनक सामग्री बरामद हुई। इसके बाद तीनों युवतियों व संचालिका को हिरासत में ले लिया गया। सीओ ने बताया कि चारों को सिविल लाइन थाना पुलिस को सौंपा है। उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी। फरार युवक के बारे में सेंटर संचालिका ने बताया कि वह मसाज कराने आया था।

# छह माह में 42120 मीट्रिक टन कूड़ा किया जाएगा निस्तारित



**जन एक्सप्रेस । मुजफ्फरनगर**

शहर में घर और अन्य प्रतिष्ठानों से निकलने वाला कूड़ा पालिका की समस्या बन चुका है। प्रतिदिन निकलने वाले कूड़े को डंप करने का स्थान भी कम पड़ रहा है। पालिका की ओर से लंबी प्रक्रिया के बाद शहर से निकलने वाले 42120 मीट्रिक टन कूड़ा निस्तारण के लिए निविदा छोड़ी गई है, जिसको अनुमोदन के लिए बोर्ड बैठक में रखा जाएगा। शहर में वर्ष 2008-09 के दौरान सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट की स्थापना की गई थी। किदवई नगर में एटूजेड कंपनी ने कूड़े का निस्तारण कर उससे खाद बनाना शुरू किया था, लेकिन पांच वर्ष पूर्व कंपनी बंद हो गई। तब से शहर के विभिन्न घरों और प्रतिष्ठानों से निकलने वाला कूड़ा उक्त स्थान पर ही डंप किया जा रहा है, जिस कारण मौके पर कूड़े के ऊंचे-ऊंचे पहाड़ खड़े हो गए हैं। हालात यह हैं कि कूड़ा डालने के लिए अब पर्याप्त जगह भी नहीं है। वहीं शहर में 234 मीट्रिक टन कूड़ा प्रतिदिन निकल रहा है। तीन बार निविदाएं कैंसिल होने के बाद इस बार कूड़े के निस्तारण की उम्मीद बंधी है। निर्धारित किया गया था प्रति मीट्रिक टन 900 रुपये शहर में प्रतिदिन 234 मीट्रिक टन कूड़ा निस्तारण के लिए निकल रहा है, जिसके निस्तारण के लिए पालिका स्वास्थ्य विभाग ने कार्ययोजना तैयार की थी। कार्ययोजना अनुसार 234 मीट्रिक टन कूड़े का निस्तारण प्रतिदिन कराकर छह माह में 42120 मीट्रिक टन कूड़े का निस्तारण कराया जाएगा। इसके निस्तारण पर 900 रुपये प्रति मीट्रिक टन का खर्च का निर्धारण कर 3.79 करोड़ रुपये का बजट तैयार किया गया। किदवई नगर स्थित कूड़ा निस्तारण प्लांट के 42120 मीट्रिक टन फ्रेश वेस्ट प्रसंस्करण के लिए न्यूनतम दरदाता आयुषि हाईजीन एंड केयर नई दिल्ली की प्राप्त न्यूनतम दर 1.74 करोड़ की स्वीकृति चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप की ओर से दी गई है। कंपनी निर्धारित दर 900 रुपये प्रति मीट्रिक टन के सापेक्ष मात्र 414 रुपये प्रति मीट्रिक टन की दर से कूड़े का निस्तारण करेगी। प्रस्ताव को अनुमोदन के लिए 30 जनवरी की बोर्ड बैठक में रखा जाएगा।

# शराब की भट्टी में नकब लगाकर चोरों ने चोरी की घटना को दिया अंजाम




**जन एक्सप्रेस । बीसलपुर**

जनपद की तहसील बीसलपुर क्षेत्र में बनी शराब भट्टी में नकब लगाकर लगभग 9 पेटी शराब चोरों ने चोरी कर ली। सुबह जब सेल्स मैन ने शराब भट्टी को खोला तो उसमें से शराब गायब देखकर उसके होश उड़ गये। मामले की तहरीर कोतवाली पुलिस को दे दी है।

बीसलपुर शाहजहांपुर मार्ग पर गन्ना सोसायटी से लगी देशी शराब भट्टी की दुकान है। चोरों ने पास में अंडे की दुकान में नकब लगाकर शराब भट्टी की दुकान में भी नकब लगा दिया। चोरों ने लगभग 9 पेटी 36 डिग्री शराब गायत कार दी। सुबह जब सेल्स मैन पवन जायसवाल ने शराब की दुकान को खोला तो उसमें से रजिस्टर मिलान करने पर लगभग 9 पेटी शराब गायब थी। शराब गायब देखकर उसके होश उड़ गये। मामले की सूचना भट्टी मालिक मीतू जायसवाल को दी। सूचना मिलते ही मीतू जायसवाल ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दज किये जाने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरु कर दी है।

# 1997 का गैंगस्टर, 52 मुकदमें, 1 लाख का इनामी

**जन एक्सप्रेस । मुजफ्फरनगर**



न्यू मैक्स सोसायटी के मैनेजर से दो करोड़ रुपये की रंगदारी मांगने के मामले में एक लाख के इनामी माफिया सुशील मूंछ को भी आरोपी बनाया गया है। पुलिस की दो टीम मूंछ और उसके बेटे मनजीत की तलाश कर रही हैं। दूसरे बेटे अक्षयजीत को पहले ही जेल भेजा जा चुका है। मूंछ पर अब तक कुल 52 मुकदमे दर्ज हो चुके हैं।

सोसायटी के मैनेजर से दो करोड़ की रंगदारी मांगने की पुलिस जांच कर रही है। पुलिस ने मूंछ के बेटों मनजीत उर्फ टोनी व अक्षयजीत उर्फ मोनी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। आरोपी अक्षयजीत को उसके साथी अमरदीप के साथ मुठभेड़ में घायल कर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों का मंसूरपुर थाना पुलिस ने चालान कर दिया। एसपी सिटी ने बताया कि रंगदारी सुशील मूंछ के नाम पर मांगी गई थी, इसलिए पुलिस ने मुकदमे में मूंछ का नाम भी शामिल कर लिया है। पुलिस आरोपी-पिता-पुत्र की तलाश कर रही है।

### एक साल से कुख्यात को तलाश रही पुलिस

एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत का कहना है कि नई मंडी कोतवाली में वर्ष 1997 में दर्ज गैंगस्टर एक्ट के मामले में सुशील मूंछ दिसंबर 2023 से गैंगस्टर कोर्ट में हाजिर नहीं हो रहा। जिस कारण कोर्ट ने उसे भगौड़ा घोषित कर दिया था, तभी से उसे पुलिस तलाश रही है।

मेरठ जोन के एडीजी डीके ठाकुर ने उस पर एक लाख का इनाम भी घोषित किया है। फरारी के दौरान ही उसके खिलाफ कोर्ट के आदेश की अवहेलना का एक मुकदमा वर्ष 2024 में नई मंडी कोतवाली में दर्ज किया था। गांव रतनपुरी में उसकी संपत्ति भी कुछ माह पहले कुर्क की गई थी।

## ऐतिहासिक-सांस्कृतिक धरोहरें देख हर्षाए छात्र-छात्राएं

**जन एक्सप्रेस । मुजफ्फरनगर।** बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से परिषदीय विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहरों से रूबरू कराने के लिए हस्तिनापुर का भ्रमण कराया गया। एक्सपोजर विजिट के लिए बसों को बेसिक शिक्षा अधिकारी संदीप कुमार व जिला समन्वयक सुशील कुमार ने झंडी दिखाकर रवाना किया। बीएसए संदीप कुमार ने कहा कि छात्रों के जीवन में नई उमंग, शिक्षा और अनुभव का संचार करने के उद्देश्य से भ्रमण कराया गया है। जिला समन्वयक सुशील कुमार ने बताया कि शैक्षिक भ्रमण के तहत 200 बच्चों के साथ उनके विद्यालय के अध्यापक उपस्थित रहे। हस्तिनापुर पहुंचने पर सबसे पहले बच्चों ने जम्बूद्वीप का भ्रमण किया। अध्यापकों ने बच्चों के साथ नौका विहार और ऐरावत हाथी की सवारी के साथ-साथ छोटी रेलगाड़ी की यात्रा कराकर हस्तिनापुर के ऐतिहासिक महत्व को बताया। बच्चों ने पांडव किला, द्रोपदी कुंड को देखा।

## मौनी अमावस्या पर्व पर गंगा के घाटों पर श्रद्धालुओं की भीड़ ने लगाई आस्था की डुबकी

जन एक्सप्रेस । उन्नाव



**शुक्लागंज।** बुधवार को नगर के सभी गंगा घाटों पर मौनी अमावस्या के अवसर पर भारी भीड़ उमड़ी। जहा श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई और पुण्य अर्जित किया। शिव घाट और गंगा विशुनघाट के बीच दोनों पुलों के नीचे के घाटों पर भक्तों का रेला लगा रहा। श्रद्धालु तट पर बैठे पंडों को दान-दक्षिणा देते नजर आए, साथ ही भगवान सत्यनारायण की कथा का श्रवण भी किया।

श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए घाटों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। पुलिस बल तैनात रहा, जबकि पालिका की ओर से गोताखोरों की व्यवस्था भी की गई थी ताकि किसी भी अनहोनी से बचा जा सके। मौनी अमावस्या के इस पर्व पर दूर-दराज से आए श्रद्धालुओं ने गंगा में आस्था की डुबकी लगाई। सोनिक, अचलगंज, रायबरेली, बालामऊ, लखनऊ, जैतीपुर, उन्नाव और कानपुर समेत कई जगहों से लोग यहां पहुंचे। लोगों ने स्नान के बाद भगवान की पूजा-अर्चना की और कथा सुनी। स्नान के बाद श्रद्धालुओं ने दान-पुण्य किया, जिसमें अन्न, वस्त्र और दक्षिणा का दान प्रमुख रहा। मान्यता है कि मौनी अमावस्या पर गंगा स्नान और दान करने से पुण्य की प्राप्ति होती है। श्रद्धालुओं की आस्था और भक्ति के चलते घाटों का नजारा दिव्य और भव्य बना रहा।वही मौनी अमावस्या स्नान को लेकर स्टेशन और आस पास के क्षेत्र में जीआरपी अलर्ट रही और संदिग्धों की चेकिंग और पूछताछ करती रही। बता दे कि मौनी अमावस्या स्नान के अवसर पर गंगाघाट रेलवे स्टेशन पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था को चाक-चौबंद रखने के लिए जीआरपी पूरी तरह मुस्तैद रही। जीआरपी थानाध्यक्ष अरविंद कुमार पांडेय ने स्टेशन का निरीक्षण कर संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की और अपने मातहतों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

मौनी अमावस्या के पावन अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु गंगा स्नान के लिए उन्नाव पहुंचे। गंगाघाट पर स्नान के बाद श्रद्धालुओं ने रेलवे स्टेशन से अपने गंतव्य के लिए प्रस्थान किया। इस दौरान स्टेशन पर यात्रियों की भारी भीड़ रही।

सुरक्षा को देखते हुए जीआरपी ने स्टेशन पर सघन चेकिंग अभियान चलाया। जीआरपी थानाध्यक्ष अरविंद कुमार पांडेय ने स्वयं स्टेशन का निरीक्षण कर यात्रियों से बातचीत की और उनकी समस्याओं को सुना। उन्होंने बताया कि मौनी अमावस्या के स्नान को देखते हुए स्टेशन पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। संदिग्ध व्यक्तियों पर विशेष नजर रखी जा रही है। वहीं अराजक तत्वों से निपटने के लिए घाटों के चप्पेट्ठचप्पे पर गंगाघाट कोतवाली पुलिस के जवान तैनात रहे।

## दहेज लोभियों ने नववाहिता को छत से फेंका, मुकदमा दर्ज

जन एक्सप्रेस । बाराबंकी



**फतेहपुर।** कोतवाली क्षेत्र में दहेज की मांग को लेकर सुसराल पक्ष के लोगों ने विवाहिता को छत से ढकेल दिया। महिला के पिता ने पुत्री का इलाज कराने के पश्चात उसको और ले कर चले गए। महिला के घर पहुचे ससुराल पक्ष के लोगों ने मारपीट कर महिला को विदा करने से मना कर दिया। पिता की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटना कोतवाली फतेहपुर क्षेत्र के ग्राम बन्नी रोशनपुर निवासी गिरिधारी लाल ने अपनी पुत्री कोमल का विवाह 25 फरवरी 2024 को ग्राम हुबापुर थाना महमूदाबाद जनपद सीतापुर निवासी राहुल वर्मा के साथ किया था। विवाह के सात दिन बाद ही दहेज में अर्टिगा कार व दो लाख रूपये की मांग को लेकर ससुराल पक्ष के लोगो ने विवाहिता को प्रताडित करना शुरू कर दिया और उसको मारा पीटा व छत से गिरा दिया। गम्भीर रूप से घायल महिला को लखनऊ में भर्ती कराया गया है। पच्चीस दिन बाद होश में आने पर महिला ने आपबीती अपने पिता को बतायी। जिसके बाद अस्पताल से डिस्चार्ज कराने के पश्चात् महिला अपने मायके आ गयी। आरोप है कि 12 जनवरी को पति राहुल वर्मा, ससुर विमलेन्द्र, सास शोभा, देवर अंशु विवाहिता के घर पहुंचे और दहेज की मांग करते हुए गाली-गलौज व मारपीट पर अमादा हो गये। जिस पर महिला के परिवार वालों ने विरोध किया तो विपक्षी धमकी देते हुए मौके से फरार हो गये। इस सम्बन्ध में कोतवाल डी के सिंह बताया, कि विवाहिता के पिता की तहरीर पर सम्बन्धित धाराओं में ससुराल पक्ष के लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। और मामले की जांचकर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

## बैंक के लिपिक ने सुरक्षा कर्मियों से की अभद्रता

जन एक्सप्रेस । कन्नौज

**गुरसहायगंज।** गुरसहायगंज में फर्रूखाबाद रोड पर स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा के बाहर पुलिस की गाड़ी सुरक्षा की दृष्टि से खड़ी थी। उसी समय बैंक कर्मचारी अपनी चौपहिया वाहन से आया। गाड़ी को खड़ी करने के लिए हॉर्न बजाता रहा। आरोप है कि सामने खड़ी पुलिस जीप के चालक से गाड़ी हटाने को लेकर अभद्रता की। इस पर पुलिस कर्मियों का पारा चढ़ गया और बाद विवाद होने लगा। बैंक कर्मचारी की पुलिस से झड़प होती देख भीड़ लग गई। विवाद देख मौके पर पहुंचे शाखा प्रबंधक नितिन जैन ने बीच बचाव किया। उन्होंने लिपिक को खरीखोटी सुना कर सुरक्षा कर्मियों को शांत किया। इस मामले के संबंध में जब बैंक प्रबंधक से जानकारी की गई तो उन्होंने कुछ भी कहने से इनकार कर दिया। कोतवाल आलोक दुबे ने बताया पुलिस कर्मियों से तीखी नोकझोंक भी हुई।

## हरदोई-कन्नौज आवागमन बंद, महादेवी पुल की मरम्मत शुरू



जन एक्सप्रेस । कन्नौज

**मानीमऊ।** आखिरकार महादेवी घाट पर बने पुल की मरम्मत का काम शुरू कर दिया गया। एंबुलेंस को छोड़कर सभी प्रकार के वाहनों पर रोक लगा दी गई। इससे हरदोई-कन्नौज मार्ग पर आवागमन पूरी तरह ठप हो गया। उस पार जाने के लिए लोगों ने पुल के नीचे नाव का सहारा लिया। बिना सूचना पुल की मरम्मत का काम शुरू होने से यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। एनएचएआई के अधिकारियों का कहना है कि पुल को सही करने में दो से तीन दिन का समय लग सकता है।

हरदोई से कन्नौज को जोड़ने वाले महादेवी गंगाघाट पुल का निर्माण वर्ष 1989 में हुआ था। 27 दिसंबर को हरदोई की ओर से पुल के दूसरे पिलर की स्लैब में पांच सेंटीमीटर की दरार का आ गई थी। एनएचएआई के अधिशासी अभियंता अरुण कुमार, जेई राजपाल सिंह ने मौके पर जांच की। पता चला कि ओवरलोड वाहनों के निकलने से एक स्लैब के नीचे लगे स्प्रिंग रोलर बेयरिंग के खिसकने से पांच सेंटीमीटर का गैप आ गया है। एनएचएआई ने बरेली की टीम को बुलाकर काम शुरू कराया। बरेली की टीम ने जुगाड़ से स्प्रिंग को सही किया और वाहनों का आवागमन शुरू कराया गया। भारी वाहन निकलने से स्प्रिंग फिर से नीचे की ओर दब गई, तब से भारी वाहनों के प्रवेश पर पूरी तरह रोक लगा दी गई।

### इस तरह रूट डायवर्ट

- कानपुर की तरफ से आने वाले वाहन बिल्हौर से मल्लावां-बिलग्राम होकर हरदोई जाएंगे।
- दिल्ली की तरफ से आने वाले वाहन छिबरामऊ से फर्रुखाबाद होकर हरदोई जाएंगे।
- हल्के वाहन कन्नौज से कुसुमखोर पुल से सांडी होकर हरदोई जा सकते हैं।
- झांसी की तरफ से आने वाले वाहन सौरिख, छिबरामऊ, फर्रुखाबाद होकर हरदोई जाएंगे।

मंगलवार को बिना सूचना के एनएचएआई के अफसरों ने पुल की मरम्मत का काम शुरू करा दिया। इसके कारण पुल पर वाहनों के प्रवेश पर दोपहर दो बजे के बाद पूरी तरह रोक लगा दी गई। पुल के दोनों को बैरिकेडिंग करके पुलिस तैनात कर दी गई। दोपहिया, चारपहिया व भारी वाहन रोक दिए गए। एंबुलेंस में मरीज होने पर उसको निकलने दिया गया। ऐसे में लोगों को एकाएक पुल की मरम्मत काम शुरू होने से परेशानी का सामना करना पड़ा। कई लोगों की

> महादेवी पुल की मरम्मत का काम शुरू कर दिया गया है। जब तक काम चलेगा, तब तक रूट डायवर्जन रहेगा। इसके लिए पुल के दोनों ओर बैरिकेडिंग कराई गई है। 24 घंटे पुलिस कर्मी तैनात रहेंगे।
> -कमलेश कुमार, सीओ सिटी

पुल की मरम्मत काम अचानक शुरू होने से अंजान लोग बाइक से वहां पहुंचे। ऐसे में उनको बाइकों को नाव पर लादकर दूसरी ओर जाना पड़ा। नाविकों ने भी मौके का फायदा उठाकर गंगा पार करने के रेट 200 रुपये कर दिए। इसके चलते लोगों को जेब ढीली करनी पड़ी।

### 50 किलोमीटर का चक्कर लगाकर पहुंचे हरदोई

मंगलवार की दोपहर को पुल से आवागमन बंद होने पर लोगों को 50 किलोमीटर का अतिरिक्त चक्कर लगाकर हरदोई पहुंचना पड़ा। वाहन चालक बिल्हौर से बांगरमऊ होते हुए हरदोई के लिए गए। हरदोई की ओर से आने वाले लोगों को इसी रूट से आवागमन करना पड़ा।

## कन्नौज में प्रभारी चिकित्सा अधिकारी रहते हुए किया था गोलमाल

जन एक्सप्रेस । कन्नौज

शासन के निर्देश पर सीएमओ हमीरपुर के भ्रष्टाचार की जांच शुरू हो गई है। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण निदेशक ने सीएमओ कार्यालय व विनोद दीक्षित अस्पताल पहुंचकर पुराने अभिलेख खंगाले। कई दस्तावेज साथ भी ले गए हैं। आरोप है कि वर्तमान में सीएमओ हमीरपुर ने कन्नौज में प्रभारी चिकित्सा अधिकारी रहते हुए गोलमाल किया था, जिसका आरटीआई में खुलासा हुआ था।

मंगलवार को सीएमओ कार्यालय पहुंचे स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण निदेशक डॉ. भानुप्रताप सिंह कल्याणी ने विनोद दीक्षित चिकित्सालय में सभी पुराने दस्तावेज व बिल बाउचर निकलवाए। उन्होंने सीएमओ को बताया कि विनोद दीक्षित अस्तपाल में प्रभारी चिकित्सा अधिकारी रहते हुए डॉ. गीतम सिंह पर भ्रष्टाचार के कई आरोप हैं। आरटीआई एक्टिविस्ट ग्राम आकिलपुर निवासी अरविंद कुमार दुबे ने इसकी शिकायत शासन स्तर पर की थी। डॉ.गीतम सिंह 2016 से 2020 तक प्रभारी चिकित्सा अधिकारी रहे थे। अब वह हमीरपुर जिले के मुख्य चिकित्सा अधिकारी हैं। शासन ने शिकायत को गंभीरता से लेकर इसकी जांच निदेशक को सौंपी है। निदेशक ने चिकित्सा अधीक्षक डॉ. सुधांशु दुबे व डिप्टी सीएमओ डॉ. महेंद्र भान सिंह, डॉ. बृजेश शुक्ल व सीएमओ डॉ. स्वदेश गुप्ता से भी जानकारी ली। निदेशक ने बताया कि जांच अभी चल रही है। पूरी रिपोर्ट शासन को सौंपी जाएगी, जिसके आधार पर कार्रवाई तय होगी।

### इन आरोपों की हो रही जांच

- प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गांगेमऊ में 5000 रुपये की पानी की टंकी लगवाने में 8600 रुपये खर्च कर दिए।
- पानी की टंकी का ढक्कन बनाने के लिए लोहे का एक तसला 4500 रुपये में खरीदा गया।
- 5000 लीटर पानी की टंकी को लगवाने में 95000 रुपये खर्च किए गए।
- बाजार से 25000 रुपये कीमत की पानी की टंकी 80000 रुपये में खरीदी गई।
- अस्पताल में 36000 रुपये में आरओ वाटर प्लांट कागजों पर लगाया गया।

## पिकअप की टक्कर से बालक की मौत

जन एक्सप्रेस । कन्नौज

मानीमऊ। पिकअप की टक्कर से सड़क पार कर रहे बालक की दुर्घटना में मौत हो गई। परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने चालक को हिरासत में लेकर पिकअप को कब्जे में ले लिया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सदर कोतवाली की चौकी मेहंदीघाट के गांव दुर्जनापुर निवासी प्रदीप वर्मा का आठ वर्ष का पुत्र नारायण मंगलवार की सुबह लगभग नौ बजे सड़क पार कर रहा था। उसी दौरान तेजी से आ रही पिकअप ने नारायण के टक्कर मार दी। नारायण गंभीर रूप से घायल हो गया। गांव के लोगों ने दूध ले जा रही पिकअप को पकड़कर चालक को बैठा लिया। घायल बालक को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

वहां हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने बालक को कानपुर के लिए रेफर कर दिया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

## छत से फेंके गए दोस्त की मौत, हत्या की रिपोर्ट दर्ज

जन एक्सप्रेस । कन्नौज





तालग्राम। नशेबाजी में दोस्त को पीटने के बाद छत से नीचे फेंक देने के मामले में घायल दोस्त की सोमवार रात इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्जकर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

थाना क्षेत्र के गांव पलिया बूंचपुर निवासी रवींद्र जोशी ने पुलिस को बताया कि उसका भाई ट्रक चालक है। फरीदाबाद से सोमवार को ट्रक लेकर घर आया था। छिबरामऊ कोतवाली के ग्राम भाउलपुर निवासी चुन्नू गुप्ता ने दोपहर दो बजे के करीब उसके छोटे भाई किशनकांत जोशी को शराब पिलाई। पीटकर दौड़ाते हुए घर तक लाए। भाई जान बचाने के लिए छत पर चढ़ा तो पीछे से पहुंचे आरोपी ने उसे नीचे फेंक दिया। घायल किशनकांत को सौ शैय्या अस्पताल छिबरामऊ से रेफर किया गया था, जहां इलाज के दौरान उसकी फर्रुखाबाद निजी अस्पताल में मौत हो गई। किशनकांत तीन भाइयों रवींद्र और गोविंद से छोटा था। पत्नी किरन, दो बेटे मनु और ईशू हैं। थानाध्यक्ष शशिकांत कनौजिया ने बताया कि भाई की तहरीर के आधार पहले मारपीट रिपोर्ट दर्ज की गई थी, जिसे हत्या में तरमीम किया गया है। एसपी विनोद कुमार ने बताया कि आरोपी की गिरफ्तारी के लिए टीम गठित की गई है।

## बिजली का 3.68 करोड़ बिल नहीं जमा कर सकी प्राइवेट कंपनी

जन एक्सप्रेस । उन्नाव





बिजली विभाग ने बकायेदारों पर सख्ती करना शुरू कर दिया है। ऐसे ही एक मामले में प्राइवेट कंपनी पर करोड़ों का बिल बकाया होने पर शिकंजा कसा गया है। विभाग ने वसूली के लिए आरसी जारी कर दी है। साथ ही कुर्क किए गए सामान की नीलामी की तैयारी शुरू कर दी है।

औद्योगिक क्षेत्र साइट-दो में मेसर्स जय जगदंबा मेटालायस प्रा.लि. संचालित है। कंपनी ने आठ हजार केवीए का कनेक्शन ले रखा है। हालांकि, लंबे समय से कंपनी ने बकाया जमा नहीं किया है। बिजली विभाग ने कई बार नोटिस दिया, लेकिन इसके बाद भी बिल जमा नहीं किया गया। धीरे-धीरे बिल बढ़ता गया और 3,68,39,983 रुपये पर पहुंच गया। विभाग ने लंबे समय से बिल जमा न होने पर तहसील के माध्यम से वसूली की कवायद शुरू की।

सदर तहसील प्रशासन ने कंपनी द्वारा बकाया जमा न करने पर भू-राजस्व की भांति वसूली की कार्रवाई प्रारंभ की। विद्युत वितरण खंड प्रथम के एक्सईएन हेमेंद्र सिंह ने बताया कि कंपनी का बकाया करोड़ों में पहुंच गया है। कई बार जमा करने के लिए नोटिस दी गई, लेकिन कोई प्रयास नहीं किया गया। इसके बाद ही आरसी जारी की गई। अब बकाया वसूलने के लिए कंपनी में रखे सामान की नीलामी की जानी है। इसके लिए 31 जनवरी की तारीख तय की गई है। सदर नायब तहसीलदार न्यायालय में होने वाली इस नीलामी में आम लोग भी प्रतिभाग कर सकते हैं। इसमें काफी संख्या में इलेक्ट्रॉनिक, तखत, कबाड़, पांच व दो एमवीए के ट्रांसफार्मर, तार कटिंग चैन मशीन, बंडल मशीन, पंपिंग सेट इंजन, सीलिंग पंखा, 24 टिन चादर, 15 प्लास्टिक की पानी की टंकी, तीन कूलर, पांच क्रेन, पलूशन प्लांट, चार लोहा गलाने वाली भट्ठी, दो कंप्रेशर, एक धर्मकांटा सहित अन्य सामान शामिल है।

## मार्ग दुर्घटनाओं में श्रमिक सहित दो की मौत

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

**सफीपुर।** अलग-अलग मार्ग दुर्घटनाओं में श्रमिक सहित दो की मौत हो गई। पुलिस ने जांच की और शवों का पोस्टमार्टम कराया। इटावा जिले के थाना व कस्बा निवासी मो. आफाक सिद्दिकी (35) पुत्र स्व. यूनिस के चचेरे भाई कासिम का सदर कोतवाली के शेखपुर नरी में कबाड़ गोदाम है। आफाक काफी समय से उसी में काम करते थे। पास में ही किराए के कमरे में रहते थे। मंगलवार रात 9:30 बजे वह पैदल खाना खाने कमरे पर जा रहे थे। तभी कानपुर की ओर से आ रहे वाहन ने उसे कुचल दिया। चचेरे भाई जिला अस्पताल लाए, वहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। बड़े भाई आफताब ने बताया कि मृतक दो भाईयों में छोटा था। चार साल पहले शादी हुई थी। पत्नी रुकसाना के साथ दो साल का बेटा बिलाल है। बेटे की मौत से पत्नी शमशीरा सहित अन्य परिजन बेहाल हैं। कोतवाल प्रमोद कुमार मिश्र ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। सफीपुर कोतवाली के फाजिलपुर गांव निवासी रघुवीर (60) गांव के बैजनाथ (50) के साथ बुधवार सुबह बाइक से खेत गए थे। दोपहर करीब दो बजे लौटते समय सकहन-राजपूतान पावा मार्ग पर शाहाबाद गांव के पास आमने-सामने बाइकों की भिड़ंत में बाइक चला रहे बैजनाथ और पीछे बैठे रघुवीर के साथ दूसरी बाइक सवार मुस्तफाबाद गांव के लाल मोहम्मद (58) और पत्नी खलीकुन (50) घायल हो गए। सभी को सीएचसी लाया गया। डॉक्टर ने रघुवीर, बैजनाथ और खलीकुन को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में डॉक्टर ने रघुवीर को मृत घोषित कर दिया। दो बच्चों में राघवेंद्र और दिनेश हैं। राघवेंद्र दिल्ली में नौकरी करता है। तीन बेटी उमा, माया और सीमा हैं। पति की मौत से पत्नी कलावती और अन्य परिजन बेहाल हैं। कोतवाल श्याम नारायण सिंह ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। घायलों का इलाज चल रहा है।

## रोडवेज बस की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत



जन एक्सप्रेस । उन्नाव

हरदोई-उन्नाव मार्ग पर किशोरीखेड़ा के पास हरदोई डिपो की बस की टक्कर से युवक की मौत हो गई। वह बीमार पिता की दवा लेकर घर जा रहा था। हादसे के बाद चालक बस छोड़कर भाग गया। बाइक सवार हेलमेट नहीं लगाए था।

सदर कोतवाली के अब्बासपुर निवासी अंकित यादव (25) पुत्र मोहन नासिक में प्राइवेट नौकरी करता था। बुधवार सुबह वह ट्रेन से घर आया। दोपहर दो बजे तक रुकने के बाद बीमार पिता की दवाई लेने बाइक से शहर आया था। लौटते समय उन्नाव-हरदोई मार्ग पर किशोरीखेड़ा के पास सफीपुर की ओर जा रही हरदोई डिपो की रोडवेज की पीछे से टक्कर लगने से उसकी मौके पर मौत हो गई।

मृतक के महेंद्र यादव ने बताया कि आठ महीने पहले रुचि से उसका विवाह हुआ था। बेटे की मौत से मां गोमती और अन्य परिजन बेहाल हैं। वह दो भाइयों में बड़ा था। कोतवाल प्रमोद कुमार मिश्र ने बताया कि रोडवेज की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हुई है। शव पोस्टमार्टम हाउस में रखवाया गया है।

## टेनरी के अपर डिवीजन के गोदाम में लगी आग, एक करोड़ का नुकसान

जन एक्सप्रेस । उन्नाव



**अचलगंज।** बंथर के औद्योगिक क्षेत्र स्थित मॉडल टेनरी के अपर डिवीजन के गोदाम में मंगलवार देर रात संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई।

धुआं और आग की लपटें देख तैनात सुरक्षा कर्मियों ने फायर ब्रिगेड और पुलिस को बताने के साथ मालिक को सूचना दी। उन्नाव और कानपुर से आठ गाड़ियों ने आग बुझाने का प्रयास किया। नौ घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। करीब डेढ़ करोड़ के नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है।

मॉडल टेनरी में जूतों के अपर बनाने का काम किया जाता है, बने हुए अपर को रखने के लिए गोदाम बना हुआ है। फैक्टरी प्रबंधक नौशाद अहमद ने बताया कि मंगलवार रात 12 बजे रात की शिफ्ट चल रही थी, रात में गोदाम में अचानक से आग लग गई। फैक्टरी में काम कर रहे श्रमिकों में भगदड़ मच गई।

बदरका चौकी इंचार्ज लक्ष्मी नारायण द्विवेदी मौके पर पहुंचे। उन्होंने श्रमिकों को एक जगह एकत्र किया और फायर ब्रिगेड को सूचना दी। एक घंटे बाद उन्नाव से अग्निशमन विभाग की तीन और कानपुर से पांच गाड़ियां पहुंची और आग बुझाने का का प्रयास किया। रात 12 बजे लगी आग को सुबह नौ बजे तक पूरी तरह बुझाया जा सका। आग से अपर के साथ चमड़े के जूते और अन्य सामग्री जल गई। उन्होंने बताया कि भवन के साथ उपकरण भी क्षतिग्रस्त हुए हैं। बताया कि अभी तक केवल एक करोड़ के नुकसान की आशंका है। थानाध्यक्ष राजेश्वर त्रिपाठी ने बताया कि आग लगने का सही कारण पता नहीं चला है। जांच चल रही है।

## शहरवासियों के सामने शुद्ध पेयजल की किल्लत

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

नगर पालिका और जल निगम की अनदेखी का खामियाजा शहरवासियों को भुगतना पड़ रहा है। पानी की शुद्धता बनाए रखने के लिए पालिका हर साल पानी की टंकियों (ओवरहेड टैंक) की सफाई पर करीब तीन लाख रुपये खर्च करती है। टंकियों पर लिखी सफाई की तारीख, सफाई को कागजी साबित करने के लिए काफी है। वहीं, 265 करोड़ की अमृत पेयजल योजना छह साल बाद भी साकार नहीं हो पाई। इससे शहर की साढ़े तीन लाख आबादी शुद्ध पेयजल का इंतजार कर रही है।

नगर पालिका की पेयजल व्यवस्था दशकों पुराने संसाधनों पर निर्भर है। शहर में आपूर्ति होने वाले पानी की शुद्धता सुनिश्चित करने के लिए नगर पालिका, साल में दो बार टंकियों की सफाई का दावा करता है। ब्लीचिंग पाउडर, लेवर चार्ज व अन्य मदों में औसतन तीन लाख रुपये खर्च होते हैं। हकीकत यह है कि कई साल से टंकियों की सफाई नहीं हुई। किसी में सफाई की नई तारीख लिखकर काम चलाया जा रहा है तो किसी में बिना तारीख लिखे ही सफाई का दावा किया जा रहा है।

नगर पालिका क्षेत्र में नौ ओवरहेड टैंक और 20 ट्यूबवेलों की सफाई की जिम्मेदारी जलकल विभाग की है, लेकिन सफाई न होने से काई और जंग युक्त पानी लोगों के घर पहुंचता है। मौहारीबाग ट्यूबवेल की टंकी पर सफाई की तारीख 30 जुलाई 2024 लिखी है। आवास विकास-ए ब्लॉक की टंकी में सफाई की तारीख 16 मई 2020 दर्ज है। पन्नालाल पार्क स्थित टंकी में रिसाव होने से बंद है और पानी को सीधे पंप के जरिये सप्लाई किया जा रहा है। यही हाल किला मोहल्ला की टंकी का है। अन्य टंकियों की टंकियों की सफाई नहीं हुई है।

उन्नाव। छह साल से निर्माणाधीन अमृत (अटल मिशन ऑफ रेजुवेनेशन एंड अर्बन ट्रांसफॉर्मेशन) योजना भी शहरवासियों को अब तक शुद्ध पेयजल नहीं दे पाई। जल निगम का दावा है कि सभी 12 जोन में पाइप लाइन, टंकी, भूमिग टैंक, पंप, घरेलू कनेक्शन आदि का काम पूरा हो गया है। अब टेस्टिंग का काम चल रहा है और सामने आ रही कमियों को दूर किया जा रहा है।

हालांकि, शहर के हर घर में शुद्ध पेयजल पहुंचाने के लिए केंद्र सरकार की ओर से वर्ष 2018 में शुरू की गई इस योजना पर 264 करोड़ रुपये खर्च हो रहे हैं। जल निगम ने पहले चरण में शहर के 30,298 घरों में पानी पहुंचाने का लक्ष्य तय किया है, लेकिन छह साल में 11 बार समय सीमा बढ़ाने के बाद भी काम पूरा नहीं हो सका। अब दावा किया जा रहा है कि फरवरी तक टेस्टिंग और ट्रायल पूरा करने के बाद मार्च 2025 में इसे नगर पालिका को हैंडओवर कर दिया जाएगा।

## ओवरटेक करने को लेकर कार और डंपर चालक में विवाद, हाईवे पर जाम

जन एक्सप्रेस । उन्नाव





सोनिक। हाईवे पर बशीरतगंज के पास डंपर और कार चालक में ओवरटेक करने को लेकर विवाद हो गया। इससे पीछे आ रहे वाहनों की लाइन लग गई। जाम लगा देख कार्यदायी संस्था के पदाधिकारियों ने समझाकर शांत कराने का प्रयास किया, तब तक तीन किलोमीटर लंबा जाम लग गया। यातायात सामान्य होने में दो घंटे का समय लग गया।

मेरठ से प्रयागराज तक निर्माणाधीन गंगा एक्सप्रेसवे के कारण कानपुर-लखनऊ हाईवे पर बशीरतगंज से सोनिक मोड़ तक 200 मीटर का रूट डायवर्ट किया गया है। दोनों तरफ के वाहन एक लेन से गुजारे जा रहे हैं। बुधवार दोपहर 12 बजे लखनऊ से कानपुर की ओर जा रहे डंपर और कार चालक में ओवरटेक करने को लेकर विवाद हो गया। दोनों वाहन चालकों ने बीच सड़क पर वाहन खड़ा कर विवाद करने लगे। यह देख कार्यदायी संस्था के कर्मचारी पहुंचे और समझाने का प्रयास किया। तब तक वाहनों की लंबी कतारें लग गईं।

